22 मई, 2025
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 211



यू ट्यूबर ज्योति के चैट ने किये कई नये खुलासे

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यों ?..............इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

## टीएसी की बैठक में सीएनटी की जमीन बिक्री पर हुई चर्चा

# थानों की बाध्यता होगी खत्म सरकार लेगी कानूनी सलाह

- संशोधन के बाद ही पेसा नियमावली का गठन
- मेसा का प्रस्ताव फिलहाल स्थगित कर दिया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को जनजातीय परामर्शदातृ परिषद (टीएसी) की बैठक हुई। बैठक में सीएनटी-एसपीटी जमीन विक्री, मेसा प्रस्ताव, शिड्यूल एरिया में शराब दुकान खोलने समेत कई अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में सीएनटी-एसपीटी जमीन विक्री में थानों की बाध्यता खत्म करने पर सहमति बनी। सरकार इस मुद्दे पर कानूनी सलाह लेगी। वहीं, मेसा का प्रस्ताव स्थगित करने का फैसला लिया गया। बैठक में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री-सह-उपाध्यक्ष टीएसी चमरा लिंडा, विधायक-सह-सदस्य टीएसी स्टीफन मरांडी, लुईस मरांडी, सोनाराम सिंकू, दशरथ गागराई, राजेश कच्छप, नमन विक्सल कोनगाड़ी, जिगा सुसारन होरो, संजीव सरदार, आलोक कुमार सोरेन, सुदीप गुड़िया, जगत मांझी, राम सूर्या मुंडा, रामचन्द्र सिंह तथा टीएसी के मनोनीत सदस्य नारायण उरांव एवं जोसाई मार्डी उपस्थित थे।

**इचा बांध के निर्माण कार्य को पुनर्बहाल करने पर हुई चर्चा:** सुवर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजनान्तर्गत पश्चिमी सिंहभूम जिला में खरकई नदी में प्रस्तावित ईचा बाँध के निर्माण कार्य को पुनर्बहाल करने पर चर्चा हुई। झारखण्ड जनजातीय परामर्शदातृ समिति के गहन विचार-विमर्श के उपरांत ईचा खरकई बाँध से हो रहे विस्थापित जनजाति समुदाय सहित अन्य व्यक्तियों पर पड़ने वाले प्रभाव के संबंध में प्रभावित ग्रामों की वर्तमान स्थिति का भौतिक सत्यापन करते हुए फोटो, वीडियो के साथ एक जांच प्रतिवेदन तैयार कर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से प्रस्तुत किए जाने हेतु सहमति बनी। उक्त प्रतिवेदन के आलोक में आगे की कार्यवाही पर निर्णय लिया जायेगा।

(शेष पेज 05 पर)




### सीएनटी पर आयोग का होगा गठन

छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 के अंतर्गत थाना क्षेत्र की परिभाषा में स्पष्टता लाने हेतु प्रस्ताव पर बिंदुवार चर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा 1938 के निर्धारित थाना क्षेत्र के आधार पर छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम के कार्यान्वयन हेतु विभाग एक प्रस्ताव तैयार कर उपस्थापित करे एवं उपरोक्त के संबंध में एक आयोग गठन करने के संबंध में सहमति बनी। उक्त गठित आयोग 6 महीने के भीतर सभी पहलुओं का अध्ययन करते हुए एक प्रतिवेदन समिति को समर्पित करेगी।



टीएसी की बैठक में कई अहम विषयों पर चर्चा हुई है। सीएनटी एक्ट में थाना की बाध्यता समाप्त करने पर चर्चा हुई है। इसके अलावा कैसे आदिवासी समाज का विकास हो सके। राज्य में आदिवासियों के हितों के लिए कैसे बेहतर काम किया जा सके। आदिवासियों का कैसे समग्र विकास हो। भाषा, संस्कृति और सभ्यता कैसे संरक्षित हो सके। समेत कई मुद्दों पर सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे। इन सभी चीजों पर विभाग को दस्तावेज तैयार करने के लिए कहा गया है। दस्तावेज तैयार होने के बाद इसे आगे बढ़ाया जायेगा।
-हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री

## कोलकाता के आसमान में दिखे रहस्यमयी ड्रोन

# 'रेड जोन' में मंडरा रहा था ड्रोन, जासूसी की आशंका

सुरक्षा एजेंसियां सतर्क, जांच में जुटी सेना और पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** कोलकाता में सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय विजय दुर्ग (पूर्व नाम फोर्ट विलियम) व इससे सटे विक्टोरिया मेमोरियल, मैदान व हेस्टिंग्स क्षेत्र के उपर सोमवार देर रात ड्रोन जैसी कई रहस्यमय वस्तुएं मंडराती हुई देखी गयीं। जिसके बाद पुलिस ने जासूसी की आशंका सहित सभी पहलुओं की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। हालांकि अभी तक इस रहस्यमय ड्रोन के स्रोत का पता नहीं चला है। चूंकि फोर्ट विलियम एक सैन्य क्षेत्र है, इसलिए इसे 'रेड जोन' के रूप में चिह्नित किया गया है। वहां ड्रोन जैसे उपकरणों के उड़ान पर सख्त प्रतिबंध है। यही कारण है कि ड्रोन को लेकर रहस्य और भी गहरा गया है। बताया जा रहा है कि ये ड्रोन महेशतला और बेहला की तरफ से आये थे। गौरतलब है कि भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव के समय देश के सभी राज्यों को ड्रोन खतरों को लेकर सतर्क किया गया था। कोलकाता के आसमान में ड्रोन देखे जाने की खबर के बाद सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं।

अधिकारी ने बताया कि हेस्टिंग्स थाने के कर्मियों ने सबसे पहले ड्रोन जैसी दिखने वाली इन उड़ती हुई वस्तुओं को देखा। ये ड्रोन जैसी वस्तुएं कोलकाता से सटे दक्षिण 24 परगना जिले के बेहला व महेशतला की दिशा से उड़ती देखी गयीं। ये वस्तुएं हेस्टिंग्स क्षेत्र, सेकंड हुगली ब्रिज (विद्यासागर सेतु) और पूर्वी कमान मुख्यालय के ऊपर मंडराती दिखीं। उन्होंने बताया कि ड्रोन जैसी वस्तुएं गायब होने से पहले महानगर के पूर्वी हिस्से में पार्क सर्कस क्षेत्र के ऊपर भी देखी गयीं। ड्रोन जैसी संदिग्ध वस्तुएं देखे जाने के तुरंत बाद कोलकाता पुलिस के मुख्यालय लालबाजार स्थित नियंत्रण कक्ष को सूचित किया गया। इसके बाद आसपास के सभी पुलिस स्टेशनों को तुरंत हाइ अलर्ट कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि कोलकाता पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और जासूसी विभाग ने पहले ही जांच शुरू कर दी है।



### केंद्र ने राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात करीब 9.45 से 10.30 बजे के बीच कम से कम 8-10 ऐसी संदिग्ध वस्तुएं उड़ती हुई देखी गईं। यह क्षेत्र पूर्वी सेना कमान के नो-फ्लाई जोन में आता है। राज्य प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्र ने भी इस घटना पर राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। इस बीच बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी अधिकारियों से सतर्क रहने को कहा है।

### घटना की सत्यता की पुष्टि के प्रयास जारी

वहीं, इस संबंध में कोलकाता में रक्षा मंत्रालय के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) विंग कमांडर हिमांशु तिवारी ने कहा कि ड्रोन देखे जाने की खबरें मिली हैं और फिलहाल इसकी जांच की जा रही है। इस घटना की सत्यता का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। तथ्यों के सामने आने पर आगे की जानकारी साझा की जाएगी। उन्होंने एक संक्षिप्त बयान जारी कर मीडिया से इस मामले में किसी भी अटकलों से दूर रहने की अपील की।

## न्यूज रील्स


### ऑपरेशन सिंदूर डेलिगेशन विदेश रवाना

नयी दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर का मकसद और पाकिस्तान का असल चेहरा दुनिया को बताने के लिए देश के 59 सांसदों को 33 देश भेजा जा रहा है। 59 सांसद 7 सर्वदलीय टीमों (डेलिगेशन) में बंटे हैं। बुधवार को दो डेलिगेशन रवाना होंगे, जिनमें कुल 17 सांसद हैं। जदयू सांसद संजय झा की अगुआई वाला पहला डेलिगेशन विदेश रवाना हो गया है, जबकि शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व वाला डेलिगेशन देर रात रवाना होगा। 7 टीमों के साथ 8 पूर्व राजनयिक भी रहेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने मंगलवार को सांसदों को इस पहल के बारे में ब्रीफिंग दी। सूत्रों के मुताबिक, इसमें ऑपरेशन सिंदूर का बैकग्राउंड और डिप्लोमैटिक एवं सैन्य कार्रवाई के पांच बड़े संदेश इन 33 देशों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

### सोनिया-राहुल के खिलाफ केस बनता है : इडी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी से जुड़े नेशनल हेराल्ड मनी लाड्रिंग मामले में बुधवार को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में चौथी सुनवाई हुई। प्रवर्तन निदेशलाय (इडी) ने कोर्ट को बताया कि पहली नजर में सोनिया और राहुल के खिलाफ केस बनता है। दोनों ने अपराध की आय से 142 करोड़ रुपये कमाये हैं। इडी की तरफ से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि आरोपी तब तक अपराध की आय का आनंद ले रहे थे जब तक कि इडी एजेंसी ने नवंबर 2023 में नेशनल हेराल्ड से जुड़ी 751.9 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त नहीं कर ली। इडी की तरफ से दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि इस मामले में 2 से 8 जुलाई तक रोजाना सुनवाई होगी। नेशनल हेराल्ड केस 2012 से चल रहा है, जब भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने सोनिया, राहुल और उनकी सहयोगी कंपनियों से जुड़े लोगों के खिलाफ शिकायत की थी।

# छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ में 27 नक्सलियों का एनकाउंटर



1.5 करोड़ का इनामी नक्सली ढेर, शव और हथियार बरामद, एक जवान शहीद

आजाद सिपाही संवाददाता

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ के जंगल में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी 27 शव और हथियार बरामद कर लिये गये हैं। मारे गये नक्सलियों में 1.5 करोड़ का इनामी बसव राजू भी शामिल है। वहीं फायरिंग में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) का एक जवान शहीद हो गया है। दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर जिले की सरहद पर मुठभेड़ चल रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के बोटेर में नक्सलियों का पोलित ब्यूरो सदस्य और नक्सल संगठन का महासचिव बसवा राजू मौजूद है। इसी आधार पर फोर्स को रवाना किया गया था। अबूझमाड़ के बोटेर पहुंचते ही जवानों पर नक्सलियों ने फायरिंग कर दी। सुरक्षाबलों के इस ऑपरेशन को प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने बड़ी कामयाबी बताया है। बताते चलें कि पुलिस ने सात दिन पहले ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर करेगुंट्टा ऑपरेशन की जानकारी दी थी। छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर स्थित करेगुंट्टा के पहाड़ों पर सुरक्षाबलों ने 24 दिनों तक चले ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को मार गिराया था। इनमें 16 महिला और 15 पुरुष नक्सली शामिल हैं।

**नक्सल नेता बसव राजू ढेर:** इस नक्सल एनकाउंटर में नक्सलियों के बड़े नेता नांबला केशव राव उर्फ बसव राजू ढेर हुआ है। उस पर 1.5 करोड़ रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने बसव के मारे जाने की पुष्टि की है। पुलिस ने बताया कि लनारायणपुर के ओरछा के बोटेर इलाके में मुठभेड़ हुई। जहां जवानों ने नक्सली नेता को मार गिराया।

**नक्सलियों के खिलाफ अभियान अभी भी जारी:** पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि नक्सलियों के माड़ डिवीजन के बड़े कैडर की सूचना पर डीआरजी दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर और कोंडागांव की फोर्स अबूझमाड़ में ऑपरेशन चला रही है।

### अमित शाह ने ट्वीट कर दी बधाई



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। नारायणपुर एनकाउंटर में 27 नक्सलियों को ढेर करने पर अमित शाह ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर खुशी जतायी। उन्होंने लिखा कि नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि। आज, छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में, हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, जिनमें सीपीआइ-माओवादी के महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजू भी शामिल हैं। नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि हमारे बलों ने एक महासचिव स्तर के नेता को मार गिराया है। मैं इस बड़ी सफलता के लिए हमारे बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करता हूं।


# आइएएस विनय चौबे ने गिरफ्तारी के खिलाफ आपत्ति याचिका दाखिल की

100 करोड़ के घोटाले में एसीबी की कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड शराब घोटाला मामले में मंगलवार को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आइएएस विनय चौबे को गिरफ्तार किया किया था। 38 करोड़ के शराब घोटाला मामले में तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे और उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह की गिरफ्तारी हुई थी। विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को बुधवार को एसीबी की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। जज ने दोनों को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उधर, विनय चौबे की गिरफ्तारी के बाद उनके अधिवक्ता देवेश अजमानी ने बिना आधार बताये उनके मुवक्किल को गिरफ्तार करने पर आपत्ति याचिका दाखिल की है।

**गिरफ्तारी का आधार नहीं बताया गया:** झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता देवेश आजमानी ने बताया कि विनय चौबे को पूछताछ के बाद बिना गिरफ्तारी का आधार बताये हिरासत में लिया गया है। इस संबंध में आपत्ति याचिका दाखिल की गयी है, जिसमें बताया गया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा कानून के स्थापित सिद्धांतों के अनुसार हमें गिरफ्तारी का आधार नहीं बताया गया। यह भी नहीं बताया गया कि विनय चौबे को किस आरोप में गिरफ्तार किया जा रहा है।



### 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेजे गये

अधिवक्ता देवेश अजमानी ने बताया कि विनय चौबे के अशोक नगर स्थित आवास पर मंगलवार सुबह एसीबी की टीम पहुंची, जहां से एसीबी विनय चौबे को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गयी। एसीबी मुख्यालय में विनय चौबे से पूछताछ की गयी और करीब 3 बजे मेडिकल टीम को बुलाया गया। इसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया और बाद में हिरासत में ले लिया गया।

### शराब घोटाला: दो अफसर समेत तीन हिरासत में

रांची (आजाद सिपाही)। 38 करोड़ रुपये के शराब घोटाला मामले में झारखंड एसीबी की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। एसीबी की टीम ने बुधवार को पूर्व जीएम ऑपरेशन सुधीर कुमार और उत्पाद विभाग के जीएम फाइनेंस सुधीर कुमार दास को हिरासत में लिया है। सुधीर कुमार वर्तमान में रियाडा में पदस्थापित हैं। इससे पहले वह उत्पाद विभाग में पदस्थापित थे। इनके अलावा विजन हॉस्पिटैलिटी के स्थानीय कर्मी नीरज कुमार सिंह को भी हिरासत में लिया गया है। बुधवार को शराब घोटाला में आगे की जांच के लिए एसीबी की टीम उत्पाद भवन पहुंची। एसीबी की टीम के उत्पाद भवन पहुंचते ही वहां के कई अधिकारी और कर्मचारी अपनी-अपनी कुर्सी छोड़ कर कहीं चले गये।

### झारखंड में दिल्ली से बड़ा शराब घोटाला हुआ है : बाबूलाल




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में दिल्ली से बड़ा शराब घोटाला होने की आशंका जताते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसकी जांच सीबीआइ से कराने की मांग की है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को प्रेस कांफ्रेस में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में शराब घोटाले को लेकर हमने 2022 में कई बार मुख्यमंत्री हमेंत सोरेन को पत्र लिखा था। यदि उस समय मुख्यमंत्री संज्ञान लिये होते तो ऐसा नहीं होता। राज्य में शराब घोटाला हुआ नहीं है बल्कि सुनियोजित रूप से करवाया गया है। इसलिए केंद्रीय एजेंसी की जांच से बचाने के लिए सरकार ने एसीबी का सहारा लिया है। इसकी जांच यदि केंद्रीय जांच एजेंसी से करायी जाये तो कई बड़े लोग इसकी जद में आ जायेंगे। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला से झारखंड का लिंक होने की बात कहते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जैसे ही सितंबर 2024 में सीबीआइ-इडी ने इसकी जांच शुरू की और झारखंड के तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे को पूछताछ के लिए बुलाया गया, राज्य सरकार ने इससे बचने के लिए एसीबी का सहारा लिया। उन्होंने कहा कि एसीबी ने प्रारंभिक जांच शुरू कर इसे ढकने की कोशिश की और आनन-फानन में 20 मई को कांड दर्ज कर एक घंटे के भीतर पूछताछ के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बाबूलाल ने सरकार की भूमिका पर सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री को इस मामले में राज्य की जनता को बताना चाहिए कि आखिर 19 अप्रैल 2022 को मेरे द्वारा लिखे गये पत्र पर उनके द्वारा क्या कार्रवाई की गयी। उन्होंने वर्तमान डीजीपी अनुराग गुप्ता की भूमिका पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि एक मामले में इडी के गवाह बने दो सीओ को एसीबी द्वारा कांड दर्ज कर उन्हें इडी का गवाह नहीं बनने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। डीजीपी पद पर अनुराग गुप्ता को क्यों अवैध रूप से रखा गया है, वह इसी से पता चलता है।

# पीएम आज झारखंड समेत देश को देंगे 103 नये अमृत स्टेशन

राज्य के गोविंदपुर रोड, शंकरपुर और राजमहल स्टेशन का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे नरेंद्र मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को राजस्थान के बीकानेर में देश को एक और बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। पीएम 100 से ज्यादा आधुनिक अमृत स्टेशन, कई रेल लाइनों का विद्युतीकरण और नयी एक्सप्रेस ट्रेन की शुरूआत करेंगे। प्रधानमंत्री झारखंड के तीन नये स्टेशन गोविंदपुर रोड, शंकरपुर और राजमहल का ऑनलाइन उद्घाटन भी करेंगे। इसके अलावा मोदी बीकानेर जिले के पलाना में एक भव्य जनसभा को संबोधित करेंगे और 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई अहम परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पण करेंगे। पीएम मोदी का यह दौरा रेलवे के अलावा सड़क, ऊर्जा, जल और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे अहम क्षेत्रों में बड़े बदलाव लाने वाला है। पीआइबी के मुताबिक, सुबह करीब 10:30 बजे प्रधानमंत्री करणी माता मंदिर, देशनोक में दर्शन करेंगे। इसके बाद 11 बजे वे अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नवनिर्मित देशनोक रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे और बीकानेर से मुंबई के लिए एक नयी एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे।



### 86 जिलों में 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन

रेलवे क्षेत्र में पीएम मोदी पूरे देश के 86 जिलों में फैले 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे, जो 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित हैं। इन स्टेशनों को 1100 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से तैयार किया गया है। हर स्टेशन की वास्तुकला स्थानीय संस्कृति से प्रेरित है ।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Admission Open 2025-26
Approved by BCI
LL.B. (3 Years) | B.A. LL.B. (Honours) (5 Years) | B.B.A. LL.B. (Honours) (5 Years)
Special Fetures -
Traditional and e-Library | Highly Qualified Faculty | Legal Research Cell | Separate Hostels for Boys & Girls | 23-Year of Academic Excellence | Practical court craft & moot court | 100 + Acre Green Campus
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
BCA | MCA | BBA | MBA
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY) Regular & Lateral
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE Regular & Lateral
Others Job Oriented Courses
MERIT BASED SCHOLARSHIP UP TO 30% ON TUITION FEE
B.D.S | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM
B.Sc. (Medical) | B.Sc. (MLT) | M.Sc. (MLT)
B.Ed. | D.El.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical)
PARAMEDICAL | B.A. | B.Sc. | B.Com. | M.A.
M.Sc. | M.Com. | B.Sc. (Agriculture) | B.Pharm
D.Pharm | B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc. | ITI
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
For More Details Visit : bdsu.ac.in email : bdsugarhwa@gmail.com






# बदल रहा है शशि थरूर और पी चिदंबरम का मिजाज!

## ■ दोनों नेताओं को साध कर दक्षिण के दुर्ग को साध सकती है भाजपा

## ■ इस मौके का लाभ उठाने से पीछे नहीं हटेंगे भाजपा के रणनीतिकार

**आजाद सिपाही विशेष**

'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान शांत पड़ी राजनीतिक गतिविधियां एक बार फिर जोर पकड़ने लगी हैं। इसका पहला संकेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम द्वारा लिखे गये एक लेख के बाद मिला। चिदंबरम और शशि थरूर के स्टैंड से कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी हो रही हैं, जबकि भाजपा के लिए बड़ा सियासी मौका नजदीक आता दिखाई दे रहा है। चिदंबरम ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ में एक लेख लिखा और अब इंडिया ब्लॉक को 'खराब और बिखरा' हुआ बताया है, जबकि भाजपा को संगठित सशक्त राजनीतिक दल बताकर कांग्रेस के लिए उलझन पेश कर दी है। दरअसल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में शुमार चिदंबरम और थरूर अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाते हैं। दोनों ही नेताओं ने पहलगाम आतंकी घटना से निपटने को लेकर पार्टी लाइन से बाहर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की। वहीं वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद और मृत्युंजय सिंह यादव की पुस्तक 'कंटेस्टिंग डेमोक्रेटिक डेफिसिट' के विमोचन कार्यक्रम में चिदंबरम ने कहा कि यह निश्चित नहीं है कि इंडिया ब्लॉक अब भी पूरी तरह एकजुट है या नहीं। यह बिखरता हुआ दिखाई देता है। गठबंधन का भविष्य उज्ज्वल नहीं दिखता। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता है कि गठबंधन अब भी बरकरार है। चिदंबरम ने सरकार की सात मई की सैन्य कार्रवाई को वैध और लक्ष्य केंद्रित बताते हुए सराहना की। उन्होंने सरकार की पारदर्शिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि मीडिया ब्रीफिंग में महिला सैन्य अधिकारियों को सामने लाना एक स्मार्ट मूव था। उधर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा था कि पीएम मोदी ने पाकिस्तान के साथ तनाव को बहुत कुशलता के साथ संभाला है। पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर अपने पहले सार्वजनिक संबोधन के जरिये पड़ोसी देश को एक सीधा और स्पष्ट संदेश दिया है। कांग्रेस के इन दो कद्दावर नेताओं के बयानों से साफ है कि उनका मन-मिजाज बदल रहा है। ये दोनों कांग्रेस से दूर जाते दिखाई दे रहे हैं और यदि ऐसा होता है, तो यह भाजपा के लिए बड़ा अवसर हो सकता है। क्या है चिदंबरम और थरूर के बदलते मिजाज का मतलब और क्या होगा इसका राजनीतिक असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा भले ही अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने में असमंजस के दौर से गुजर रही हो, लेकिन भारत के प्रति उसके समर्पण का ही यह तकाजा है कि अब वह अजेय पार्टी बनने जा रही है, खासकर आम चुनाव 2029 में। और यदि ऐसा हुआ, तो फिर भाजपा को हराना भारतीय विपक्षी पार्टियों और उनके तथाकथित इंडिया गठबंधन के लिए बेहद मुश्किल हो जायेगा। यह बात कोई और नहीं, दिग्गज कांग्रेस रणनीतिकार रहे पी चिदंबरम ने कहा है। इसलिए सियासी हल्के में यह सवाल उठाया जा रहा है कि क्या एक और कांग्रेस दिग्गज भी एक अन्य कांग्रेस दिग्गज शशि थरूर की राह पर चल रहे हैं, जो पहले से ही कांग्रेस लाइन से बे-लाइन चल रहे थे, क्योंकि उनके बयानों से तो यही जाहिर होता है कि वे कांग्रेस के वरिष्ठ राजनेता नहीं, बल्कि भाजपा के वरिष्ठ राजनेता हैं। ऐसा इसलिए कि अब चिदंबरम ने भी कुछ शशि थरूर जैसे ही बयान देने शुरू कर दिये हैं।

ऐसे में सवाल है कि कांग्रेस नेताओं के लिए यह महज संयोग है या फिर वैचारिक भूलभुलैय्या वाला कोई अभिनव प्रयोग। समझा जाता है कि सत्ता जाने के बाद बड़े नेताओं द्वारा इधर-उधर गुंजाइश तलाशना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन जब गांधी परिवार के विश्वासपात्र नेता ही ऐसा करने लगें, तो राहुल-प्रियंका गांधी का चिंतित होना स्वाभाविक है, जबकि वे दोनों बेफिक्र लग रहे हैं और इन बड़बोले नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई भी नहीं कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस में हो रहे पीढ़ी परिवर्तन से ये नेता अनफिट घोषित किये जा चुके हैं। इसलिए वे अपने-अपने बयानों से भाजपा को पटाने में जुटे हैं।

राजनीतिक विश्लेषक भी मानते हैं कि थरूर की सहानुभूति से केरल भाजपा और चिदंबरम की दरियादिली से तमिलनाडु भाजपा को आशातीत बढ़त मिल सकती है, क्योंकि कांग्रेस के जो वफादार पुराने प्रहरी हैं, उनमें से चिदंबरम-थरूर का नाम राजनीतिक हलकों में बड़ी ही साफगोई पूर्वक लिया जाता है। इसके एक नहीं, बल्कि सैकड़ों वजहें हैं। आखिर तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जमाने से ही चिदंबरम कांग्रेस का झंडा मजबूती से पकड़े हुए हैं। हालांकि कई बार उनके बयानों में भी कांग्रेस को कड़वी सच्चाई का सामना करना पड़ जाता है। वह भी बिलकुल वैसे ही कुछ करते हुए दिखाई दे जाते हैं, जैसे शशि थरूर करते रहते हैं। हालांकि कांग्रेस के कुछ अन्य नेताओं की फितरत भी यही रहती है, लेकिन वे उतने बड़े और प्रभावी नहीं हैं, जितने कि ये दोनों।

### थरूर की राह पर चिदंबरम

अब ताजा मामला ही देखा जाये कि चिदंबरम ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के मसले पर भारत सरकार की पहले ही तारीफ की थी और अब इंडिया गठबंधन को भी आइना दिखाते हुए खरी-खोटी सुना दी है। इसके अपने सियासी मायने हैं, जिन्हें भुनाने में भाजपा कतई पीछे नहीं रहेगी। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा सांसद चिदंबरम सलमान खुर्शीद और मृत्युंजय सिंह यादव की किताब 'कंटेस्टिंग डेमोक्रेटिक डेफिसिट' के विमोचन अवसर पर बोल रहे थे। इस किताब में सलमान खुर्शीद और मृत्युंजय यादव ने पिछले साल के लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस के पुनरुद्धार के प्रयासों पर प्रकाश डाला है। उन्होंने बताया है कि कैसे कांग्रेस ने 'भारत जोड़ो यात्रा' और विपक्षी दलों के साथ मिलकर इंडिया ब्लॉक का गठन किया, जिससे भारत में लोकतंत्र को बचाने की कोशिश की गयी। किताब में कहा गया है कि इंडिया ब्लॉक से जुड़े कुछ मुद्दे हैं, जिनका समाधान किया जाना चाहिए।





### क्या कहा चिदंबरम ने

कार्यक्रम में चिदंबरम ने भी इंडिया गठबंधन को आइना दिखा दिया और साफ-साफ कह दिया कि ऐसा नहीं लगता कि इंडिया गठबंधन अब भी पूरी तरह से एकजुट है। यह लगभग बिखरता हुआ दिखाई देता है और इसका भविष्य उज्ज्वल नहीं दिखता। उन्होंने यहां तक कह दिया कि इंडिया ब्लॉक का भविष्य उतना उज्ज्वल नहीं है, जैसा कि मृत्युंजय यादव ने कहा। उन्हें लगता है कि गठबंधन अभी भी बरकरार है, लेकिन मुझे यकीन नहीं है। इसका उत्तर केवल सलमान खुर्शीद ही दे सकते हैं, क्योंकि वे इंडिया ब्लॉक के लिए वार्ता करने वाली टीम का हिस्सा थे। ऐसे में अगर गठबंधन पूरी तरह बरकरार रहता है, तो मुझे बहुत खुशी होगी। लेकिन आये दिन उजागर होने वाली कमजोरियों से पता चलता है कि गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं है। हालांकि उन्होंने यह भी उम्मीद जतायी कि गठबंधन अभी भी बच सकता है। अभी भी समय है। वहीं, चतुर सियासी खिलाड़ी रहे चिदंबरम ने आखिरी में यह उम्मीद भी जता दी कि इंडिया गठबंधन को अब भी जोड़ा जा सकता है। अगर समय रहते इस पार काम हुआ, तो कुछ हो सकता है। समझा जा रहा है कि यह राहुल गांधी की नेतृत्व क्षमता पर तो सवाल है ही, कांग्रेस के सहयोगी दलों के नेताओं की निष्ठा पर उससे भी बड़ा सवाल पैदा कर जाता है। इसलिए यह शब्द सुनकर शायद ही कांग्रेस आलाकमान और इस गठबंधन में मौजूद पार्टियों को अच्छा लगेगा।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' की तारीफ

इससे पहले भी चिदंबरम ने एक अंग्रेजी दैनिक में अपने एक लेख में पीएम मोदी के नेतृत्व को सराहा और कहा कि सरकार ने सीमित सैन्य कार्रवाई का रास्ता चुनकर एक बड़ा युद्ध टाल दिया। भारत ने जो कार्रवाई की, वो बेहद सीमित और सुनियोजित थी, जिसका उद्देश्य आतंकी संगठनों की बुनियादी ढांचे को नष्ट करना था। वहीं उन्होंने इस कार्रवाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समझदारी भरा कदम बताया है।

### कांग्रेस आलाकमान सकते में

यही वजह है कि उनके इस परिवर्तित दृष्टिकोण ने कांग्रेस आलाकमान को सकते में डाल दिया है। कहने का तात्पर्य यह कि चिदंबरम ने महज एक सप्ताह के अंदर दूसरी बार कांग्रेस की कोर टीम को अपने बयानों से बेचैन कर दिया है। लिहाजा राजनीतिक जानकार उनके बयान को बड़ी ही करीबी से देख रहे हैं, क्योंकि इससे पहले कांग्रेस के बड़े नेताओं में शशि थरूर ऐसा करते हुए पाये गये हैं, जो लंबे समय से पीएम मोदी के अंदाज के मुरीद रहे हैं। इसलिए अब देखना यह होगा कि चिदंबरम के बयानों के मायने क्या निकलकर आते हैं! हालांकि फिलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी क्योंकि चिदंबरम कई बार अपने बयानों से चौंकाते रहे हैं। इस बार भी उन्होंने ऐसा ही किया है। ऐसा करके वो शायद अपने बेटे के लिए कोई बड़ी जिम्मेदारी चाहते हों। तमिलनाडु भाजपा को अभी ऐसे ही नेताओं के नेटवर्क की जरूरत भी है, ताकि दक्षिण भारत में भाजपा की पैर जमे।

### भाजपा को दुर्जेय मशीनरी बताया

वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम का भाजपा को लेकर यह कहना कि विपक्षी गठबंधन एक दुर्जेय मशीनरी के खिलाफ लड़ रहा है। उन्होंने भाजपा को लेकर भी विपक्षी गठबंधन को चेतावनी दी और साफगोई पूर्वक कहा कि विपक्षी गठबंधन एक दुर्जेय मशीनरी के खिलाफ लड़ रहा है, जिसे सभी मोर्चों पर लड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मेरे अनुभव और इतिहास के मेरे अध्ययन में, भाजपा जितनी मजबूत संगठित कोई राजनीतिक पार्टी नहीं रही है। यह सिर्फ एक पार्टी नहीं, बल्कि एक मशीनरी की तरह है, और इस मशीन के पीछे एक और मशीन है, जो चुनाव आयोग से लेकर देश के सबसे निचले पुलिस स्टेशन तक को नियंत्रित करती है और कभी-कभी उन पर कब्जा करने में सक्षम है। यह एक दुर्जेय मशीनरी है।'

केंद्रीय मंत्री चिदंबरम ने कहा कि चुनाव परिणामों ने दिखाया है कि कोई भी भारत में चुनावों को कमजोर नहीं कर सकता, जो अभी भी एक चुनावी लोकतंत्र है। आप भारत में चुनावों में हस्तक्षेप कर सकते हैं। आप उनमें छेड़छाड़ कर सकते हैं, लेकिन आप चुनावों से बच नहीं सकते। आप ऐसे चुनाव नहीं कर सकते, जहां सत्ताधारी पार्टी 98 फीसदी वोट ले जाये। भारत में ऐसा संभव नहीं है। इसलिए कांग्रेस नेता चिदंबरम ने चेताया कि अगर 2029 का आम चुनाव भाजपा के पक्ष में निर्णायक रूप से चला गया, तो फिर शायद लोकतंत्र को बचाना बहुत मुश्किल हो जोगा। इसलिए 2029 के चुनाव महत्वपूर्ण हैं और हमें पूर्ण लोकतंत्र में वापस लाना चाहिए।

### भाजपा के लिए बड़ा मौका

भाजपा के लिए यह बड़ा मौका है कि अब विपक्षी नेता ही उसकी रणनीति को सराह रहे हैं। ऐसे में पार्टी की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। अब तो उसके नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन से ही पता चलेगा कि आत्ममुग्ध भाजपा का भविष्य का दांव-प्रतिदाव कैसा और कितना सार्थक होगा। शायद इसलिए कद्दावर कांग्रेसी नेता पी चिदंबरम और शशि थरूर की परिवर्तित सियासी निष्ठा से भाजपा के अजेय होने की चर्चा जोर पकड़ चुकी है। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता से उसकी जनसाख भी बढ़ी है। मिशन 2029 में वह अभी से जुट गयी है, जबकि बिहार विधानसभा चुनाव 2025, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 और उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से यह स्पष्ट हो जायेगा कि कथित इंडिया गठबंधन भाजपा नीत एनडीए को टक्कर दे पायेगा या नहीं।

---


## यू ट्यूबर ज्योति के चैट ने किये कई नये खुलासे

# आइएसआइ एजेंट को लिखा: पाकिस्तान में मेरी शादी करवा दो

**यूट्यूबर पठानकोट गयी थी लेकिन वीडियो नहीं बनाया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हिसार/चंडीगढ़।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के शक में पकड़ी गयी हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के अधिकारी से एक और वॉट्सएप चैट सामने आया है। हसन अली, ज्योति से कहता है, ओ यार, मेरे दिल से दुआ निकलती है हमेशा कि आप खुश रहो। आप हमेशा हंसते-खेलते रहो, जीवन में कभी कोई गम नहीं आयेगा। इस पर ज्योति ने हसन को हंसी वाले इमोजी के साथ कहा कि मेरी शादी पाकिस्तान में करवा दो।



वहीं, ज्योति एक साल पहले पठानकोट गयी थी। हालांकि उसने वहां ट्रैवलिंग से जुड़ा कोई वीडियो नहीं बनाया था, लेकिन फेसबुक पर शेयर की गयी। फोटो और एक छोटी सी क्लिप से उसके वहां जाने का खुलासा हो गया। जिसके बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) और इंटेलिजेंस ब्यूरो (आइबी) की टीम उसे पठानकोट लेकर गयी। एनआइए ने उसकी पठानकोट यात्रा को संदिग्ध माना है। कयास है कि वह यहां आर्मी कैंट और एयरबेस की रेकी के मकसद से आयी थी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान आर्मी ने पठानकोट में आर्मी कैंट और एयरबेस को टारगेट करने की कोशिश की थी। यहां 2016 में भी हमला हो चुका है।

**ज्योति के ट्रैवल वीडियो में एक खास पैटर्न:** चंडीगढ़ में ज्योति की जांच के दौरान एनआइए की टीम को उसके ट्रैवल वीडियो में खास किस्म का पैटर्न दिखा है। उसके यूट्यूब चैनल 'ट्रैवल विद जो' पर ज्यादातर वीडियो धार्मिक टूरिज्म के हैं। हालांकि इन वीडियो में धार्मिक स्थलों की जानकारी की बजाय उसने ज्यादा फोकस वहां की सिक्योरिटी को लेकर किया है। खासकर बॉर्डर एरिया के वीडियो में यह ज्यादा देखने को मिला। इसके बाद एनआइए और आइबी की टीमें उसकी पाकिस्तान, चीन, इंडोनेशिया, दुबई, थाईलैंड, नेपाल

**ज्योति ने स्वर्ण मंदिर का वीडियो लोकेशन भेजा था**

**अकाउंट में दुबई से ट्रांजैक्शन मिली:** फोरेंसिक जांच में ज्योति के मोबाइल से सेना से जुड़ी चीजें मिली हैं। साथ ही बैंक अकाउंट में दुबई से ट्रांजैक्शन भी पाया गया। जम्मू-कश्मीर के एक यूट्यूबर को भी वहां की पुलिस चंडीगढ़ लेकर आयी। उसे भी ज्योति के सामने बैठाकर पूछताछ की गयी।

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की चैटिंग डिलीट की:** यह भी सामने आया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद उसने पाकिस्तानी दूतावास के अधिकारी दानिश से चैटिंग की थी। उसमें सायरन बजने के अलावा प्रशासन के लोगों को भेजे गये ब्लैकआउट मैसेज को भी दानिश से शेयर किया, मगर इसके बाद वह चैट डिलीट कर दी गयी।

**गोल्डन टेंपल और टूरिस्ट स्पॉट के वीडियो भेजे:** यह भी पता चला है कि ज्योति ने गोल्डन टेंपल और कश्मीर के टूरिस्ट स्पॉट के वीडियो लोकेशन के साथ वॉट्सएप, स्नैप चेट और टेलीग्राम जैसे एन्क्रिप्टेड माध्यमों के जरिये पाकिस्तानी एजेंटों को भेजे थे।

और भूटान विजिट के वीडियो की भी गहनता से जांच में जुट गयी है।

**बांग्लादेश जाने की तैयारी में थी ज्योति:** ज्योति की जांच के दौरान उसके बड़े जासूसी रैकेट मॉड्यूल से जुड़े होने का इनपुट मिला है। दरअसल, वह जल्द बांग्लादेश जाना चाहती थी। उसने वीजा के लिए आवेदन की कॉपी भी तैयार कर ली थी, लेकिन खास बात यह है कि उसने अपना अस्थाई पता बांग्लादेश की राजधानी ढाका के उत्तर एरिया दर्ज किया था। खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ज्योति वहां बांग्लादेशी ऑपरेटिव से जुड़ने के लिए जा रही थी।

---

## पाकिस्तान में सिंध के गृहमंत्री का घर जलाया

**सिंधु नदी का पानी डायवर्ट करने की योजना के खिलाफ प्रदर्शन, भड़की हिंसा**

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया। प्रदर्शनकारियों ने घर की सुरक्षा में तैनात गार्ड्स को भी पीटा। रिपोर्ट के मुताबिक सिंध के नौशेहरो फिरोज जिले में मंगलवार को पुलिस और एक राष्ट्रवादी संगठन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गयी थी। इसमें कम से कम दो लोगों की मौत हो गयी। इसके अलावा दोनों तरफ के कई लोग भी घायल हो गये। पाकिस्तान सरकार की योजना सिंध नदी पर नहर बनाने की है। इससे स्थानीय लोग नाराज हैं। उनका कहना है कि सरकार उनकी जमीन और पानी छीन रही है। जब प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना देने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इससे तनाव बढ़ गया। नाराज होकर लोगों ने सिंध के गृह मंत्री के घर हमला कर दिया था। प्रदर्शनकारियों ने कुछ ट्रकों को लूट लिया और उनमें से कुछ को आग लगा दी। इनसे जुड़ी बातें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायर हो रही हैं।



**चोलिस्तान में पानी ले जाना चाहती है सरकार**

पाकिस्तानी वेबसाइट जियो टीवी के मुताबिक सरकार की योजना सिंध नदी पर नहरें बनाकर चोलिस्तान में हजारों एकड़ बंजर जमीन पर खेती करने की है। इसकी लागत करीब 211 अरब रुपये है। हालांकि बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी इसके खिलाफ है। उनका कहना है कि सिंध को इससे नुकसान होगा और उनका पानी छीन लिया जायेगा। कुछ हफ्ते पहले एक समिति (काउंसिल ऑफ कॉमन इंटरेस्ट) ने भी इस प्रोजेक्ट को खारिज कर दिया था। उनका कहना था कि जब तक सभी राज्यों (प्रांतों) की आपसी सहमति नहीं होगी, तब तक कोई नयी नहर नहीं बनेगी। इसके बावजूद, सिंध में विरोध प्रदर्शन जारी है।

# विकसित भारत के अमृत स्टेशन



देश भर में

## पुनर्विकसित 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन

जिसमें शामिल हैं

## झारखंड के 3 अमृत स्टेशन




राजमहल



शंकर पुर



गोविन्दपुर रोड

### लाभ

- सिटी सेंटर के रूप में विकास - रूफ प्लाजा, शॉपिंग जोन, विश्राम कक्ष, विशाल परिसंचारी क्षेत्र आदि जैसी सुविधाएं
- विरासत भी विकास भी -स्थानीय वास्तुकला से प्रेरित स्टेशन भवन
- अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, बेहतर पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, लाउंज, प्रतीक्षालय, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं
- मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से ये स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र
- स्टेशनों के डिज़ाइन में ऊर्जा दक्षता और हरित उपायों को प्राथमिकता, जिससे न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

के कर कमलों द्वारा

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

**22 मई, 2025 | प्रातः 10:30 बजे**

गरिमामयी उपस्थिति

**संतोष कुमार गंगवार**
राज्यपाल , झारखंड

**हेमंत सोरेन**
मुख्यमंत्री , झारखंड

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**अर्जुन राम मेघवाल**
केंद्रीय विधि एवं न्याय (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री

भारतीय रेल

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को लाइव देखें

www.indianrailways.gov.in

हमें फॉलो करें /RailMinIndia

## ठेला पलटने से बच्चे की मौत

**बरही (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग रोड़ में बाराटांड़ के समीप सर्विस रोड पर मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हुई। एक ठेला दुकानदार अपना ठेला लेकर अपने 14 वर्षीय पुत्र के साथ बरही चौक पर दुकान लगाने निकला था, किंतु नियति को शायद कुछ और ही मंजूर था वह अपना ठेला लेकर घर से कुछ ही दूर निकला था कि स्टील का बना भारी भरकम ठेला अचानक असंतुलित होकर करवट लेते हुए उसके पुत्र पर ही गिर गया। जिसमें उस बालक की मौत हो गयी। बताया जाता है कि मृतक 14 वर्षीय बालक प्रियांशु कुमार चौपारण महुदी के मूल निवासी गणेश केशरी का इकलौता पुत्र था। ठेला दुकानदार गणेश केशरी करीब 15 साल से बरही में समोसा, चाट नाश्ता वगैरह का ठेला पर स्टाल लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते आ रहे हैं। हजारीबाग रोड युवराज होटल के बगल में भाड़े की मकान में काफी सालों से सपरिवार रहते आ रहे हैं। गणेश केशरी का पुत्र प्रियांशु कुमार (मृतक) काफी होनहार बालक था, जो पढ़ाई के साथ साथ खाली समय में अपने पिता के कार्य में भी मदद करता था। मृतक प्रियांशु कुमार भामाशाह विद्यालय में सातवीं कक्षा का काफी मेधावी व होनहार छात्र था। लोगों ने बताया कि ठेला पलटने के बाद उक्त बालक ठेले के ही नीचे दब गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद उसके माता - पिता और दोनों बहनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना के बाद उनके घर पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों की भीड़ जुट गयी। जहां सभी की आंखें नम थी।

## भाजपा नेताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** पहलगाम आतंकी जवाब भारतीय सेवा द्वारा चलाये गये हैं ऑपरेशन सिंदूर में मिली सफलता को लेकर बुधवार को शाम 4:00 बजे केरेडारी के भाजपा कार्यकर्ताओं ने देश के सैनिको के सम्मान में तिरंगा शोभायात्रा निकाला गया। यह शोभा यात्रा केरेडारी चौक से लेकर केरेडारी बेल चौक होते हुए बंगला बाजार टांड तक संपन्न किया गयो यात्रा के दौरान सभी लोगों ने हाथों में तिरंगा लिए जमकर नारे लगाए भारत माता की जय। साथ में देशभक्ति का भी नारे लगाये और केरेडारी मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि कर्मचारी साव और आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा ने कहा कि हमारे सैनिक बल दुनिया में सबसे मजबूत है उन्होंने साबित कर दिया। कोई भी भारत में दुश्मन आंख दिखाएगा तो हम घर में घुसकर जवाब देंगे व आज हम अपने घर में सुरक्षित रहे। यह राष्ट्रीय स्वाभिमान और देशभक्ति का प्रतीक है। इस शोभायात्रा के माध्यम से सीधा संदेश देना चाहते हैं कि अगर पाकिस्तान भारत में छूने की कोशिश की तो उसे हाथ काट कर फेंक दिये जायेंगे। यात्रा के दौरान पाकिस्तान की सरकार मुदार्बाद, पाकिस्तान की सैनिकों मुर्दाबाद, पाकिस्तान की सैनिकों होश में आओ, भारत माता की जय, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, राजनाथ सिंह जिंदाबाद का नारा गूंजता रहा। मौके पर केरेडारी मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि कर्मचारी साव, भाजपा महामंत्री नरेश महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष बाल गोविंद सोनी, महेंद्र सिंह, पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष उपेंद्र सिंह, भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष नारायण यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष प्रयाग महतो, आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा, सचिव मोहन कुमार, कंचन यादव, भाजपा अनुसूचित जनजाति मंडल अध्यक्ष बहादुर राम, चरित्र कुमार महतो, आशेश्वर यादव सहित कई लोग शामिल हुए।

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में तीन बंद छात्रावास बहुत जल्द होंगे शुरू



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में अवस्थित तीनों बंद छात्रावास बहुत जल्द होंगे प्रारंभ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर चंद्र भूषण शर्मा इस संबंध में योजनाबद्ध तरीके से कार्य प्रारंभ कर दिये है। पहले चरण में उन्होंने उच्च अधिकारियों और विश्वविद्यालय अभियंता के द्वारा सभी छात्रावासों का भौतिक निरीक्षण करवाया। उच्च अधिकारियों से परामर्श उपरांत दूसरे चरण में दोनों महिला छात्रावास परिसरों की साफ सफाई युद्ध स्तर पर करने का निर्देश दे दिया गया है। महिला छात्रावास भवन के बाहर का परिसर और दोनों भवन के अंदर की साफ सफाई के लिए सिर्फ दो दिनों का समय मुकर्रर हुआ है। विश्वविद्यालय में कार्यरत एजेंसी को कहा गया है की परिसर में कार्यरत सभी माली और सफाई कर्मचारियों को अपने अपने पदस्थापित केंद्र के कार्य के अतिरिक्त इस कार्य में लगा दे। बुधवार को एजेंसी के एरिया ऑफिसर मनोज कुमार झा और दोनों सुपरवाइजर विकास कुमार हरी और मुन्ना यादव स्वयं उपस्थित होकर दोनों महिला छात्रावास की साफ-सफाई का कार्य को निर्देशित कर रहे थे। दोनों छात्रावास लगभग दो वर्ष से अधिक समय से बंद और उपेक्षित पड़े हुए हैं। दोनों के परिसर में चारों तरफ झाड़ी और लंबे-लंबे जंगली घास हो गये हैं। विश्वविद्यालय प्रबंधन का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक जून-जुलाई में नये नामांकन के समय से छात्रावास की सुविधा फिर से उपलब्ध करायी जाये। ज्ञात हो की पूर्व कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव के कार्यकाल में छात्र सरोजिनी नायडू खाली करवा कर बंद कर दिया गया। अन्य छात्रावास तो कभी प्रारंभ नहीं हुए। विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने कई बार पूर्व महिला कुलपति सुमन कैथरीन किसपोट्टा से छात्रावास चालू करवाने का आग्रह किया। परंतु ऐसा हो ना सका। हाल में डॉ विकास कुमार के डीएसडब्ल्यू बनने के उपरांत सभी छात्रावास प्रारंभ करने की दिशा में ठोस पहल किया जा रहे थे। छात्रावास का बंद रहना विश्वविद्यालय को नैक मूल्यांकन में कम अंक मिलने के पीछे का एक प्रमुख कारण बना।

## पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के अंगरक्षक ने लहराया तमंचा



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना से केरेडारी प्रखंड के लबनिया मोड़ से रोजाना सैकड़ों हाइवा कोयले की ढुलाई होती है। चूंकि वर्तमान सड़क आम जनता के आवागमन के लिए बनी सड़क है इसी वजह से कम्पनी के द्वारा जोरदाग से सत्ती चौरा शमशान घाट तक करीब 2.2 किलोमीटर पक्की सड़क कोयला ढुलाई के लिए बनाया गया है जो करीब एक वर्ष से बनकर तैयार भी है लेकिन कंपनी के अधिकारीयों की माने तो पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के द्वारा इस सड़क से कोयले की ढुलाई को बार बार अवरोध कर बाधित कर दिया जाता है। एक वर्ष में करीब चार से पांच बार सड़क से कोयले लदे गाड़ियों का परिचालन का प्रयास किया गे लेकिन हर बार असफलता हाथ लगी है। जिले के अधिकारीयों के सख्त निर्देश के बाद मंगलवार को कंपनी व हाइवा ऑनर एसोसिएशन के द्वारा एक बार फिर से सड़क को चालू करवाने का प्रयास किया गया लेकिन इस दौरान पूर्व मंत्री योगेंद्र साव पहुंचे और दोनों पक्ष में जमकर हाथापाई भी हुई और एक बार फिर मामला जस का तस हो गया। इस दौरान पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के सरकारी अंगरक्षक ने विरोधियों पर बंदुक लहराया जिससे मामला और गर्म हो गया है। कोयले की ढुलाई बाधित होने से कंपनी व हाइवा मालिकों को लाखों का नुकसान हो रहा है जबकि पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव इस मामले में लगातार खलल डाल रहे हैं ऐसा कंपनी व हाइवा मालिकों का कहना है। फिलहाल ये मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है दबे जुबान से दर्जनों लोगों का कहना है की पूर्व मंत्री जनता के नहीं बल्कि वयक्तिगत हित साधने के लिए कार्य को बार बार बाधित कर रहे हैं।

# पिकअप वैन तालाब में गिरी कई स्कूली बच्चे हुए घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** थाना क्षेत्र के खुटरा गांव में स्कूली बच्चों को ले जा रही पिकअप वैन तालाब में पलट गयी। बताया जा रहा की वैन में इचाक बाजार स्थित कैपियन बेसिक अकैडमी के बच्चे बैठे थे, जो छुट्टी के बाद घर जा रहे थे। जैसे ही पिकअप वैन खुटरा गांव तालाब के समीप पहुंची अनियंत्रित होकर तालाब में पलट गयी। घटना के समय वैन में कई स्कूली बच्चे सवार थे। दुर्घटना में कई बच्चों को चोटें आईं, जिन्हें ग्रामीणों की मदद से तत्काल बाहर निकाला गया और इचाक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजा गया। दुर्घटना के बाद पिकअप वैन को निकालने के लिए जेसिबी मशीन लगाया गया।

## दूषित भोजन करने से आंगनबाड़ी के कई बच्चे बीमार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा प्रखंड अंतर्गत करमा पंचायत के पश्चिमी गली के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 226 में खराब भोजन खाने के कारण कई बच्चे बीमार हो गये हैं। बताते चलें कि मंगलवार को जब बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र से वापस अपने घर पहुंचे तो देर शाम वे बीमार पड़ने लगे। कुछ के पेट में दर्द होने लगा तो कुछ को उल्टी होने लगी। जिसके पश्चात स्थानीय लोग अगले दिन आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे। वहां पहुंचने पर उनलोगों ने पाया कि दो दिन पूर्व का बना हुआ खिचड़ी और लगभग 1 महीने पहले का लाया हुआ अंडा रखा हुआ है। जिसके पश्चात वे लोग हंगामा करने लगे। इधर हंगामे की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकठ्ठा होने लगे। मामले को लेकर अरहाम के पिता ने बताया कि आंगनबाड़ी सेविका मंजू देवी द्वारा बच्चों को खराब खाना खिला देने के कारण बच्चे बीमार पड़ने लगे। मामले की जानकारी मिलते ही कोडरमा सदर के प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार उक्त आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गये। जांचोपरांत उन्होंने बताया कि बच्चों को खराब भोजन खिलाने की शिकायत मिली थी। जिसके पश्चात यहां जांच की गयी। जांच में यह बातें स्पष्ट हुई हैं कि बच्चों को खराब खाना परोसा गया था। वहां रखे अंडे भी पूरी तरह से खराब पाये गये है। उन्होंने बताया कि उक्त आंगनबाड़ी केंद्र में कुल 33 बच्चे नामांकित हैं लेकिन आज एक भी बच्चे उपस्थित नहीं थे। बच्चों से संबंधित उपस्थिति सूची की मांग जब सेविका से की गयी तो उन्होंने बताया कि उपस्थिति पंजी वे अपने घर में ही भूल गयी हैं। उन्होंने कहा कि जांच की जानकारी वरीय पदाधिकारी को दी जायेगी, जिसके उपरांत उचित कार्रवाई भी की जायेगी। वहीं सेविका मंजू देवी ने कहा कि उन्हें झूठे मामले में फंसाने की साजिश की जा रही है।

## तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों की अब खैर नहीं

# स्पीड रडार गन से यातायात पुलिस कसेगी शिकंजा, कटेगा चालान

**हजारीबाग शहर में शुरू हुआ अभियान**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में वाहनों की तेज रफ्तार पर लगाम लगाने के लिए यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने स्पीड रडार गन का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें तय गति सीमा से अधिक रफ्तार से चलने वाले वाहनों का चालान काटा जा रहा है। स्पीड रडार गन की मदद से पुलिसकर्मी दूर से ही वाहन की गति माप लेते हैं। जैसे ही कोई वाहन गति सीमा लांघता है उसका नंबर दर्ज कर चालान की कार्रवाई की जाती है। जिला परिवहन पदाधिकारी बैजनाथ कामती बताते है कि यह पहल सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाने के उद्देश्य से की जा रही है।

अभियान के तहत अब तक दर्जनों वाहन चालकों का ऑन स्पॉट चालान काटा जा चुका है। वहीं आम लोगों में भी अब गति सीमा का पालन करने को लेकर जागरूकता देखी जा रही है। यातायात पुलिस और जिला परिवहन विभाग के पदाधिकारी ने चेतावनी दी है कि आगे भी यह कार्रवाई नियमित रूप से जारी रहेगी। परिवहन विभाग ने वाहन चालको से अपील की है कि वे सड़क पर वाहन चलाते समय गति सीमा का पालन करें ताकि खुद की और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## ईंट लदा ट्रैक्टर पंडरिया नदी में डूबा

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कीगांव प्रखंड के सिरमा पंचायत के ग्राम पंडरिया नदी में ईंट लदा एक ट्रैक्टर नदी में बुधवार को 6:30 बजे शाम डूब गया। समाचार लिखे जाने तक ट्रैक्टर को बाहर निकाले जाने के लिए प्रयास जारी था। पंडरिया निवासी अरुण रंजन सिन्हा ने बताया कि ट्रैक्टर पंडरिया से बड़कागांव की ओर ईंट लेकर जा रहा था। बुधवार शाम नदी में बाढ़ आ जाने के कारण ट्रैक्टर डूबने लगा। बढ़ता जलस्तर को देखकर चालक ट्रैक्टर छोड़कर नदी से बाहर निकल गया। पंडरिया के ग्रामीणों ने बताया कि हर बरसात में नदी में जलस्तर बढ़ जाने से हम लोगों को परेशानी होती है। प्रखंड मुख्यालय से पूरी तरह कट जाना पड़ता है। बाजार, हाई स्कूल, कॉलेज और अस्पताल का पहुंचना मुश्किल हो जाता है। 6 माह पहले तत्कालीन विधायक अंबा प्रसाद द्वारा पुल निर्माण के लिए शिलान्यास भी किया गया था। लेकिन कोई पहल नहीं हुआ। इस संबंध में कांग्रेस इंटक नेता अंकित साव ने बताया कि तत्कालीन विधायक अंबा प्रसाद के पहल पर योजना पास हो गयी है।

# आदिवासी किसानों ने शुरू की गेंदा फूल की खेती

दीपक सिंह



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग एक ऐसा शहर है जो सब्जी उत्पादन के लिए पूरे झारखंड में जाना जाता है। अब वह दिन दूर नहीं है कि हजारीबाग फूल के लिए भी जाना जायेगा। हजारीबाग जिले के बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के चामूदोहर गांव में किसानों ने अनोखा प्रयास किया है। आदिवासी किसानों ने पहली बार आपस में मिलकर 2 एकड़ जमीन में गेंदा की फूलों की खेती की शुरुआत की है। आलम यह है कि उनका पूरा खेत गेंदा के फूल से लहलहा रहा है। फरवरी में किसानों ने मिलकर खेती शुरू किया। महज 4 महीने में फसल तैयार हो चुका है। करीब 10 जगह अलग-अलग क्षेत्र में दो एकड़ के प्लाट में फूलों की खेती की गयी है। अब किसान 40 रुपया प्रति किलो के दर से इसका व्यापार भी कर रहे हैं। जिसे किसान आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। जिले के बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के चामूदोहर गांव आदिवासी बहुल है। यहां पूर्व से पारंपरिक खेती होती आ रही थी। गेंदे की खेती ने किसानों को एक नई दिशा दी है। किसान अब पारंपरिक खेती के साथ-साथ अन्य चीजों की खेती कर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। दूसरे गांव के किसान प्रेरित होकर ट्रेनिंग लेने के लिए भी पहुंच रहे हैं। किसान को मानव विकास संस्था के द्वारा संचालित कृषक गुरुकुल में प्रशिक्षण दिया गया है। जिससे किसानों की आय में भी इजाफा हो रहा है। किसानों ने भी कहा कि पारंपरिक खेती के साथ इस तरह की खेती से मुनाफा अधिक है। बदलते जमाने में खेती के तरीका को भी बदल दिया है। यही कारण है कि जिस गांव में पहले परंपरागत खेती होती थी वहां अब फूलों की खेती हो रही है।

## हजारीबाग में धूप-बारिश की लुका-छिपी जारी

# बदलते मौसम ने बढ़ायी शहरवासियों की परेशानी



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर में बीते कुछ दिनों से मौसम लगातार करवट बदल रहा है। दिन में चिलचिलाती धूप के बाद शाम होते-होते अचानक तेज बारिश शुरू हो जाती है, जिसके साथ बिजली की तेज गड़गड़ाहट भी सुनाई देती है। यह परिवर्तनशील मौसम न केवल वातावरण में अस्थिरता ला रहा है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। घरों में अंधेरा छा जाता है और मूसलाधार बारिश की आवाज पूरे माहौल को भयाक्रांत कर देती है। यह स्थिति लगातार 3 से 4 दिनों से बनी हुई है, जिससे आमजनजीवन प्रभावित हुआ है।

इस बदले हुए मौसम का सबसे अधिक असर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों पर पड़ रहा है। सड़कों पर जलजमाव, वातावरण में उमस, कीट-पतंगों की सक्रियता और एलर्जी कारक तत्वों की अधिकता ने बीमारियों की आशंका को बढ़ा दिया है।

इस विषय में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अमित कुमार ने बताया कि वर्तमान मौसम में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। बच्चों में एलर्जी, सर्दी, खांसी और बुखार जैसी शिकायतें बढ़ रही हैं। कीचड़ और गंदगी के कारण संक्रमण फैलने का खतरा भी अधिक हो गया है। जमीन से निकलने वाले कीड़े-मकोड़े, विशेषकर बारिश के दौरान, बच्चों के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं। इसलिए साफ-सफाई बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. अमित कुमार ने बताया कि बुजुर्गों को इस मौसम में और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि पुरानी बीमारियां जैसे अस्थमा, जोड़ों का दर्द और सांस की तकलीफ पुनः सक्रिय हो जाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अत्यधिक बारिश के दौरान जब तक कोई अति आवश्यक कार्य न हो, तब तक घर से बाहर निकलने से बचें। बारिश में भीगने से सर्दी-जुकाम व बुखार की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। डॉक्टर ने यह सलाह दी कि बच्चों को गीले कपड़ों में न रहने दें, घर में नमी न जमने दें, पीने के लिए उबला हुआ या फिल्टर किया हुआ पानी उपयोग करें और खानपान में हल्का और सुपाच्य भोजन शामिल करें। रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए घरेलू उपाय जैसे हल्दी वाला दूध या गर्म काढ़ा लाभकारी हो सकता है। अंत में डॉ. अमित कुमार ने शहरवासियों से अपील की बदलते मौसम को हल्के में न लें, सावधानी ही इस समय की सबसे बड़ी सुरक्षा है।

## तेज आंधी और बारिश से कई पेड़ गिरे



**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर में बुधवार को दोपहर के बाद शहर का मौसम अचानक बिगड़ गया। तेज हवा, मूसलधार बारिश और बिजली की कड़कड़ाहट ने लोगों को डराने के साथ-साथ शहर की सामान्य दिनचर्या को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। मौसम की इस तेज मार से शहर के कई हिस्सों में भारी नुकसान की खबरें सामने आयी हैं। तेज हवा के कारण अनेक स्थानों पर बड़े-बड़े पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गये। इन पेड़ों के साथ कई जगहों पर बिजली के पोल भी धराशायी हो गये, जिससे पूरे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति घंटों तक ठप रही। घरों, अस्पतालों, कार्यालयों और दुकानों में लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। पेड़ और पोल गिरने के कारण कई मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक पूरी तरह जाम हो गया। लोग घंटों तक फंसे रहे। एम्बुलेंस और जरूरी सेवाओं के वाहन का भी देर तक रुकाव रहा। बारिश शुरू होने के कुछ ही मिनटों के भीतर शहर की नालियों का गंदा पानी सड़कों पर भर गया। कचरे से जाम नालियों ने नालियों की साफ-सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिये। कई जगहों पर तो घुटनों तक पानी भर गया, जिससे पैदल चलना तक दूभर हो गया।

## वीर शहीदों के सम्मान में निकाली गयी तिरंगा यात्रा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** ऑपरेशन सिंदूर के सफलता और शहीद सैनिकों को सम्मान में भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले बड़कागांव प्रखंड के गुरुचट्टी कुशवाहा धर्मशाला से सूर्य मंदिर तक सैनिकों के मनोबल को बढ़ाने और सैनिकों के अभिनंदन के लिए तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से बड़कागांव विधायक का रौशन लाल चौधरी उपस्थित हुए। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि जिस प्रकार से भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के वीर जवानों ने जिस पराक्रम के साथ पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर में जो धूल चटाया हैं उसे देश कभी नहीं भूलेगा। हम सभी देशवासियों को हमारे वीर जवान सैनिकों पर अभिमान है और हम गर्व करते हैं कि ऐसे वीर जवान सैनिक हमारे देश में है जिनके जीते जी हम भारतवासियों को कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। आगे उन्होंने कहा कि भारत के एक-एक नागरिक अपने देश के प्रति खड़ा है अगर जरूरत पड़े तो हमारा एक-एक नागरिक सैनिक बनकर दुश्मन देश के खिलाफ युद्ध में उतर सकता है। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो,पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, भाजपा नेता सह पूर्व जीप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, मंडल सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, मंडल महामंत्री नरसिंह, रामपति राम, शिबू मेहता, पूर्व महामंत्री इंद्र भूषण कुमार, अरुण मालाकार, कैलाश राणा, धर्मेंद्र प्रसाद, अनुज यादव सहित सैकड़ों देश भक्त उपस्थित थे।

## बच्चों के बीच बैग का वितरण



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के धरमपुर उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय में मुखिया कांति देवी और प्रधानाध्यापक मनोज राम ने 311 छात्र छात्राओं को बैग वितरण किया। बैग पाकर बच्चे खुश दिखे। मुखिया कांति देवी ने कहा कि बच्चो इस बैग में अपनी-अपनी किताबें डालकर विद्यालय आना है पढ़ाई पर विशेष ध्यान दे घर पर जरूरी काम पड़ने पर ही घर पर रहे नहीं तो प्रत्येक दिन विद्यालय आवे शिक्षा ही सबकुछ है धन है यही पूंजी है प्रधानाध्यापक मनोज राम ने कहा कि बच्चे को घर पर नहीं रखे प्रत्येक दिन विद्यालय आने से शिक्षा में रुचि बढ़ती है बच्चे अपने आप विद्यालय आयेंगे इसलिए अभिभावक गण से आग्रह होगा कि अपने अपने बच्चे को विद्यालय जरूर भेजे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष छोटन साव अशोक यादव, शिक्षक मुकेश कुमार कुशवाहा, जितेंद्र सिंह, तुलसी राम, संतोष कुमार, तुलसी ठाकुर, राजकुमार सिंहा, देवंती देवी मौजूद थे।

## बड़कागांव के विभिन्न गांवों में लहंगा का वितरण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा लोकसभा क्षेत्र के गरीब बेटियों के बीच लहंगा वितरण कार्यक्रम के तहत सैकड़ों लोगों के बीच बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बड़कागांव, पतरातू प्रखंड के विभिन्न गांव में हजारीबाग लोकसभा प्रतिनिधि सतेंद्र नारायण सिंह के निर्देशन में बड़कागांव सांसद प्रतिनिधि पूनम साव के नेतृत्व में लहंगा वितरण किया गया। जिसमें पतरातू प्रखंड के भदानीनगर, भुरकुंडा, बड़कागांव और उरीमारी मंडल प्रखंड के दर्जनों गांव में घर-घर जाकर लहंगा उपलब्ध कराया गया। जो नियमित रूप से जारी रहेगा। वही बुधवार को बड़कागांव प्रखंड के जुगरा गांव निवासी स्व राजन रविदास की पुत्री रिया कुमारी को लहंगा देकर शुभकामनाएं दी गयी। रिया कुमारी के पिता की मृत्यु बचपन में ही हो गयी थी जिसका लालन पालन उसका भाई ने किया। लहंगा प्राप्त करने के बाद रिया ने कहा कि एक भाई ने मेरा लालन पालन किया और दूसरे भाई के रूप में सांसद मनीष जायसवाल खड़े हुए। मौके पर विधानसभा विधानसभा प्रतिनिधि पूनम शाह, बड़कागांव विधानसभा सह प्रतिनिधि कृष्णा राम, बड़कागांव विधानसभा मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, बड़कागांव मंडल प्रतिनिधि रंजीत कुमार, जुगनू उर्फ राजेश कुमार सिंह मौजूद थे।

## बारिश से लोगों को गर्मी से मिल रही राहत



**चरही (आजाद सिपाही)।** चरही कोयलांचल क्षेत्र में अचानक मौसम ने बुधवार को फिर से ली अंगड़ाई। लगातार तीन दिन से दोपहर के बाद रिमझिम बारिश के कारण लोगों के चेहरे पर गर्मी से राहत मिलने पर मुस्कान छाई है। बता दें कि बीते तीन दिन से क्षेत्र में वर्षा होने से जन जीवन अस्त व्यस्त हो रहे है। वही गर्मी के कारण मुरझाए चेहरे अब खिल उठे, तो वहीं उमस और गर्मी से बेहाल लोगों को मौसम ने राहत दी है। जेटूवा सब्जी पर यह बारिश संजीवनी का काम करेगी कड़ी धूप ने क्षेत्र की को चुनौती देने लगी थी। छिट फुट लगे खेती में हरियाली गायब होने लगी थी वही अचानक हल्की सी रिमझिम वर्षा से किसानों के चेहरे पर कुछ खुशियाली छाई है।

## सपोर्ट के एसपीएम ने वीसी से की मुलाकात



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सपोर्ट संस्था के सिनियर प्रोग्राम मैनेजर (एसपीएम) रविन्द्र कुमार सिंह ने विनोवा भावे विश्विद्यालय के नवनियुक्त कुलपति डॉ चंद्रभूषण शर्मा से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान पुष्पगुच्छ भेंट देकर स्वागत भी किया। मुलाकात के दौरान सपोर्ट संस्था के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। विश्वविद्यालय के द्वारा मेघावी छात्र और छात्राओं को सपोर्ट में इंटर्नशिप के लिए प्रेरित भी किया गया।

# भुचुंगडीह की अवैध खदान में लगी आग को बुझाने में ठेका मजदूर की मौत

## नौकरी और मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया विद्युत सब स्टेशन बंद

**वार्ता के लिए विधुत सब स्टेशन पहुंचे रजरप्पा जीएम का ग्रामीणो ने किया घेराव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रजरप्प।** भुचुंगडीह के अवैध खदान में लगी आग को बुझाने के कार्य मे जुटा ठेका मजदूर रविंद्र महतो की मौत की आशंका के बाद गुरुवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने विधुत सब स्टेशन को बंद कर दिया और वहां धरने पर बैठ गये। ग्रामीण रविंद्र महतो की मौत पर एक सरकारी नौकरी व एक करोड़ की मुआवजा की मांग कर रहे थे। लगभग एक घंटा विधुत सब स्टेशन बंद होने की सूचना पर रजरप्पा जीएम कल्याणजी प्रसाद वार्ता के लिए सब स्टेशन पहुंचे। लेकिन अपनी मांग पर अड़े ग्रामीणों ने उनको घेर लिया, और लगभग एक घंटे तक उन्हें वही रोके रखा। एक घंटे के बाद जीएम ने उन्हें वार्ता के लिए जीएम ऑफिस के सभागार में बुलाया। जिसके बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ ग्रामीणों की वार्ता रजरप्पा जीएम कल्याणजी प्रसाद और प्रभारी एसडीएम दीप्ति प्रियंका कुजूर के साथ हुई। जहां वर्तमान में वार्ता जारी है। उधर लगभग चार घंटों तक बिजली भी बहाल नहीं हो पायी थी। जिसके कारण सीसीएल रजरप्पा प्रबंधन को लाखों का नुकसान हुआ है।





**घटना को लेकर रेस्क्यू में जुटा जिला प्रशासन, सीसीएल प्रबंधन और एसडीआरएफ की टीम :** भुचुंगडीह के अवैध खदान में हुई घटना के बाद देर रात तक जिला प्रशासन और सीसीएल रजरप्पा की टीम रेस्क्यू कार्य मे जुटे रहे। लेकिन शव का पता नहीं लगा पाये। जिसके बाद बुधवार सुबह को एसडीआरएफ झारखंड की टीम भी घटनास्थल पहुंचकर रेस्क्यू कार्य मे जुट गये। हालांकि शव का अबतक कोई पता नहीं चल पाया है। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना था कि आग की लपटों में समां जाने के बाद शव का मिलना नामुमकिन है। लेकिन फिर भी रेस्क्यू कार्य जारी था। भाजपा नेता राजीव जायसवाल, आजसू के युवा नेता पीयूष चौधरी पहुंचे घटनास्थल, आश्रित को सरकारी नौकरी और उचित मुआवजा देने की मांग घटना की जानकारी मिलने के बाद भाजपा नेता राजीव जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, आजसू नेता पीयूष चौधरी, जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी घटनास्थल पहुंचे। और वस्तु स्थिति का जायजा लिए। इसके बाद वे विधुत स्टेशन पहुंचकर धरना दे रहे ग्रामीणों और उनके परिजनों से मुलाकात किया। मौके पर भाजपा नेता राजीव जायसवाल और आजसू के युवा नेता पीयूष चौधरी ने कहा कि घटना काफी दुखदाई है। इसलिए मृतक के परिजनों को एक करोड़ मुआवजा और एक सरकारी नौकरी दिया जाना चाहिए। ताकि उसकी पत्नी अपना और अपने बच्चों का भरण पोषण कर सके। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार के आदेश पर कोयले की अवैध तस्करी की जा रही है। जिसके कारण इस तरह की घटना घटती है। इसलिए उन्होंने प्रशासन से अवैध कोयला तस्करी पर रोक लगाने की मांग किया है।

### सूचना के बाद घटनास्थल पहुंचे रामगढ़ डीसी और एसपी

भुचुंगडीह के अवैध खदान में हुई घटना की सूचना मिलने पर रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार, एसपी डॉ अजय कुमार सहित कई अधिकारी घटनास्थल पहुंचे। यहां पहुंच कर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को रेस्क्यू को लेकर कई दिशा निर्देश दिये। मौके पर उन्होंने भुचूंगडीह के अवैध खदान मे भूमिगत आग को बुझाने में लगे ठेका मजदूर रविन्द्र कुमार महतो पिता चंद्रनाथ महतो का दुर्घटना से मृत्यु होने के आशंका पर प्रशासन के तरफ से सरकारी प्रावधान देने की बात कही। इसमें पारिवारिक हित लाभ योजना, आवास योजना, सरकारी प्रावधान के अनुसार उचित मुवायजा, प्राथमिकता के आधार पर जिला में कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर बहाली और 10 वर्ष की बच्ची का कस्तूरबा विद्यालय में नामकन। साथ ही सीसीएल अंतर्गत दुर्घटना के कारण मृत्यु पर मिलने वाले के लाभों के समकक्ष लाभ दिलाने का प्रयास किया जायेगा। साथ ही 07 वर्षीय पुत्र का शिक्षा अधिनियम अंतर्गत अच्छे निजि विद्यालय में नामांकन कराने का यथाशीघ्र प्रयास किया जायेगा।

## टंडवा में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का किया गया उद्घाटन



टंडवा (आजाद सिपाही)। मगध संघमित्रा क्षेत्र के अंतर्गत विस्थापित प्रभावित आरा, चमातु, फुलबसिया इत्यादि गांवों के महिलाओं और बच्चियों को सिलाई प्रशिक्षण देने हेतु सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसके उद्घाटन मुख्य अतिथि अर्पिता महिला मंडल अध्यक्षा विभानाथ के द्वारा बुधवार को विधिवत किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रथम चरण में पांच सिलाई मशीनों के साथ इसके शुभारंभ की गयी। इसमें प्रशिक्षक के भूमिका में हैं वो सीसीएल, मगध संघमित्रा क्षेत्र की ही कर्मचारी हैं जिन्होंने अपने कार्य के साथ साथ ग्रामीण बच्चियों को भी सिलाई प्रशिक्षण देने के बीड़ा उठाया हैं। सिलाई में दक्ष होने के पश्चात इन्हें सिलाई मशीन भी मगध संघमित्रा क्षेत्र के तरफ से दी जायेगी जिनसे ये अपना स्वरोजगार के तरफ आगे बढ़ सके। इस मौके पर ममता सदाला, पम्मी देवी, निशा सिंहा, संगीता रंजन, दीप्ति चट्टराज और रीना सिंह उपस्थित थे।

## पेज 01 का शेष

## थानों की बाध्यता होगी ...

**शराब बिक्री को लेकर लिया गया निर्णयः** झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025 के गठन संबंधित प्रस्तावित अधिसूचना प्रारूप के नियम 20 पर गहन विचार-विमर्श एवं चर्चा के उपरान्त राज्य के भीतर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के वैसे ग्राम पंचायत, जिसमें 50% या उससे अधिक जनजातीय आबादी हो और यदि स्थल झारखंड सरकार के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के विभिन्न अधिसूचनाओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महत्व, राष्ट्रीय महत्व, राजकीय महत्व एवं स्थानीय महत्व के पर्यटन स्थल(धार्मिक मान्यता के स्थल को छोड़कर) घोषित हो, तो पर्यटन को बढ़ावा देने, राजस्व हित एवं अवैध मदिरा पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से उक्त प्रक्षेत्र में ऑफ प्रकृति की खुदरा उत्पाद दुकानों की बंदोबस्ती किए जाने संबंधित प्रस्ताव पर सहमति बनी।

-झारखंड उत्पाद होटल, रेस्तरां, बार एवं क्लब (अनुज्ञापन एवं संचालन) (संशोधन) नियमावली, 2025 के गठन संबंधी संलेख एवं प्रस्तावित अधिसूचना प्रारूप की कंडिका-2 के नियम 21 पर सहमति दी गयी। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के वैसे ग्राम पंचायत, जिसमें 50% या उससे अधिक जनजातीय आबादी हो और यदि ऐसे स्थल झारखंड सरकार के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के विभिन्न अधिसूचनाओं द्वारा अंतराष्ट्रीय महत्व, राष्ट्रीय महत्व, राजकीय महत्व एवं स्थानीय महत्व के पर्यटन स्थल(धार्मिक मान्यता के स्थल को छोड़कर) घोषित हो, तो पर्यटन को बढ़ावा देने, राजस्वहित एवं अवैध मदिरा पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से उक्त प्रक्षेत्र में उत्पाद प्रपत्र 8, 9 एवं 10/9 एवं 10/7 'क' में क्रमशः होटल, रेस्तरां एवं बार/रेस्तरां एवं बार/क्लब की अनुज्ञप्ति स्वीकृत करने पर सहमति बनी।

**दो महीने पर वन पट्टा बांटने का निर्णयः**

वन अधिकार योजना अंतर्गत अबुआ बीर दिशोम अभियान के क्रियान्वयन पर चर्चा के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि यह 'अबुआ बीर दिशोम' व्यापक रूप से लगातार चलायी जाती रहे। यह सुनिश्चित किया जाये कि हर दो माह में वनपट्टा का वितरण अनिवार्य रूप से हो। वनपट्टा हेतु प्राप्त आवेदनों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए स्वीकृति प्रक्रिया अविलंब पूरी किए जाने पर सहमति बनी।

### इन विषयों पर हुई चर्चा :

- बोकारो जिला के ललपनिया में आदिवासी धार्मिक स्थल लगुबुरु में डीवीसी (ऊश्ड) द्वारा पनबिजली परियोजना पर कार्य किये जाने के संबंध में चर्चा की गयी। इस संबंध में माननीय सदस्यों को अवगत कराया गया कि राज्य सरकार द्वारा आदिवासी धर्म स्थल लगुबुरु को संरक्षित रखने की मंशा से डीवीसी एवं भारत सरकार को अवगत कराया जा चुका है। राज्य सरकार द्वारा पूर्व में ही डीवीसी के इस परियोजना को स्थगित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

-वनपट्टा आच्छादित परिवारों के विद्यार्थियों एवं बच्चे-बच्चियों के आवासीय एवं जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने में जो व्यवधान अथवा कठिनाइयां उत्पन्न हो रही है, उसका समाधान सुनिश्चित की जाये।

## घरेलू विवाद समेत कई मामलों के निष्पादन को लेकर जोरी थाना में लगा मध्यस्थता शिविर



हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के वशिष्ठ नगर थाना परिसर में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चतरा के सचिव के निर्देश पर वशिष्ठ नगर अधिकार मित्र और सब इंस्पेक्टर प्रमोद प्रसाद की अध्यक्षता में मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया गया। इस मध्यस्थता शिविर में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवो से घरेलू विवाद, पैसा लेन देन, गाली गलौज, पति-पत्नी में झगड़ा का विवाद, परिवारिक मामला को लेकर आये आवेदन को समझा-बुझाकर मध्यस्थता कर निष्पादन किया गया। मौके पर थाना के सब इंस्पेक्टर प्रमोद प्रसाद, अधिकार मित्र संदीप कुमार गुप्ता द्वारा मध्यस्थता किया गया। कानून और नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में जानकारी दी गयी।

## टंडवा में कोयला लदे तेज रफ्तार वाहनों का कहर जारी

# हाइवा ने दो युवकों को कुचला, एक की मौत

**कोयलांचल के लाखों ग्रामीणों ने सिंदूर ऑपरेशन के तर्ज पर टंडवा में भी ऑपरेशन का किया है मांगः परिजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**टंडवा।** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के टंडवा-सिमरिया मुख्य पथ स्थित बिंगलात समीप एक बार फिर तेज रफ्तार बेलगाम कोल वाहन ने कहर बरपाया है। कोल हाइवा ने अम्रपाली के विस्थापित गांव के दो युवकों को कुचल दिया। जिसमें एक युवक को मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी। वही दूसरा युवक अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। आक्रोश ग्रामीणों ने न्याय मांग को लेकर कोयला ढुलाई ठप कर दिया है। ट्रांसपोर्टरो ने मैनेजिंग के लापरवाही में सिमरिया-टंडवा क्षेत्र में कोल वाहनों से दहशत फैला रखी है। आये दिन होने वाले हादसों ने कई परिवारों को उजाड़ दिया है। मां बहनों की गोद सूनी हो रही है, बहनों का माथे से सिंदूर मिट रहा है, और नवजवान युवा सड़कों पर दम तोड़ रहे हैं। कई लोग हादसों का शिकार होकर अपाहिज जिंदगी जीने को मजबूर हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने 12 घंटे तक नो इंट्री की मांग कर रहे हैं। सवाल उठता है कि प्रशासन कब इन वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगायेगा और कब निर्दोष लोगों की जान बचाने के लिए ठोस कदम उठाये जायेंगे कोयला ढुलाई में विकास के आड़ में कब तक निर्दोष आम ग्रामीणों राहगीरों को हत्या होते रहेगी। अन्य कोयला खदानों के क्षेत्र में सीसीएल का कोयला ढुलाई के लिए अलग सड़क होती है, टंडवा में क्यों नहीं। यह घटना दोपहर के 12 बजे घटी है। आक्रोशित ग्रामीण सभी मार्ग पर जाम कर दिया गया है। पहला मृतक का पहचान गणेश प्रजापति 30 वर्ष और दूसरा दुखन ओझा के छोटे पुत्र 22 वर्षीय छोटी कुमार के रूप में हुई। बताया गया कि घटना स्थल पर गणेश की मौत हो गयी और छोटू ओझा की बनाया पैर टूट गया जिसे रांची रिम्स रेफर किया गया। समाचार लिखे जाने तक नौकरी मुआवजा और घायल की इलाज की मांग पर सड़क जाम करता मांग पर अड़े रहे।

# तोपा कोलियरी में सेल संचालन समिति और रैयतों का 26 मई से अनिश्चितकालीन बंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कुजू।** सीसीएल तोपा कोलियरी लोकल रोड़ सेल संचालन समिति की बैठक तोपा रेस्ट हाउस में हुई। बैठक की अध्यक्षता सेल अध्यक्ष राजेश्वर गंझु और संचालन सेल उपाध्यक्ष रामभजन लाल महतो ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन सेल सचिव मो इलियास ने की। बैठक के दौरान सेल संचालन समिति सदस्यों ने गत 23 अप्रैल को प्रबंधन को सौंपे गये 8 सूत्री मांगों पर अबतक पहल नहीं किये जाने का जमकर विरोध जताया। साथ ही, सेल अध्यक्ष राजेश्वर गंझु, उपाध्यक्ष रामभजन लाल महतो, सचिव मोहम्मद इलियास समेत अन्य वक्ताओं ने अपने संबोधन में तोपा प्रबंधन के खिलाफ जमकर विरोध जताते हुए तानाशाह बताया। इस दौरान लोकल सेल में एग्रीमेंट के आधार पर उत्पादन का 60प्रतिशत लोकल सेल में कोयला देने की मांग प्रमुखता से रखा गया। वहीं, रोड सेल में गुणवत्तापूर्ण कोयला उपलब्ध कराने समेत 8 सूत्री मांगे शामिल है। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से आगामी 26 मई से सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ अनिश्चितकालीन बंदी का ऐलान किया है। जिसमें कोलियरी का संपूर्ण कार्य ठप करने की चेतावनी दी है। बैठक में सेल कोषाध्यक्ष गोपेश्वर करमाली, सदस्य ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, बिनोद महतो, अहमद अली, कासिम मियां, जयनंदन करमाली, सुरेशचंद्र पटेल, जुबेदा खातून, ललित राम, राजकुमार केशरी, प्रकाश गंझु, ज्ञानी महतो, जितेंद्र सिंह, सिकंदर अंसारी, गिरधारी लाल बेसरा, वीरेंद्र कुमार, हरिशंकर प्रसाद, बिहारी साहू, महादेव मरांडी, वासुदेव मांझी समेत 19 गांव के दंगल सरदार, मुंशी, विस्थापित प्रभावित रैयत शामिल रहे।

## चतरा में शराब तस्करी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# शराब की 22 पेटियां जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

**पुलिस को देख भागने के दौरान पुलिस की बैरिकेडिग पार कार से टकरायी थी पिकअप**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हंटरगंज/चतरा।** पुलिस ने बुधवार को एक पिकअप वाहन में भरकर बिहार ले जा रही 22 पेटी अवैध शराब को जब्त की है। साथ ही एक तस्कर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ हंटरगंज थाना कांड संख्या 89/25 धारा 281/324 (4) 274/275 बीएनएस एवं उत्पाद अधिनियम एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को गुप्त सुचना मिली थी की एक बोलेरो पिकअप वाहन में अवैध अंग्रेजी शराब चतरा के रास्ते बिहार लेकर जाने वाला है। इसी सूचना के आलोक में एसडीपीओ संदीप सुमन द्वारा एक टीम का गठन किया गया। जिसमें थाना प्रभारी, पुअनि राजदेव पांडेय और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस टीम द्वारा चतरा-डोभी मुख्य पथ पर बारहगावां मोड़ के समीप वाहन चेकिंग लगाया गया। चेकिंग के दौरान सुबह चतरा की ओर से बोलेरों पिकअप वाहन संख्या बीआर 03 जी ए/ 9337 को आता देख पुलिस द्वारा रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखकर वाहन तेजी से भगाने के क्रम में पिकअप वाहन पुलिस ब्रेकेटिंग को पार करते हुए बारहगांवा की ओर से आ रही एक कार से जा टकरायी। जिससे बोलरो पिकअप वाहन का गति धीमा हो गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वाहन चालक को धर दबोचा। वाहन चालक ने पुलिस को बताया कि वाहन में अंग्रेजी शराब लदा है। इसके बाद पुलिस द्वारा वाहन की तलाशी लेने के क्रम में पुलिस को वाहन से 22 कार्टून अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। प्रत्येक कार्टून में 750 एमएल का 264 पीस बोतल पाया गया। इसके बाद पुलिस ने चालक को भी गिरफ्तार कर लिया और अवैध शराब और पिकअप वाहन को जब्त किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त रामगढ़ जिले के भुरकुंडा थाना क्षेत्र के पानी टंकी रेफर साइड इमली गाछी निवासी युगल यादव का 22 वर्षीय पुत्र मंजीत कुमार है। जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छापेमारी टीम में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन, हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार, पुअनि राजदेव पांडे, आरक्षी 219 चरकू कुमार यादव, आरक्षी 946 उपेंद्र कुमार आदि जिला बल के जवान शामिल थे।

## बाइक चोरी के आरोप में युवक धराया



**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के तोपा न्यू माइनस कॉलोनी में बीती रात अंधेरे का फायदा उठाते हुए पड़ोसी सरहुल गंझू के आवास से बाइक चोरी कर भाग रहे एक युवक को ग्रामीणों ने धर दबोचा। साथ ही, पेड़ में बांधकर कर जमकर धुनाई कर दी। वहीं, कुजू पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी युवक ने अपना नाम कुणाल कुमार पिता भोला डोम बताया है। ग्रामीणों के अनुसार, माइनस कॉलोनी तोपा स्थित सरहुल गंझू एक आवास के आंगन में स्प्लेंडर बाइक खड़ी थी। इस बीच मौका देखकर पड़ोसी युवक बाइक चोरी कर फरार होने लगा। इसी दौरान लोगों ने देखा और धर दबोचा। साथ ही जमकर धुनाई करते हुए पेड़ में बांध दिया। इधर, कुजू पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## सात सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**गोला (आजाद सिपाही)।** आजसू युवा मोर्चा ने बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ सुधा वर्मा को क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सात सूत्री मांग पत्र सौंपा है। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिओ टेक के नाम पर वसूली, हर घर नल जल योजना नियमित रूप से संचालित ना होना, मनरेगा योजना में लूट, जाति, आय और आवासीय प्रमाण पत्र छात्र-छात्राओं को समय पर निर्गत ना होना, जन वितरण प्रणाली दुकानदारों द्वारा तय समय पर राशन वितरण नहीं करना और प्रति राशन कार्ड पर राशन की कटौती करना, पंचायती राज व्यवस्था के तहत विकास कार्यों में कमीशन खोरी और धांधली, पंचायत भवनों में पंचायत सचिव और राजस्व कर्मी को नियमित रूप से उपस्थित न होना आदि की समस्या रखी गयी। इन सभी मुद्दों पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने गंभीरता पूर्वक लेते हुए जल्द इस पर पहल करने की बात कही है। मौके पर विशु रजवार, राजू कुमार कुशवाहा, महेंद्र, राहुल कुशवाहा, रुपेश महतो, ज्ञान महतो, सुजीत गुप्ता, सोनू महतो, छोटेलाल प्रसाद, मिथुन बेदिया, कुंदन कुमार आदि थे।

## स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनी



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** शनिचरा बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (इटक) के क्षेत्रीय कार्यालय उरीमारी में आरसीएमयू बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व मे भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्य तिथि मनायी गयी। वहीं उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित किया गया। इस दौरान आरसीएमयू इंटक के सभी पदाधिकारीयों ने भी एक एक कर स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर राजू यादव ने कहा की 40 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री बनने वाले राजीव गांधी भारत के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री थे, और संभवतः दुनिया के उन युवा राजनेताओं में से एक जिन्होंने सरकार का नेतृत्व किया था। देश के ऐसे प्रधानमंत्री थे जिन्होंने आजादी के उस संघर्ष को नहीं देखा, जिसमें उनके परिवार के अन्य सदस्य शामिल थे। राजीव गांधी ऐसे युवा प्रधानमंत्री थे जिन्होंने समाज के सभी वर्गों के लोगों को अत्यधिक प्रभावित किया और साथ ही सभी को एक सूत्र में जोडकर रखें। इस मौके पर उरीमारी शाखा अध्यक्ष सीताराम किस्कू, विस्थापित संघर्ष मोर्चा के सचिव महादेव बेसरा, क्षेत्रिय सुरक्षा समिति सदस्य गणेश राम, नथू प्रसाद, चंदू जयसवाल, दीपक यादव, मन्नू टुडू, विनय चौहान, राधे श्याम रजक, विवेक कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## तेज आंधी में सोलर प्लेट सहित कई सामग्री क्षतिग्रस्त

कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बोधाडीह पंचायत में तेज आंधी तूफान के साथ बारिश होने से चाया गांव निवासी बैजनाथ यादव के घर का एस्बेस्टस और सोलर प्लेट सहित खाने पीने का सामान बर्बाद हो गया है। जिससे करीब 50 हजार का नुकसान होने का अनुमान है। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से मुआवजा की मांग किया है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**निविदा सूचना सं. (i) 114–ईएलसी–जी–केजीपी–25–26–06,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर–721301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए मद के सामने उल्लिखित तिथि को 12.00 बजे से पूर्व ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का विवरणः** खड़गपुर मंडलः फेज–II के रूप में खड़गपुर मंडल के विभिन्न स्थानों पर 01 केडब्ल्यू से 50 केडब्ल्यू ऑन ग्रिड सोलर पावर प्लांट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरंभ करना। **निविदा मूल्यः** रु.15,14,89,115.15, **बोली प्रतिभूति/बयाना राशिः** रु.9,07,500/–, **खुलने की तिथिः** दिनांक 10.06.2025, **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य। **समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से क्रम सं. (i) के लिए 6 माह । **जमा करने की तिथिः** दिनांक 10.06.2025 को 12.00 बजे तक। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण, वर्णन और विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इस कार्य के लिए मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **द्रष्टव्यः** प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए, **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-181)

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 77 date 04.10.2024, i Fulmaniya Devi W/o. Doman Saw R/o. Vill Sangharia, Po.- Meral, Ps.- Meral, Dist. Garhwa, Jharkhand - 022114, do hereby solemnly affirm as under.
1. That I am an indian citizen & residing at above address 2. That my true and Correct name is fulwasiya Devi & may date of Birth is 03/03/1956, which is mentioned in my Elector photo Identity Card.
3. That my name is worngly mentioned as kumari devi in my Aadhar Card No. 4061 3301 4524 & wrongly mentioned my year of birth has 1957. 4. That fulwasiya Devi and kumari Devi is the name of same and one person, which is my self.
5. that the statement made above are true and correct

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 525 date 08.05.2025, I Muniya Kumari D/o.- Mataka Manjhi R/o.-Madladih, Po.-Ghatia P.s. B.S City, Dist. Bokaro, Jharkhand do hereby solemnly affirm us under:-
1. That my name is muniya kumari D/o. Mataka Manjhi Mentioned in my Educational Certificates. Which is my ture and correct name.
2. That in Adhar No. 8482 5796 4982 my name is wrongly written as sabitri Hansda D/o. Mataka Manjhi
3. that this Affidavit is made for correction of my name Muniya Kumari D/o. Mataka Manjhi in my Adhar Card From concerned authority.
4. That the Statement made above are true and correct

# ... ताकि भरोसा बना रहे

जस्टिस यशवंत वर्मा केस में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कुछ अहम सवाल उठाये हैं। जांच कमिटी के संवैधानिक आधार और अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं होने को लेकर उनकी चिंताओं पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है, क्योंकि मामला न्यायपालिका की विश्वसनीयता और पारदर्शिता से जुड़ा हुआ है।

**कमिटी की वैधता:** जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में कथित तौर पर नकदी मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने घटना की जांच के लिए तीन जजों की आंतरिक कमिटी बनायी, जिसने आरोपों को विश्वसनीय माना है। लेकिन उपराष्ट्रपति का यह कहना कि कमिटी की कोई संवैधानिक वैधता नहीं है, खुद इस जांच की विश्वसनीयता पर अंगुली उठा देना है। क्या कोई ऐसा तरीका निकाला जा सकता है, जिससे आंतरिक जांच की प्रासंगिकता और संवैधानिक वैधता बनी रहे?

**वीरास्वामी केस:** उपराष्ट्रपति चाहते हैं कि 1991 के सुप्रीम कोर्ट के वीरास्वामी फैसले पर पुनर्विचार किया जाये। इस फैसले के मुताबिक ही सिटिंग जज के खिलाफ एफआइआर के लिए सीजेआइ की मंजूरी चाहिए होती है। यह व्यवस्था इसलिए है, ताकि न्यायपालिका बिना किसी डर, दबाव या लालच के अपना कर्तव्य निभा सके।

**सरकार के पाले में गेंद:** सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट के सिटिंग जज को बर्खास्त या सस्पेंड करने का अधिकार भी सुप्रीम कोर्ट कॉलीजियम के पास नहीं है। कॉलीजियम काम वापस ले सकता है, ट्रांसफर की सिफारिश कर सकता है और जांच समिति बना सकता है। इस केस में जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर किया गया और कमिटी की रिपोर्ट सरकार और राष्ट्रपति के पास भेजकर महाभियोग की सिफारिश कर दी गयी है। यहां से अब गेंद सरकार और संसद के पाले में है।

**उपराष्ट्रपति का यह कहना कि कमिटी की कोई संवैधानिक वैधता नहीं है, खुद इस जांच की विश्वसनीयता पर अंगुली उठा देना है। क्या कोई ऐसा तरीका निकाला जा सकता है, जिससे आंतरिक जांच की प्रासंगिकता और संवैधानिक वैधता बनी रहे?**

पहला मामला: महाभियोग ही एकमात्र तरीका है, जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट के मौजूदा जजों को हटाया जा सकता है। लेकिन आजाद भारत के इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ। इसके पहले भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे कलकत्ता हाइकोर्ट के न्यायाधीश सौमित्र सेन के खिलाफ महाभियोग चला था, लेकिन लोकसभा में वोटिंग से पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया, यानी वहां भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पायी थी।

**जटिलता कम हो:** भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में जस्टिस वर्मा केस एक दुर्लभ मौका है। इसकी वजह से न्यायपालिका की गरिमा को ठेस न पहुंचे और जनता का भरोसा बना रहे, इसके लिए पूर्व सीजेआइ संजीव खन्ना ने मामले से जुड़ी जानकारियों को देश से साझा किया। साथ ही उनकी पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा भी सार्वजनिक किया। अब अगर यह मामला महाभियोग तक पहुंचता है, तो वहां भी एक लंबी प्रक्रिया चलेगी। विचार करने वाली बात यह है कि क्या न्यायपालिका की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखते हुए प्रक्रिया की जटिलता को कम किया जा सकता है?

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**पिछले महीने 17 अप्रैल को पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष जनरल सैयद असीम मुनीर ने सैयद अहमद खान के उस विषाक्त द्वि-राष्ट्र सिद्धांत को एक बार फिर दोहराया। उन्होंने कहा कि इसके पीछे मूल विचार यह है कि मुस्लिम और हिंदू दो अलग-अलग राष्ट्र हैं। मुनीर ने ऐबटाबाद के काकुल में पाक सैन्य अकादमी में पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए कहा, द्वि-राष्ट्र सिद्धांत इस मौलिक विश्वास पर आधारित है कि मुसलमान और हिंदू एक नहीं, बल्कि दो अलग-अलग राष्ट्र हैं।**

# शस्त्र और शास्त्र, दोनों धरातलों पर ध्वस्त पाकिस्तान

**रमेश वैद्य**

**जैसा** कि 'बाजीराव मस्तानी' फिल्म में सभी ने देखा कि पेशवाई के लिए साक्षात्कार के समय बाजीराव ने अपने तीर से मोरपंख का आकार कम कर अपने 'शस्त्र और शास्त्र' के ज्ञान में पारंगता का प्रमाण दिया। उनका संदेश था कि मोर का पंख मुगल साम्राज्य है, इसकी जड़ पर प्रहार करो, तो वह अपने आप नष्ट हो जायेगा। अभी पाकिस्तान के साथ हुए टकराव के समय भी भारत ने 'शस्त्र और शास्त्र' दोनों धरातलों पर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। शस्त्र के धरातल पर तो सभी जानते हैं कि कैसे भारत ने पाकिस्तान में स्थित आतंकी अड्डों को ध्वस्त किया, वहां की वायु रक्षा कवच को तहस-नहस करते हुए अपनी अचूक नभ सुरक्षा व्यवस्था का परिचय दिया, लेकिन इसके साथ-साथ हमने पाकिस्तानी सेना अध्यक्ष जनरल मुनीर द्वारा अलापे गये धर्म के नाम पर दो राष्ट्र के सिद्धांत को भी धाराशाही कर दिया।

सन 1817 में पैदा हुए मुस्लिम विद्वान सर सैयद अहमद खान ने अंग्रेज सरकार के सामने यह सिद्धांत दिया था कि मुसलमान एक अलग राष्ट्र हैं। उनका यही विचार आगे चल कर दो राष्ट्र सिद्धांत बना, जिससे 1947 में धर्म के नाम पर देश का विभाजन हुआ। कट्टरपंथ, जुनूनी हिंसा और हमारे नेतृत्व की कमजोरी के चलते चाहे भारत ने धर्म के नाम पर हुए इस बंटवारे को स्वीकार कर लिया, परंतु वैचारिक धरातल पर यह कभी नहीं माना कि पूजा पद्धति अलग होने से किसी की राष्ट्रीयता अलग हो जाती है। भारत की युगों से अवधारणा रही है 'एकं सद् विप्रा बहुधा वदंति' अर्थात ईश्वर एक है, पर विद्वान उसे अलग-अलग नामों से पुकारते हैं। इसी विश्वास के कारण ही हम 1947 में हुए विभाजन को अप्राकृतिक और ईश्वर की इच्छा के विपरीत मानते हुए पुनः अखंड भारत की बात करते हैं।

**भारत की युगों से अवधारणा रही है 'एकं सद् विप्रा बहुधा वदंति' अर्थात ईश्वर एक है, पर विद्वान उसे अलग-अलग नामों से पुकारते हैं।**



**वैसे जनरल मुनीर की द्वि-राष्ट्र के विषाक्त सिद्धांत वाली वैचारिक जुगाली उस समय भी स्वतः ही खारिज हो जाती है, जब मुसलमान होते हुए भी तालिबान पाकिस्तान को अपना दुश्मन घोषित कर देता है और बलूचिस्तान मुक्ति सेना हमधर्मी पाक सेना के खून से होली खेलती है। मुसलमान मजहब के नाम पर एक राष्ट्र होते, तो पाकिस्तान से बांग्लादेश अलग क्यों होता? ईरान-इराक में युद्ध क्यों होते? 51 देशों में विभक्त इस्लामिक जगत अभी तक धर्म के नाम पर एक राष्ट्र क्यों नहीं बन पाया?**

लेकिन पिछले महीने 17 अप्रैल को पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष जनरल सैयद असीम मुनीर ने सैयद अहमद खान के उस विषाक्त द्वि-राष्ट्र सिद्धांत को एक बार फिर दोहराया। उन्होंने कहा कि इसके पीछे मूल विचार यह है कि मुस्लिम और हिंदू दो अलग-अलग राष्ट्र हैं। मुनीर ने ऐबटाबाद के काकुल में पाक सैन्य अकादमी में पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए कहा, द्वि-राष्ट्र सिद्धांत इस मौलिक विश्वास पर आधारित है कि मुसलमान और हिंदू एक नहीं, बल्कि दो अलग-अलग राष्ट्र हैं। मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं, जैसे धर्म, रीति-रिवाज, परंपरा, सोच और आकांक्षाओं में हिंदुओं से अलग हैं। जनरल मुनीर संबोधित चाहे पाकिस्तानी रंगरूटों को कर रहे थे, परंतु उनकी चिट्ठी का पता भारतीय मुसलमान थे। याद करें कि यह लगभग वही समय था, जब भारत में कुछ छद्म धर्मनिरपेक्ष दलों की तुष्टिकरण की नीति के चलते वक्फ बोर्ड अधिनियम में संसद द्वारा किये गये संशोधन के कारण यहां मुस्लिम भावनाएं भड़की हुई थीं। इस दौरान बंगाल में सांप्रदायिक दंगे भी हुए, जिसमें कई निर्दोष हिंदुओं ने जानें भी गंवायी और अपमान भी झेले। जनरल मुनीर ने ऐसे संवेदनशील मौके पर आंच में भूसा झोंकने का काम करते हुए भारत के मुसलमानों में फिर से द्वि-राष्ट्र सिद्धांत स्थापित करने का कुत्सित प्रयास किया। यह वैचारिक विमर्श स्थापित करने का प्रयास किया कि हिंदुओं के चलते भारत के मुसलमान चैन से नहीं रह सकते। सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के लिए उसने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला करवाया, जिसमें हिंदुओं को छांट-छांट कर, उनका खतना जांच कर मौत के घाट उतारा गया। कहने का भाव कि पाकिस्तान ने आतंकी हमले के रूप में 'शस्त्र' और द्विराष्ट्र सिद्धांत के रूप में 'शास्त्र' दोनों धरातल पर हमले किये। लेकिन भारत ने 'शठे शाठ्यम समाचरेत' अर्थात 'जैसे को तैसा' नीति पर चलते हुए दोनों हमलों की धार को पूरी तरह कुंद कर दिया। भारत ने दुश्मन पर शस्त्र से आघात तो किया ही, साथ में 'ऑपरेशन सिंदूर' की जानकारी देने के लिए जिन दो महिला सैन्य अधिकारियों, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी को जिम्मेवारी सौंपी गयी, वो भारतीय सांस्कृतिक एकता की परिचायक बनीं। केवल इतना ही नहीं, 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का दुनिया को संदेश देने के लिए जिस प्रतिनिधिमंडलों का चयन किया गया है, उनमें बहुदलीय और बहु-उपासना पद्धति से जुड़े नेता शामिल किये गये हैं। ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान के सामने पूरा देश एक साथ मुट्ठी तान कर खड़ा हो गया।

वैसे जनरल मुनीर की द्वि-राष्ट्र के विषाक्त सिद्धांत वाली वैचारिक जुगाली उस समय भी स्वतः ही खारिज हो जाती है, जब मुसलमान होते हुए भी तालिबान पाकिस्तान को अपना दुश्मन घोषित कर देता है और बलूचिस्तान मुक्ति सेना हमधर्मी पाक सेना के खून से होली खेलती है। मुसलमान मजहब के नाम पर एक राष्ट्र होते, तो पाकिस्तान से बांग्लादेश अलग क्यों होता? ईरान-इराक में युद्ध क्यों होते? 51 देशों में विभक्त इस्लामिक जगत अभी तक धर्म के नाम पर एक राष्ट्र क्यों नहीं बन पाया? इसी द्वि-राष्ट्र के सिद्धांत के ताबूत पर अब भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' ने एक और मजबूत कील ठोंक दी है।

भारतीय समाज की एकता समझाने के लिए पाकिस्तानी जनरल मुनीर को एक कथा सुनाना चाहूंगा। गंधर्वों द्वारा दुर्योधन को बंदी बनाये जाने पर अपनी पारिवारिक कटुता भुला कर युधिष्ठिर ने भीम को आदेश दिया कि वह जायें और युवराज दुर्योधन को गंधर्वों से मुक्त करवायें। भीम द्वारा प्रश्न किये जाने पर युधिष्ठिर कहते हैं कि हमारे परिवार में चाहे सौ मतभेद हों, परंतु दुनिया के लिए हम भरतवंशी 'सौ और पांच' नहीं 'एक सौ पांच' हैं। इसी तरह लोकतांत्रिक व्यवस्था के चलते भारतीयों में सौ मतभेद हो सकते हैं, परंतु दुश्मन के लिए हम भी वही हैं 'वयं पंचाधिकं शतं'।


**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### एग्रिको लिट्टी चौक मार्ग पर अवैध पार्किंग को लेकर बैठक

# एसडीओ ने कंपनियों को निगरानी तंत्र विकसित का दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा थाना अंतर्गत शहर के एग्रिको स्थित लिट्टी चौक से टाउन हॉल की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण के बावजूद अवैध पार्किंग के खिलाफ स्थानीय लोगो ने एसडीओ से शिकायत की। बुधवार को एसडीओ शताब्दी मजूमदार ने आम नागरिकों की शिकायत पर मामले को गंभीरता से लिया और टिमकेन, टाटा ब्लूस्कोप और टाटा स्टील डाउनस्ट्रीम प्रोडक्ट्स लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में एसडीओ ने अवैध पार्किंग की समस्या पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित कंपनियों को अपने ट्रांसपोर्टर्स के साथ बैठक कर भारी वाहन या अन्य वाहनो को अनावश्यक रूप से सड़क में खड़े नही रखने का स्पष्ट निर्देश दिये। उन्होंने कहा अवैध पार्किंग से न सिर्फ ट्रैफिक जाम बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। सभी वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों में ही खड़ा किया जाये। ताकि सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। एसडीओ ने सभी कंपनियों को अपने स्तर पर निगरानी तंत्र विकसित करने के लिए निर्देशित किया। ताकि सड़क पर नियमों का उल्लंघन न हो। उन्होंने चेतावनी दी यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो प्रशासन चालान, वाहन जब्ती और अन्य दंडात्मक कार्रवाई करेगी। प्रशासन ने यह भी संकेत दिया क्षेत्र में ट्रैफिक की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे निरीक्षण और बैठकें नियमित रूप से जारी रहेंगी।

## रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला थाना क्षेत्र के बीरबांस गांव निवासी 32 वर्षीय शक्तिपद कुंभकार का शव बुधवार सुबह सीनी-टाटा रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध अवस्था में मिला। सूचना मिलने पर पहुंचे थाना प्रभारी रामरेखा पासवान ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों के अनुसार शक्तिपद मंगलवार दोपहर करीब 3:30 बजे अपने दोस्त अंकुर कुंभकार के साथ चांडिल के लिए निकला था। अंकुर ने उसे चांडिल छोड़ने के बाद टाटा लौटने की जानकारी दी। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने संपर्क किया तो पता चला मृतक को कोलाबिरा में छोड़ा गया था। अगले दिन उसका शव रेलवे ट्रैक पर पाया गया। मृतक के पिता लखींद्र कुंभकार ने सरायकेला थाना में अज्ञात के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले के खिलाफ चला विशेष अभियान

**10 हिरासत में, चेतावनी के बाद रिहा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** बीते देर रात सरायकेला पुलिस ने क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों से लगभग 10 लोगों को पकड़ा गया। सभी को पीआर बांड भरवाकर चेतावनी देते हुए छोड़ दिया गया।पुलिस के अनुसार बीते कई दिनों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं शराबियों की हरकतों से आम लोगों में खासकर महिलाओं को असुविधा हो रही है। पुलिस के कारवाई के दौरान कई लोग शराब की बोतलें छोड़कर भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया।सब इंस्पेक्टर रामरेखा पासवान ने बताया सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई जारी रहेगी। गौरतलब है गैरेज चौक, बिरसा मुंडा स्टेडियम और साप्ताहिक हाट क्षेत्र में शाम होते ही मयखाना में तब्दील हो जाते हैं। गैरेज चौक में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के पास तक शराबियों की महफिल सजती है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया और उम्मीद जतायी इससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल होगी। छापेमारी टीम में अमिश कुमार, बृजेश कुमार, राकेश कुमार, ऋषि कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

## आम फलोत्पादन पर सम्मेलन में किसानों की आय वृद्धि पर डीडीसी ने दिया जोर



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले में आम के बड़े पैमाने पर उत्पादन को देखते हुए उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान की अध्यक्षता में सम्मेलन का आयोजन किया गया। बुधवार को सम्मेलन में किसानों को उचित बाजार और लाभकारी मूल्य दिलाने के उद्देश्य पर जोर दिया गया। उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने कहा राज्य सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन किसानों की आय में वृद्धि को लेकर गंभीर है। उन्होंने आम उत्पादन की संभावनाओं, आधुनिक कृषि तकनीकों और विपणन के बेहतर अवसर की किसानों को जानकारी दी। उन्होंने कहा बागवानी को एक सतत आजीविका के रूप में स्थापित करने हेतु किसानों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा। मौके पर कृषि, बागवानी एवं विपणन विभाग के अधिकारियों ने भी किसानों से संवाद किया। उन्हें विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर इंटेंट टू साल्यूशन, श्रीसरन्या और ऑल सीजन फॉर्म फ्रेश जैसी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने किसानों के आम उत्पाद को उचित मूल्य पर खरीदने और बाजार उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा किसानों से सीधे खरीद कर उन्हें ग्राहकों से जोड़ने का कार्य किया जायेगा। ताकि बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर किसानों को अधिक लाभ दिलाया जा सके। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमित प्रकाश, एपीओ, जनप्रतिनिधि, लाभुक किसान, बागवानी एवं कृषक मित्र, मेट, ग्राम रोजगार सेवक, कृषि पदाधिकारी, जेएसएलपीएस, सीएसओएस, एनजीओ प्रतिनिधि, आम विक्रेता एवं अन्य संबंधित हितधारकों की सक्रिय भागीदारी रही।

# जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के जिला पार्षद ने विधायक पर नजरअंदाज करने का लगाया आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर नया विवाद सामने आया है। भिलाई पहाड़ी क्षेत्र की जिला पार्षद प्रभावती दत्ता ने स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी पर विकास योजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन कार्यक्रमों में उन्हें जानबूझकर नजर अंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा विधायक सिर्फ दलाल प्रवृत्ति के लोगों को प्राथमिकता दे रहे हैं और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा कर रहे हैं। जिला पार्षद के पति पूर्व पार्षद सह झामुमो के जिला उपाध्यक्ष पिंटू दत्ता ने भी विधायक पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा पार्टी निष्ठा के बावजूद कार्यकर्ताओं को महत्व नहीं मिल रहा। उन्होंने आरोप लगाया विधायक भाजपा से जुड़े दलदली पंचायत के मुखर्जी परिवार को लाभ पहुंचा रहे हैं और झामुमो कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर रहे हैं। पिंटू दत्ता ने बताया इस संबंध में पार्टी के वरीय पदाधिकारी को संज्ञान में मिलने की अपील की। यदि स्थिति नहीं बदली तो इससे जनता का विश्वास टूट सकता है और झामुमो में संगठनात्मक असंतोष गहरा सकता है।

## पूर्णिमा साहू ने बीएसएफ जवान धीरज और उनके भाई निकेश को किया सम्मानित

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने बागुनहातु निवासी बीएसएफ जवान धीरज कुमार राय एवं उनके भाई निकेश कुमार राय का ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने पर सम्मानित किया। बुधवार को विधायक ने दोनों जवानों और उनके परिजनों को अंगवस्त्र और मिठाई देकर आभार जताया। विधायक ने कहा जमशेदपुर के वीर सपूतों की बहादुरी पूरे शहर के लिए गर्व की बात है। जवानों ने सीमा पर अपने अनुभव भी साझा किए।इस अवसर पर भाजपा के कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।


# एमबीएनएस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** एमबीएनएस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन आसनबनी में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य आतंकवाद के सामाजिक, मानसिक और वैश्विक प्रभावों पर चर्चा कर समाज में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना है।कार्यक्रम में संस्थान के छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वक्ताओं ने आतंकवाद के कारणों, इसके दुष्परिणामों और इसके विरुद्ध एकजुट होकर खड़े होने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा आतंकवाद केवल किसी एक देश या समुदाय की समस्या नहीं, बल्कि एक वैश्विक चुनौती है।जिसका सामना सभी को मिलकर करना होगा।सहायक प्राध्यापकों ने युवाओं को सतर्क रहने और शांति, एकता एवं भाईचारे का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें सभी ने आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ संकल्प लेने की शपथ ली।

## जमशेदपुर के साकची श्रीलेदर्स में संस्थापक सुरेश चंद्र डे की 35वीं पुण्यतिथि मनी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर के साकची बाजार स्थित श्रीलेदर्स में संस्थापक एवं स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय सुरेश चन्द्र डे की 35वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया।बुधवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे स्वर्गीय सुरेश चन्द्र डे की प्रतिमा पर मालार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की गयी। साथ ही उनके द्वारा स्थापित मानवीय और व्यावसायिक मूल्यों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय सुरेश चन्द्र डे की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी देशभक्ति, सामाजिक योगदान और आदर्शों को याद किया गया। इस अवसर पर उनके तीसरे पुत्र स्वर्गीय आशिष डे के योगदान को भी नमन किया गया,जिन्होंने अपने पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए समाज और राष्ट्र सेवा को प्राथमिकता दी। मौके पर साकची श्रीलेदर्स के सभी कर्मचारी और स्व. डे के परिवार लोग उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ सीमा से सटे गोदरमाना में लाडली सेवा सदन सील, संचालक सहित कई गिरफ्तार

अवैध अल्ट्रासाउंड मशीन रखकर भ्रूण हत्या, लिंग जांच किया जाता था

आजाद सिपाही संवाददाता




छापेमारी के दौरान मिला नवजात शिशु।

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर को गुप्ता सूचना प्राप्त हुई थी कि गोदरमाना में लाडली सेवा सदन में अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड किया जाता है। गोदरमाना रंका प्रखंड के आखिरी छोर पर छत्तीसगढ़ के बोर्डरपर अवस्थित है। उपायुक्त को सूचना मिली थी कि यहां पर अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड क्लीनिक चलाया जा रहा है। जहां झारखंड और छतीसगढ़ राज्य से गर्भवती महिलाएं आती है जहां गर्भ में पल रहे बच्चे का लिंग जांच किया जाता है। प्राप्त सूचना के आधार पर उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, रंका रूद्र प्रताप की अध्यक्षता में एक जांच दल का गठन किया गया। जिसमें शिवपूजन तिवारी अंचल अधिकारी रंका, डॉ असजद अंसारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, रंका और रोहित रंजन सिंह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रंका शामिल थे। बिना किसी को भनक लगे जांच दल द्वारा गोदरमाना पहुंच कर सीधे लाडली सेवा सदन पहुंच कर छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान संचालिका तबस्सुम आरा द्वारा बताया गया कि यहां कोई अल्ट्रासाउंड नहीं होता है। जबकि अस्पताल में भर्ती मरीज अंकिता देवी द्वारा बताया गया कि वे पूर्व में दो बार इसी केंद्र में अल्ट्रासाउंड करा चुकी हैं। मरीज द्वारा अल्ट्रासाउंड के लिए बताया गया कमरा बंद पाया गया। कमरा खोलवाने पर उसमें एक नवजात बच्चा पाया गया। इसी कमरे से सटे एक छोटा कमरा था। जिसपर वाशरूम लिखा हुआ था और ताला बंद था। जब उस कमरे को खोलवाया गया तो उसमें अल्ट्रासाउंड मशीन, बेड, जेल, गलब्स सहित अन्य सामग्री पाया गया। सेवा सदन में आये मरीज को पंजी मिला, जिसमें अल्ट्रासाउंड कराने आये हुए मरीज अमिता सिंह का नाम दर्ज पाया गया। उसकी पंजी और मरीज का पूर्व में इसी केंद्र पर कराये गये अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट को भी जब्त कर लिया गया।

छापेमारी के दौरान जांच दल को लाडली सेवा सदन गोदरमाना से बेहोश करने का इंजेक्शन-दवा, गर्भपात कराने की दवा-किट, कई प्रतिबंधित दवा, कई चिकित्सक के नाम का मोहर, पर्ची सहित अन्य आपत्तिजनक दवा और मेडिकल सामग्री भी मिला।

छापेमारी के दौरान नवजात शिशु (लड़का) लगभग 01 दिन जो मिला था। उसे बेहतर इलाज हेतु 108 एंबुलेंस से सदर अस्पताल, गढ़वा भेजा गया है, जहां एनआइसीयू में बच्चा इलाजरत है। सेवा सदन की संचालिका तबस्सुम आरा के द्वारा बताया गया कि यह बच्चा झाड़ी में फेका हुआ मिला है। इसके मां-पिता का कोई पता नहीं है। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को भी बच्चे के बारे में अवगत करा दिया गया है।

अल्ट्रासाउंड मशीन सहित सभी उपकरण और सामग्री को जब्त कर रंका थाना में रखा गया है, जबकि यहां पर पकड़े गये संचालिका तबस्सुम आरा और उनके पति शाहीद आलम जो सेवा सदन के मालिक है। उसके विरूद्ध रंका थाना में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। गुरुवार को हुई छापेमारी से स्पष्ट है कि इस क्लिनिक में अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड कर गर्भवती महिलाओं के बच्चे का लिंग बताकर गर्भपात विशेष परिस्थिति में ऑपरेशन करके भी गर्भपात कराया जाता था।

उपायुक्त शेखर जमुआर ने बताया कि गर्भ में पल रहे बच्चों का लिंग जांच करना तथा गर्भपात कराना गैरकानूनी कार्य है। इस कार्य में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को नहीं बक्शा जायेगा, साथ ही उन्होंने अपील किया कि कोई भी मेडिकल सेंटर/नर्सिंग होम इस प्रकार के अवैध कार्य न करें, अन्यथा उनके विरूद्ध भी इसी प्रकार से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## उपायुक्त ने की विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा

# योजनाओं का क्रियान्वयन समन्वय बनाकर करें: उपायुक्त

लंबित योजनाओं को पूर्ण करने को लेकर सभी मुखिया को दिए निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में गुरुवार को जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, मुखियागण, प्रमुखगणों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड क्षेत्र में चलाई जा रही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। कार्य संचालन की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए और कार्यो में प्रगति लाकर ससमय पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। **उक्त समीक्षात्मक बैठक में मुख्यतः** मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), अबुआ आवास, 15वें वित्त से संचालित योजना, पेयजल एवं स्वच्छता, स्वास्थ्य, जन वितरण प्रणाली, राशन कार्ड का ई केवासी ,समाज कल्याण विभाग, पेंशन योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, शिक्षा, कल्याण विभाग, कृषि, जेएसएलपीएस सहित अन्य विभागों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आहूत की गयी। विभागों से संबंधित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सर्वप्रथम उपायुक्त श्री जमुआर ने बैठक में उपस्थित मुखियागण तथा प्रखंड प्रमुखगणो से उनके पंचायतों में चलाई जा रही विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि अनुमंडल स्तर पर आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को एक मंच पर लाकर उनके अपने-अपने कर्तव्यों को आपसी समन्वय बनाकर संचालित कराना है। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से कहा कि आप सभी अपने-अपने पंचायतों में सरकार की जनकल्याकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अहम योगदान देते है। आपकी जनता भी आपसे इसकी अपेक्षा रखती है ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया कि वह अपने प्रखंडों में पंचायती राज के गाइडलाइन के तहत सभी पंचायतों में बैठक का आयोजन अवश्य करें तथा इसकी सूचना जनप्रतिनिधियों को अवश्य दे। कल्याण, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा आदि विभागों की समीक्षा करते हुए इन विभागों के अंतर्गत चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को योजनाओं से आच्छादित करने का निर्देश दिया गया।

## अबुआ आवास लाभुकों को बीडीओ ने एक सप्ताह के भीतर कार्य शुरू करने का दिया निर्देश



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ़ पंचायत अंतर्गत दासीपुर गांव में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार पहुंच अबुआ आवास कार्य शुरू नहीं करने वाले लाभुकों को निर्देशित किया हैं। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 471 लाभुकों को 2024-25 का प्रथम किस्त की राशि दी गयी है। इसी सिलसिले में आवास लाभुकों को शीघ्र आवास कार्य शुरू करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने लाभुकों को एक सप्ताह के भीतर आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं करने वाले लाभुकों को राशि रिकभरी करने की प्रक्रिया शुरू करने की चेतावनी दिया। इस मौके पर आवास कोर्डिनेटर राकेश कुमार, पंचायत सचिव आदित्य कुमार, सुरेश राम, रोजगार सेवक रामकुमार प्रजापति सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## एक पेड़ मां के नाम योजना की शुरुआत



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र में 21 से 23 मई तक आयोजित एक पेड़ मां के नाम योजना की शुरूआत की गयी। कार्यक्रम की शुरूआत बुधवार को नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल ने स्थल चयनित कर किया। पहले चरण में वार्ड नंबर 5 के बभनी खाड़ डैम एवं वार्ड 16 के जतपुरा गांव में निमार्णाधीन पार्क का चयन किया गया। सभी वार्डों के प्रमुख स्थल चयन को लेकर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल ने महिला स्वयं सहायता समूह के महिलाओं को रवाना किया। इस मौके पर नगर प्रबंधक प्रमेय मंडीलवार, रवि कुमार, सीआरपी तथा विभिन्न महिला समूह के सदस्य उपस्थित थे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा का आयोजन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सेना के साहस को सम्मानित करने सहित सेना के वीर जवानों के शहादत के सम्मान मे मंगलवार की संध्या भवनाथपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव की अध्यक्षता मे खरौंधी मोड़ से कपूरीं चौक तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों मे तिरंगा के साथ भारतीय सेना के जयघोष के साथ भारत माता की जय, देश की सेना जिंदाबाद के नारे गूंजते रहे। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर में बलिदानियों का स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि इतिहास में पहली बार परमाणु हथियार संपन्न देश के ऊपर ऐसी कार्रवाई की गयी। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम, भारतीय सेना जिंदाबाद, वीर बलिदानी अमर रहें के जयकारों के साथ सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मनोज सिंह, अनिल चौबे, अरुण गुप्ता, सुनिल सिंह, धनंजय साह, सुरेश साह, अजय सोनी, रवि पाल, संतोष यादव, भानु गुप्ता, दयानन्द प्रजापति, मनोज रजक, विजय महतों, निरंजन पाठक, जीवधन साह, सूर्यकांत राज, प्रदीप यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# बीडीएसयू में एंटी रैगिंग से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में गुरुवार को एंटी रैगिंग से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अपने अनुरूप किसी भी प्रकार से सीनियर छात्रों के द्वारा कोई भी कार्य को जबरदस्ती करना या शोषण करने से रोकने के लिए तथा इस शोषण में उनके साथ देना किसी भी प्रकार से रैगिंग में साथ न देने के लिए तथा जो छात्र रंगिंग कर रहे हैं उनका विरोध करना तथा अपने विभाग के विभाग अध्यक्ष को सूचना करना मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में फार्मेसी संकाय के प्रधानाध्यापक डॉ प्रोफेसर मनीष दुबे, नेहा खरे, महेश सिंह, अंकित तिवारी तथा अन्य शिक्षक गणों की उपस्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम में राकेश सिंह के नेतृत्व में सफल बनाया गया। तथा बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एमके सिंह और विश्वविद्यालय के कुल अधिपति दिनेश प्रसाद सिंह के द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

# कांडी में निकाली गयी तिरंगा यात्रा



देश की एकता के समर्थन में गूंजे देशभक्ति के नारे

**कांडी (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के पहलेगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में बुधवार को कांडी भाजपा मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा दोपहर में आयोजित की गयी, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। ज्ञात हो कि पाकिस्तानी आतंकियों ने सीमावर्ती क्षेत्र पहलेगाम में भारतीयों पर गोलियां बरसाकर देश की एकता और अखंडता को चुनौती देने की साजिश की थी। इस हमले के बाद भारतीय सुरक्षाबलों ने साहसिक कार्रवाई करते हुए हमलावर आतंकियों और साजिशकताओं को मुंहतोड़ जवाब दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय', 'देश की एकता बनी रहे', और 'जो भारत से टकरायेगा, चूर-चूर हो जायेगा' जैसे देशभक्ति नारों से वातावरण गूंज उठा। इस मौके पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष शशिरंजन दुबे, किसान मोर्चा के राज्य कार्यसमिति सदस्य रामलला दुबे, शिव पांडेय समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल भवनाथपुर सीएचसी में बल्कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आरंगी और प्रखंड के 17 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में एक साथ किया गया। इन सभी स्थलों पर सीएचओ और एएनएम के सहयोग से शिविर का संचालन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस विशेष शिविर में स्वास्थ्य से संबंधित कई महत्वपूर्ण सेवाएं आमजन को निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक ने बताया कि शिविर के दौरान विशेष रूप से एनसीडी, सिकल सेल एनीमिया और तपेदिक जैसी गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक जांच और स्क्रीनिंग की गयी। शिविर में परिवार नियोजन, मातृ और शिशु टीकाकरण तथा स्वच्छता एवं पोषण से संबंधित जानकारी प्रदान की गयी। इस मौके पर डॉअभिनीत विश्वास, डॉ फैज, आयुष्मान मित्र गुप्तेश्वर प्रसाद, अनूप सुनील पटेल, अनुज, धर्मजीत राम सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अन्य कर्मियों का सहयोग रहा।

## मेराल में वज्रपात से तीन मवेशियों की मौत

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में वज्रपात की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार को दोपहर बाद अचानक आई तेज आंधी तूफान एवं बारिश के बीच वज्रपात की चपेट में आने से तीन पशुओं की मौत हो गयी। इसके दो दिन पूर्व थाना क्षेत्र में चार जगह पर हुई वज्रपात की घटना में तीन लोगों की मौत तथा 5 लोग घायल हो गए थे। जानकारी अनुसार मेराल थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग जगह पर हुए वज्रपात की घटना से तीन पशुओं की मौत हो गई है। जिसमें करकोमा गांव के वार्ड नंबर 8 निवासी सीमित्री देवी का गाय एवं बछड़ा की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हो गयी, जबकि मेराल नेनुआ मोड के पास रोड किनारे वज्रपात की चपेट में आने से एक अन्य मवेशी की मरने की खबर है। करकोमा गांव निवासी पशुपालक सीमित्री देवी ने इस घटना की सूचना मेराल थाना को देते हुए प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है।

## राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला कांग्रेस कार्यकाल में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षा गढ़वा जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने किया। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरेंद्र नाथ तिवारी, अलख निरंजन चौबे ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी सूचना क्रांति के जनक थे। मौके पर कांग्रेस नेता त्रिपुरारी सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष खुर्शीद आलम, अक्षय राम, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मोसाहिद हुसैन, खालिद, नूतन, विजय, कुश इत्यादि मौजूद थे।

## पंद्रह वर्षों से चल रहे भूमि विवाद का हुआ समाधान, थाना प्रभारी की पहल लायी रंग

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के बीरबल गांव के सूर्य मंदिर से जुड़ा एक दशक से अधिक पुराना भूमि विवाद आखिरकार सुलझा लिया गया है। यह विवाद गांव के निवासी प्रसिद्ध प्रजापति एवं उनके परिवार तथा स्थानीय ग्रामीणों के बीच सूर्य मंदिर को लेकर करीब 15 वर्षों से चला आ रहा था। इस विवाद को लेकर पहले भी तीन बार भूमि मापी की जा चुकी थी और दोनों पक्षों के बीच तीन से अधिक बार कानूनी कार्रवाई भी हो चुकी थी, लेकिन विवाद का समाधान नहीं निकल पा रहा था। स्थानीय प्रशासन की कई कोशिशों के बावजूद यह मामला लगातार उलझा रहा। लेकिन बुधवार को थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार की सक्रिय पहल और समझदारी से इस लंबे समय से चला आ रहा विवाद शांतिपूर्वक सुलझा लिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि उनके संज्ञान में यह मामला काफी दिनों से लंबित चला आ रहा था जिसका निपटारा पूर्व जिला परिषद नंद गोपाल यादव, प्रखंड प्रमुख अजय साह, स्थानीय मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, नंद किशोर यादव, सूर्य मंदिर बीरबल के अध्यक्ष देवराज प्रजापति सीताराम चंद्रवंशी, भोला साव, नगीना साव, बिंदेश्वरी भुइयां के सहयोग से गुरुवार को करा लिया गया है।

**जिला अभियंता का कार्यालय,
जिला परिषद, सिमडेगा।**

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा संख्या –(01/2025-26) PR351898 Simdega (25-26)D को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद सिमडेगा

PR 353138 (Simdega) 25-26 (D)

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा**
**(आपूर्ति शाखा)**

**(प्रेस विज्ञप्ति)**

एदद द्वारा सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत भारत सरकार के दिशा निर्देश के आलोक में राष्ट्रीय खाद्य सुाक्षा अधिनियम के तहत माह अगस्त 2025 तक के अवधि के लिए खाद्यान्न के अग्रिम उठाव एवं वितरण किया जाना है।

माह जून 2025, जुलाई 2025 एवं अगस्त 2025 के लिए खाद्यान्न का वितरण की समयावधि इस प्रकार है :–

| क्रम | माह | वितरण की अवधि |
|---|---|---|
| 01 | जून, 2025 एवं जुलाई, 2025 | दिनांक 01.06.2025 से 15.06.2025 तक |
| 02 | अगस्त, 2025 | दिनांक 16.06.2025 से 30.06.2025 तक |

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 353078 Food Public Distribution and Consumer Affairs (25-26)_D


# 'स्वच्छ गढ़वा, सुंदर गढ़वा' की इमारत में नींव के पत्थर हैं स्वच्छता कर्मी: एसडीएम

स्वच्छता कर्मियों के स्वागत में मेजबान बने एसडीएम

कॉफी टेबल पर स्वच्छता कर्मियों से एसडीएम ने किया संवाद

75 स्वच्छता कर्मी को अंग वस्त्र प्रदान कर एसडीएम में किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने अपने एक घंटे के नियमित साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में गढ़वा जिले के स्वच्छता कर्मियों को बुधवार को अपने यहां कॉफी पर आमंत्रित किया था। उनके इस आमंत्रण पर गढ़वा एवं मझिआंव क्षेत्र के 75 स्वच्छता कर्मियों ने संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। एक घंटे से अधिक चले इस अनौपचारिक संवाद कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने न केवल स्वच्छता कर्मियों से उनकी समस्याएं जानीं, शहर के विकास में उनके सुझाव लिए, बल्कि उनके योगदान को रेखांकित करते हुए अंग वस्त्र प्रदान कर सार्वजनिक रूप से सभी को सम्मानित भी किया।

**रखीं समस्याएं, दिए सुझाव** आमंत्रित सदस्यों ने अपनी निजी समस्याओं जैसे राशन कार्ड, आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, घर के बुजुर्गों की पेंशन आदि जैसे मुद्दों से जुड़ी शिकायतें और समस्याएं रखीं जिन्हें एसडीएम ने एक-एक कर नोट किया तथा सभी को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के निस्तारण की दिशा में संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों ने शहर की बेहतरी को लेकर कई सकारात्मक सुझाव भी दिये।

**समय से मानदेय भुगतान हो :** मझिआंव नगर पंचायत से पहुंचे स्वच्छता कर्मियों में से समुद्री देवी, शकुंतला देवी, अरुण कुमार, राकेश कुमार, बबलू राम, गोविंदा तथा विकास कुमार आदि ने कहा कि उन लोगों को समय से मासिक मजदूरी नहीं मिल पाती है, कई महीनों के बकाया होने के उपरांत एक-एक महीने की मजदूरी मिलती है। उन्हें हर माह ससमय मजदूरी मिले।

**ज्यादातर ने बतायी आवास की जरूरत :** ज्यादातर स्वच्छता कर्मियों ने अपने परिवार के लिए आवास मुहैया करवाने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि गढ़वा के ज्यादातर स्वच्छता कर्मी टंडवा के स्वीपर मोहल्ला जिसे अब विवेकानंद कॉलोनी के नाम से जाना जाता है वहां रहते हैं, नदी किनारे बसी इस स्लम बस्ती में लोगों ने झोपड़ी नुमा घर तो बना लिया है लेकिन उन लोगों के पास इसका मालिकाना हक या रसीद आदि नहीं है इसलिए उनको प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस दिशा में उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी से अनुरोध किया कि वे स्लम विकास परियोजना के तहत उनके आवास बनवाने की दिशा में आवश्यक पहल कर सकते हैं। सोनवा देवी, शीला देवी, रीता देवी आदि ने कहा कि उन्हें जो तनख्वाह मिल रही है उससे उनका भरण पोषण तो हो जाता है किंतु आवास की समस्या बरकरार है, इसलिए अनुमंडल एवं जिला प्रशासन उन्हें आवास देने पर ज्यादा ध्यान देते हुये कोई सार्थक पहल करें।

**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL, NETARHAT**
(An autonomous Institution under School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)

Letter No. - 1024 Date- 21.05.2025

**EXPRESSION OF INTEREST ARE INVITED FOR AMC OF AC AT SCHOOL AUDITORIUM.**

Netarhat Vidyalaya, a fully residential boys' senior secondary school is located 155 km. from Ranchi on top of beautiful Netarhat plateau at a height of about 3700 ft. It is under Latehar district of Jharkhand state. This being a premier government educational institution the state government has granted it an autonomous status since, 2009 and is now being administered by 'Netarhat Vidyalaya Samiti', registered under the Societies Registration Act, 1860. However, state government's budgetary support to it continues as before.

Expression of Interest are invited from eligible firms for Annual Maintenance Contract of Air Condition system installed at School Auditorium. The interested firms may visit the school Auditorium on 03rd June 2025 to know the present status of AC. A Pre-bid meeting regarding this is also planned on 04th June 2025 at 11.00 a.m. to discuss about the necessary things to be done while maintaining the Air Condition System of School Auditorium. Based on the final discussion held during the meeting, the Interested parties may submit their expression of interest superscribing "EOI for AMC of AC at School Auditorium" separately for technical & financial bids to the undersigned on or before 10th June, 2025 till 02.00 p.m. The tender document will be opened on same date at 04.00 p.m. in the office chamber of the undersigned. The bidders may be present at the time of opening of the bid. The undersigned shall have the right to reject all or any of the proposals without assigning any reasons thereof.

**Other related information can be seen on the school's website www.netarhatvidyalaya.com**

Sd/-
Principal,
Netarhat Residential School Netarhat

PR 353107 (Human Resource Developement) 25-26 (D)

# पारिवारिक विवाद में पति ने की पत्नी की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुआडांड़।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ओरसा पंचायत अंतर्गत ग्राम शीशाडीह में चौंकाने वाली खबर सामने आई है। जहां पारिवारिक विवाद में पति ने अपनी पत्नी हत्या कर दी। सोमवार की देर रात सिद्धू नगेसिया की अपनी पत्नी त्रिशीला नगेसिया के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ। बातों बातों में विवाद बढ़ता गया और गुस्से में आकर सिद्धू नगेसिया ने जलावन के लिए रखे हुए लकड़ी से पत्नी के सिर पर जोरदार प्रहार किया, जिससे सर फटने से पत्नी की मौत हो गयी। इसके बाद पति ने शव रात भर घर में रखा। सुबह जब सिद्धू नगेसिया का पुत्र सुबह अपने चाचा के घर से वापस घर पहुंचा, तो देखा कि मां का शव घर में पड़ा है, जिसके बाद पुत्र ने तुरंत आस पास के लोगों को इसकी जानकारी दी। ग्रामीणों ने स्थानीय मुखिया के द्वारा घटना की जानकारी महुआडांड़ थाना को दिलवाया। घटना की सूचना मिलते थाना प्रभारी मनोज कुमार, पुअनि इंद्रदेव रजवार, पुअनि गगन प्रधान ने पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मृतिका के भाई के द्वारा हत्या का मामला दर्ज कराया, जिसके बाद पुलिस ने हत्या के आरोपी सिद्धू नगेसिया को गांव से गिरफ्तार करके लातेहार जेल भेजा दिया। पुलिस द्वारा शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा गया।

# बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में शुरू हुआ बीड़ी पत्ता का खेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में वन विभाग के लाख प्रयास के बाद भी माफिया पीटीआर वन क्षेत्र से अवैध रूप से बीड़ी पत्ता की तोड़ाई और बीड़ी पत्ता इन दिनों संग्रह कर रहे हैं। इसके बाद भी वन विभाग अभी तक माफियाओं पर नकेल कसने में सफल नहीं हुई है। बता दें कि बीड़ी पत्ता की तुड़ाई के लिए सरकार के द्वारा चिन्हित किये गये वन क्षेत्रों के लिए टेंडर भी कराया जाता है, लेकिन कई ऐसे जंगली इलाके भी होते हैं। जहां बीड़ी पत्ता तोड़ना पूरी तरह प्रतिबंधित होता है, लेकिन बीड़ी पत्ता का सीजन आते ही इन इलाके में तस्कर इतने सक्रिय हो जाते हैं कि प्रतिबंधित वन क्षेत्रों में भी धड़ल्ले से बीड़ी पत्ता की तुड़ाई हो रही ही। इसी प्रकार का नजारा इन दिनों बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र के मोरवाई,सैदुप,छेचा, बढनिया, ततहा,झरना,मंडल, छिपादोहर, केड, चुंगरु,अमवाटिकर, ओपाग, होशिर,लात मुंडू, हरातू के जंगलों में आसानी से देखा जा सकता है। प्रखंड के लगभग सभी जंगली क्षेत्रों में इन दिनों बीड़ी पत्ते की तोड़ाई हो रही है। जो पलामू टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आता है।

**अवैध तरीके से बीड़ी पत्ते की तोड़ाई में नहीं देना पड़ता राजस्व, पर बिगड़ जाता है रेट**

यहां दिलचस्प बात यह है कि बीड़ी पत्ता का अवैध कारोबार करने वाले लोग बीड़ी पत्ता तोड़ने वाले मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित दर से भी थोड़े ज्यादा पैसे देने का लालच देते हैं। क्योंकि अवैध रूप से बीड़ी पत्ता का कारोबार करने वाले लोगों को सरकार को किसी भी प्रकार का राजस्व नहीं देना पड़ता है। इस कारण उन्हें अवैध रूप से बीड़ी पत्ता तोड़ने वाले मजदूरों को थोड़े अधिक पैसे देने में भी कोई नुकसान नहीं होता, जबकि अन्य जगह टेंडर लेकर काम करने वाले संवेदक को राजस्व के रूप में सरकार को भारी भरकम रकम देनी पड़ती है। इस कारण सरकार के द्वारा निर्धारित मजदूरी दर से अधिक पैसे देने से संवेदक इनकार करते हैं। इसका फायदा अवैध कारोबार करने वाले लोग उठाते हैं और सुरक्षित वन क्षेत्र में खलिहान लगाकर सामान्य वन क्षेत्र से तोड़े जाने वाले पत्तों को भी अवैध रूप से खरीद लेते हैं, जिससे वैध संवेदकों को भारी नुकसान होता है।

**बीड़ी पत्ता खरीदारी करने के क्या हैं नियम**

बीड़ी पत्ता खरीदारी का भा नियम बनाया गया है, इसके अनुसार वन विभाग के निगम के द्वारा बीड़ी पत्ता तोड़ने के लिए सामान्य जंगलों की नीलामी करायी जाती है। नीलामी में कई संवेदक भाग लेते हैं। अधिकतम बोली लगाने वाले संवेदक को बीड़ी पत्ता तुड़वाने का ठेका दिया जाता है. इसके बाद मजदूर लगाकर बीड़ी पत्ता की तोड़ाई करवाई जाती है. इस पूरी प्रक्रिया में वन विभाग को बड़ा राजस्व भी प्राप्त होता है, परंतु सुरक्षित वन क्षेत्रों में बीड़ी पत्ता तुड़ाई की अनुमति नहीं मिल सकती, इसलिए यहां के लिए टेंडर भी नहीं होता।

# राशि दिलाने के नाम पर आवास मित्र ने की रिश्वत की मांग, लाभुक ने लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** गरीबों को मकान के दूसरी किस्त की राशि दिलाने के लिए मंगरा के आवास मित्र मुकेश कुमार ने मांगी 5000/-रुपये की रिश्वत की मांग की है। उक्त आरोप डोरामी निवासी मैत्री कुंवर ने लगाया है। इस संबंध में मंगरा पंचायत के डोरामी निवासी मैत्री कुंवर ने बताया कि आवास मित्र दूसरी किस्त की राशि 85 हजार रुपये डलवाने के लिए पैसे की मांग की है।जिसके एवज में 1000/-की नगद राशि भी ले लिए हैं। उसके बाउजूद 5000/- जब तक नहीं देते तबतक काम नहीं कराने की बात कही। बता दे कि गरीब परिवार के सिर पर छत मुहैया कराने के लिए केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना लोगों कल्याणकारी योजना है, लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त लोगो को पल्ले ही नही पड़ रहा है।दरअसल बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों मामला आम हो गया। एक से बढ़कर एक मामले प्रकाश मे आ रहे है। उसके बाउजूद आलम जस का तस बना हुआ हैं। उधर मामले पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने बताया अगर ऐसी बात है तो इसकी जांच कराई जायेगी। जांच में दोषी पाये जाने पर कार्रवाई की जायेगी।

## वज्रपात से 28 पशुओं की मौत



मनिका(आजाद सिपाही )। प्रखंड क्षेत्र के विशुनबांध पंचायत के व्याग गांव में बुधवार को वज्रपात से 28 पशुओं की मौत हो गयी है, जिसमें मनोज यादव के 3, गुठल यादव के 2,गंगेश्वर यादव के 3, देवन यादव के 2,छठन यादव के 2,कमलेश यादव के 2,राजू यादव के 1,दिलेश्वर यादव के1, दामोदर यादव के 12 पशुओं की मौत हो गयी है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा उक्त घटना की सूचना मनिका अंचल को और पशुपालन विभाग को दे दी गयी है।

## गांजा बरामद, आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल, महिला तस्कर फरार

लोहरदगा(आजाद सिपाही )। सदर थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की और भारी मात्रा में नशीली सामग्री जब्त की। इस अभियान के दौरान पुलिस ने कैमो केन टोली निवासी 34 वर्षीय दिलीप प्रजापती, पिता सुदामा प्रजापती को गिरफ्तार किया। बुधवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उसके खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एवं मनोप्रभावी पदार्थ अधिनियम ठ्उढर अूउ, की धारा 20(बी) (क्क)(अ)/32 के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं ब्लॉक मोड़ स्थित दुकान की संचालिका रेखा देवी पुलिस की कार्रवाई के दौरान अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गयी, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। इस पूरे अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर ने किया, जबकि विशेष छापामारी दल का गठन सब-इंस्पेक्टर रमेश कुमार सिंह के निर्देशन में किया गया था। टीम में अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार, एएसआई अमरनाथ पाण्डेय, चालक सत्यकिशोर कुमार, चालक मुकेश कुमार शर्मा, आरक्षी कृष्णा रजक, पुष्पा देवी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पहली छापेमारी ब्लॉक मोड़ स्थित रेखा देवी की दुकान पर की गयी, जहां से पुलिस को देखकर वह भाग निकली। तलाशी के दौरान दुकान से विभिन्न प्रकार के गांजा पुड़िया, चिलम में भरा सूखा गांजा, रंगीन कागज में लपेटा गया गांजा, ₹ब्लेज अप₹ नामक पैकेट और 47 मिट्टी के चिलम बरामद किये गये। बरामद गंज का कुल वजन लगभग 450 ग्राम आंका गया। दूसरी छापेमारी दिलीप प्रजापती की दुकान पर की गयी, जहां से 240 गांजा से भरे सिगरेट, चार गांजा पुड़िया और 44 मिट्टी के चिलम बरामद हुए। पूछताछ के दौरान दिलीप ने स्वीकार किया कि उसने गांजा बड़ा तालाब क्षेत्र से खरीदा था, लेकिन आपूर्तिकर्ता की जानकारी नहीं दे सका और न ही कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर पाया। थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने कहा कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस युवाओं को नशे की गिरफ्त में जाने से रोकने के लिए प्रतिबद्ध है और यह अभियान समाज को सुरक्षित और नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि यदि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस कार्रवाई को नशा तस्करों के खिलाफ एक बड़ी सफलता माना जा रहा है, और वरिष्ठ अधिकारियों ने छापामारी दल की तत्परता और कार्यकुशलता की सराहना की है।

## सड़क हादसे में तीन घायल, दो रिम्स रेफर

बारियातू(आजाद सिपाही )। थाना क्षेत्र अंतर्गत बारीखाप गांव के समीप बुधवार को एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने सड़क पार कर रहे वृद्ध को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में वृद्ध समेत तीन लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, गाड़ी गांव निवासी लालदेव सिंह (75 वर्ष), पिता- शंभू सिंह सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान बरनी गांव निवासी सुधीर कुमार (18 वर्ष), पिता- छठू गंझु एवं रोहित गंझु (18 वर्ष), पिता- गुडन गंझु मोटरसाइकिल से गुजर रहे थे। बाइक अनियंत्रित हो जाने के कारण वृद्ध को टक्कर लग गई और दोनों युवक भी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद बारियातू पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद वृद्ध लालदेव सिंह और रोहित गंझु की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

# नंदकिशोर शुक्ला बने सांसद प्रतिनिधि

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की सेन्हा निवासी पूर्व प्रखंड अध्यक्ष नन्दकिशोर शुक्ला को लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने सेन्हा प्रखंड प्रतिनिधि मनोनीत किया है। वही बुधवार को सांसद सुखदेव भगत ने श्री शुक्ला को प्रतिनिधि मनोनीत करते हुए प्रमाण पत्र दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी को भेजें गए पत्र में जानकारी देते हुए सांसद सुखदेव भगत ने बताया है कि मुर्की सेन्हा निवासी नन्दकिशोर शुक्ला को सेन्हा प्रखंड का सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया जाता है, जिस निमित सांसद की गैरमौजूदगी में नन्दकिशोर शुक्ला सरकार के द्वारा प्रायोजित बैठक,सभा और सम्मेलन में शुक्ला सांसद प्रतिनिधि के रूप में प्रतिनिधित्व करेंगे। विकास योजनाओं के क्रियान्वयन व मुल्यांकन में प्रशासन के साथ संबंध स्थापित करेंगे। वही सांसद सुखदेव भगत के सेन्हा प्रखंड प्रतिनिधि बनने के बाद नन्दकिशोर शुक्ला ने कहा कि प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं में अनियमितता तथा लापरवाही सहन नहीं होगी। लापरवाह अधिकारियों व ग्रामीण जनता को परेशान करने वालें अधिकारियों और कर्मियों के विरुद्ध कारवाई के लिए सांसद एवंजिला प्रशासन को पत्राचार जानकारी दिया जायेगा। सरकार द्वारा संचालित विकास सभी योजनाओं का लाभ जनता को मिले यही प्राथमिकता होगी। वही नन्दकिशोर शुक्ला को सेन्हा प्रखंड सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर कांग्रेस कार्यकताओं में हर्ष है.बधाई देने वालों में सूखैर भगत,प्रकाश उरांव,इमरान आजाद अंसारी,इम्तियाज अंसारी,दुखिया उरांव,फिरोज अंसारी,सुखदेव उरांव,जमील अंसारी,ईश्वर सहाय कुजूर, सगीर अंसारी समेत अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हैं।

## बालिका वधू बनने से बची नाबालिग



बरवाडीह (आजाद सिपाही )। बरवाडीह प्रखंड के बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी (सीएमपीओ सह बीडीओ रेशमा रेखा मिंज और बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार की पहल से एक नाबालिग को बालिका वधू बनने से बचा लिया गया। बता दें कि बरवाडीह के मंगरा पंचायत में एक नाबालिग का विवाह मंगलवार को होना तय था। बारात मध्यप्रदेश से आ भी चुकी थी। इसके एक दिन पूर्व ही बाल कल्याण समिति लातेहार व जिला बाल संरक्षण इकाई लातेहार को बाल विवाह होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद सीडब्ल्यूसी और डीसीपीओ स्तर से बाल विवाह रोकने के लिए सीएमपीओ को त्वरित करवाई करने सम्बंधि पत्र जारी किया गया, जिसके बाद बीडीओ सह सीएमपीओ एवं बरवाडीह थाना के साथ बचपन बचाओ आंदोलन,वेदिक सोसाइटी एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने बालिका को रेस्क्यू करते हुए थाना लाया गया।जहां से लड़की को सीडीसी के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए भेजा गया। मामले में ने बाल विवाह की गंभीरता को देखते हुए नाबालिक लड़की को फिलहाल सीडब्ल्यूसी के निर्देश पर वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है। परिजनों द्वारा लिखित उपबंध देने के बाद लड़की को उसके परिजनों को सुपुर्द किया जायेगा।

# डीएलसीसी/डीएलआरसी और सीडी रेशियो सब-कमिटी की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में डीएलसीसी/डीएलआरसी और सीडी रेश्यो सब-कमिटी की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में माह दिसंबर एवं माह मार्च तक एसीपी अचीवमेंट की समीक्षा की गयी, जिसमें उपलब्धि 74.76 प्रतिशत पाया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा बैंकों की आउटरीच बढ़ाने का निर्देश दिया गया। सीडी रेश्यो बढ़ाने के लिए सभी बैंकों को अपनी योजनाओं की रूपरेखा तैयार कर कार्य करने का निर्देश दिया गया। फसल केसीसी और पशुपालन एवं मत्स्य पालन ऋण में उपलब्धि बढ़ाने का निर्देश दिया गया। बैंकवार स्वयंसहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज दिये जाने की समीक्षा की गयी। गवर्नमेंट स्पॉन्सर्ड स्कीम मुद्रा ऋण, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएमएफएमई , पीएम-स्वनिधि योजनाओं की समीक्षा की गई और सभी बैंकों को दो सप्ताह के अंदर लक्ष्य हासिल करने का निदेश दिया गया। आरसेटी निदेशक को युवक-युवतियों को प्रशिक्षण उपरांत क्रेडिट उपलब्ध कराने और आय सृजन कराने के लिए निर्देश दिया गया।

## राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में राजेंद्र भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखैर भगत ने की। कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके पश्चात उनकी स्मृति में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि राजीव गांधी ने अपने दूरदर्शी सोच और मजबूत नेतृत्व के साथ आधुनिक भारत की नींव रखी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने देश में कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति की शुरूआत की, जिससे भारत विश्व में एक उभरती तकनीकी शक्ति बन सका। उन्होंने युवाओं को राजनीति में भागीदारी देने के लिए मतदान की आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष कर दी। साथ ही पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने और नई शिक्षा नीति की नींव रखने जैसे ऐतिहासिक निर्णय लिया। इस अवसर पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि राजीव गांधी एक दूरदर्शी और प्रगतिशील नेता थे जिन्होंने अपने निर्णयों से भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के विचार और कार्य आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। कार्यक्रम में शामिल प्रमुख नेताओं में प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जिला उपाध्यक्ष मोहन दुबे, महासचिव सदरुल अंसारी, प्रवक्ता प्रदीप विश्वकर्मा, विशाल डुंगडुंग, मुजम्मिल अंसारी, परवेज सिद्दीकी, संगीता उरांव, राजू कुरैशी, जुगल भगत, विनोद खैरवार, मुनीम अंसारी, रुस्तम अंसारी, कविश जायसवाल, संतोष महतो, तारीख अनवर, रफीक अंसारी, असलम अंसारी, बुधवा उरांव, रिजवान अंसारी, दानिश अली, रऊफ खान, रेहान अख्तर, मुजाहिर अंसारी, अरशद अयूब, जफर इमाम, मुर्शीद आलम, मुसनीफ खान, परवेज अंसारी, शौकत अंसारी समेत अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम अंत तक श्रद्धा, संकल्प और विचारों की गूंज से ओतप्रोत रहा।

# शिक्षकों का प्रयास और बच्चों की लगन से ही यह कार्य पूरा हुआ : तृप्ति भारती

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार जिला स्टेडियम के पास स्थित जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीबीएसई 10 वीं और 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में टॉपर छात्रों के अलावा उनके शिक्षकों को भी उनके बेहतर योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्य तृप्ति भारती ने कहा कि विद्यालय के छात्र और शिक्षकों के बेहतर समन्वय एवं सामुहिक प्रयास से ही यह संभव हो पाया है। उन्होने कहा कि न सिर्फ शिक्षकों ने अपने दायित्व का पूरी इमानदारी और तन्मयता के साथ निवर्हन किया वरन छात्रों ने भी अपनी भागीदारी निभायी। उन्होने कहा कि यह गर्व की बात है कि एसओई के झारखंड की टॉप टेन में इस विद्यालय की छात्रा अनविशा तीसरे स्थान पर है। टॉप 21 में इस विद्यालय की चार छात्राओं का नाम शामिल है। यह उपलब्धि कम नहीं है। उन्होने कहा कि सामुहिक रूप से काम करने का परिणाम हमेशा सकारात्मक होता है। भारती ने सफल छात्रों को शुभकामनायें दी और एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की सलाह दी। कहा कि हमेशा सकारात्मक विचार अपने मन में रखना चाहिए, जो बच्चे कम नहीं अंक लाये हैं, ऐसा नहीं है कि उनमें प्रतिभा नहीं है. उन्होने कहा कि अंक तो एक नंबर मात्र है। कम अंक लाने वाले छात्र भी उच्चे मुकाम हासिल किये हैं। उप प्राचार्य नरेंद्र पांडेय ने भी छात्रों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मी और छात्र एक परिवार की तरह हैं. हमें एक दूसरे का हाथ थाम कर हौसला अफजाई करते हुए आगे बढ़ना है। उन्होने कहा कि छात्र और शिक्षक के बीच एक भावनात्मक संबंध होना चाहिए, तभी परिणाम अपेक्षानुरूप आता है। कार्यक्रम में छात्रों को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। शिक्षकों भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दशरथ सिंह, नीलेश कुमार, आनंद कुमार, राघवेंद्र, संजू आदि मौजूद थे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा की सीएसपी शाखा के बंद होने से ग्राहकों की परेशानी बढ़ी

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। लातेहार जिला अंतर्गत बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित मुरपा मोड़ चौक पर इग्यारह वर्षों से संचालित बैंक ऑफ बड़ौदा की सीएसपी शाखा चार दिनों से लातेहार बैंक ऑफ बड़ौदा के एक दबंग एकाउंटेंट के कारण बंद हो गयी है। इससे बैंक से जुड़े सैकड़ों छोटे, बड़े उपभोक्ता काफी परेशान हैं। सीएसपी शाखा का आउट गोइंग ,लेन देन पिछले शनिवार से ही बंद है, जिससे बैंक को प्रति दिन लाखो रूपऐ लेन देन का नुकसान हो रहा है। वहीं जिस कारण उपभोक्ताओं ने सीएसपी मे जाकर लेन देन के लिए रोज हंगामा कर रहे है। और लातेहार बैंक ऑफ बड़ौदा का जमकर विरोध भी कर रहे हैं। हांलांकि लातेहार बैंक ऑफ बड़ौदा के वर्तमान शाखा प्रबंधक का वहा से स्थानांतरित होने से अब तक नये शाखा प्रबंधक का पद रिक्त हैं। हालांकि बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित मुरपा मोड़ सीएसपी संचालक से सारे कारणों के कारण पूछा गया तो उन्होंने कुछ भी बताने से इंकार करते हुए कहा कि लातेहार बैंक मे नये शाखा प्रबंधक के आने से सब कुछ साफ हो जायेगा की बालूमाथ सीएसपी बंद होने का कारण क्या है।

## झारखंड सरकार शराब नीति बनाने में मस्त : पवन तिग्गा



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा के युवा नेता पवन तिग्गा लोहरदगा जिला के हेसल पंचायत के ग्राम कुजरा मोड से पॉलिटेक्निक कॉलेज, कस्तूरबा विद्यालय, हाई स्कूल कुजरा एकलव्य विद्यालय, कुजरा आंगनबाड़ी केंद्र और अन्य सरकारी प्रस्थान स्थापित किया गया है।और इसी सड़क से होते हुए किस्को प्रखंड कार्यालय को जोड़ती है। और होन्दगा फटय टोली नीनी दरगाह टोली के जनता को जिला मुख्यालय आने के लिए बहुत नजदीक होता है। होन्दगा नदी का पुल टूट गया है। जिसके चलते चार चक्का गाड़ी का आवागमन बाधित होता है। उसके बावजूद भी जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया है।लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं किया गया है जिससे जनता में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। झारखंड के गठबंधन सरकार विकास का लकीर पीटने में अमाउंट का बंदर बांट कर रही है। लेकिन जमीनी स्तर का जो कार्य है उस पर उनका ध्यान नहीं दी जाती है।सरकार अभी शराब नीति बनाने में मस्त हैं। उनके सहयोगी लोग अपने लोगों को कैसे ज्यादा से ज्यादा लाभ दिया जाए इस पर मस्त है। यही शराब नीति के बदौलत फिर से सत्ताह में वापस आने की लकीर पीट रहे हैं युवा नेता पवन तिग्गा उपायुक्त एवं झारखंड सरकार से अपील करती है कि इस सड़क का अभिलंब जनता के हित में कार्य करें। मौके पर विवेक चौहान, लाल सूरज नाथ शाहदेव, कुलदीप सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पलामू पुलिस को मिली बड़ी सफलता : नाम बदलकर करवा रहा था इलाज

# मुठभेड़ में घायल टीएसपीसी का सब जोनल कमांडर वाराणसी से गिरफ्तार

- 15 मई को मनातू के बसकटिया के जंगल में हुई थी मुठभेड़

आजाद सिपाही संवाददाता



अस्पताल में इलाजरत उग्रवादी अखिलेश उर्फ गौतम यादव।

**मेदिनीनगर।** पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। विगत 15 मई की रात 8.30 बजे टीएसपीसी उग्रवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में घायल सब जोनल कमांडर अखिलेश यादव उर्फ गौतम गौतम को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी से गिरफ्तार किया है। घायल गौतम वाराणसी के एक निजी अस्पताल में मिथिलेश कुमार के नाम पर अपना बदल कर इलाज करवा रहा था। एएसपी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मनातू थाना क्षेत्र के जसपुर के ऊपर पहाड़ी पर बसकटिया के जंगल में टीएसपीसी उग्रवादियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई थी। इसमें 10 लाख रुपये के इनामी उग्रवादी शशिकांत और गौतम के दस्ते के साथ हुई मुठभेड़ में टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर गौतम यादव को उसके पेट में गोली लगी थी। मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में वह फरार हो गया था। इसी बीच पलामू एसपी रीष्मा रमेशन को सूचना मिली थी कि घायल नक्सली उत्तर प्रदेश के वाराणसी में किसी निजी अस्पताल में इलाजरत है। इसके बाद एएसपी राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर वाराणसी भेजा गया, जहां एक अस्पताल से सब जोनल कमांडर गौतम यादव को गिरफ्तार किया गया। फिलहाल पुलिस की कस्टडी में उसका इलाज चल रहा है। एसएसपी की मानें तो गिरफ्तारी के बाद गौतम को वाराणसी की अदालत में पेश किया जाएगाा। जहां से कस्टडी में लेकर उससे पूछताछ की जाएगी। एसएसपी ने यह भी बताया कि उग्रवादी गौतम की मदद करने वालों की भी पहचान करने की कोशिश की जा रही है। बतातें चलें कि विगत 15 मई को एसपी को सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीएस के 10 लाख का ईनामी जोनल कमांडर शशिकांत एवं उसके दस्ते का सदस्य नगीना, गौतम, मुखदेव (5 लाख का इनामी), शंभु सिंह सहित अन्य 7-8 सदस्य मनातू थाना क्षेत्र के जसपुर ग्राम के जंगल में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से एकत्रित हुए हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम का गठन किया गया, जिसमें अभियान एसपी राकेश सिंह, आईपीएस एस मो याकुब, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, हुसैनाबाद राजेश यादव, पुलिस उपाधीक्षक परीक्ष्यमान, पलामू सहित अन्य पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। सभी ने 17 मई तड़के तीन बजे मनातू के बसकटिया के जंगल में पुलिस-टीएसपीसी के बीच मुठभेड़ हो गयी थी। जिसमें गौतम को गोली लग गयी थी। जबकि अन्य उग्रवादी वहां से फरार हो गये थे। इसके बाद सर्च अभियान के दौरान मौके से पुलिस को एके-47 के कारतूस सहित कई सामग्री बरामद की गयी थी। वहीं, मुठभेड़ में घायल गौतम अपने करीबी रिश्तेदार के साथ उत्तर प्रदेश के वाराणसी भाग गया था। वहां मिथिलेश यादव के नाम पर अपना इलाज करवा रहा था। घायल गौतम को वहां से भगाने और इलाज करवाने की पूरी व्यवस्था भी शशिरांत गंझू ने ही की थी। उसे ने गौतम के करीबी को बुलवा कर उसे एक प्राइवेड गाड़ी से सड़क मार्ग से वाराणसी भिजवाया था। बतातें चलें कि गौतम के खिलाफ पलामू और चतरा में एक दर्जन से भी अधिक नक्सली घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है।

# भारत के भविष्य को आधुनिक दिशा देने वाले युगद्रष्टा थे स्वर्गीय राजीव गांधी : बिट्टू पाठक



कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई भारत रत्न स्व राजीव गांधी की पुण्यतिथि


आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में बुधवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस दौरान पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि स्व राजीव गांधी केवल एक प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि भारत के भविष्य को आधुनिक दिशा देने वाले युगद्रष्टा थे। उन्होंने जिस भारत की कल्पना की उसमें विज्ञान, तकनीक, शिक्षा और ग्रामीण विकास की नींव रखी गई थी। आधुनिक भारत के निर्माण में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनकी दूरदृष्टी विज्ञान-प्रौद्योगिकी और युवा सशक्तिकरण की सोच आज भी हमें प्रेरणा देती है। वक्ताओं ने राजीव गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व, तकनीकी क्रांति, पंचायती राज सशक्तिकरण, युवाओं के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों और राष्ट्रीय एकता के प्रति उनके योगदान को याद किया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित अन्य कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान संकल्प लिया कि राजीव गांधी जी के सपनों के भारत को बनाने के लिए कांग्रेसी निरंतर संघर्षशील रहेंगे। इस मौके पर बीस सूत्री विमला कुमारी, विनोद तिवारी, ईश्वरी सिंह, शमीम अहमद राइन, युवा कांग्रेसी नेता प्रशांत किशोर, राजेंद्र अग्रवाल, सुरेश पाठक, सत्येंद्र सिंह, गिरजा राम, नसीम खान, शैलेश चंद्रवंशी, मिठू खान, मिथिलेश सिंह, नवल किशोर पाठक, नंद किशोर मिश्रा, अवध बिहारी सिंह, विद्या सिंह चेरो, अजय साहू, जितेंद्र कमलापुरी, नगर अध्यक्ष हैदर खान, मोहम्मद चांद, अनिल सिंह, अखिलेश चौधरी, गोपाल पासवान, तुलसी पासवान, ललित सिंह, खुर्शीद अलाम, मीर खुर्शीद, छोटू चंद्रवंशी, सौरव शुक्ला, गोपाल प्रसाद सिंह, गुड्डू खान, मस्तक आलम, प्रमोद यादव, रामानंद पांडे, शैलेश सिंह, अमीताब शर्मा, साबुद्दीन अंसारी, सबाज अली आदि उपस्थित थे।

# आयुष्मान योजना के तहत पलामू में नहीं होगा गरीबों का इलाज

## गैरसरकारी अस्पतालों ने सरकार से भुगतान नहीं मिलने पर पल्ला झाड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पिछले कई महीनों से आयुष्मान भारत योजना के तहत सरकार की ओरसे इलाज का भुगतान नहीं होने से गैरसरकारी अस्पताल नाराज हैं। इसे लेकर बुधवार को पलामू प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन और एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर ऑफ इंडिया चैप्टर के तत्वावधान में रेड़मा के पाकी रोड़ स्थित आशी केयर हॉस्पिटल में बैठक हुई. जिसमें आयुष्मान से संबद्ध रहे अस्पताल के संचालक मौजूद रहे। सभी मे एक स्वर में कहा कि आयुष्मान योजना जो कि सरकार की महत्वकांक्षि योजना थी और गरीब-जरूरत मंद लोगों के लिए वरदान से कम नहीं थी। इतने दिनों तक इलाज करने के बाद भी सरकार द्वारा अस्पतालों को समय से राशि नहीं का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस लिए इस योजना के तहत इलाज बंद करने का निर्णय लिया गया। पलामू प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन ऑफ के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने कहा कि ना चाहते हुए भी ये बड़ा कदम उठाने पर अस्पतालों को मजबूर किया जा रहा है। आखिर कब तक बिना पैसों के इलाज किया जाए। अस्पताल के सामने डॉक्टरों, कर्मचारियों और सप्लायरों का बहुत पैसा बकाया होने के कारण सभी ने कार्य करने में असहमति जताई है। इसी लिए बहुत सोच विचार और इंतजार के बाद ये कड़ा कदम उठाया गया है। गुरुवार को रांची में भी पूरे झारखंड के सभी अस्पतालों एक बैठक बुलाई गयी, जिसमे आगे की रणनीति तय की जायगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने इस मामले में सरकार से तुरंत हस्तक्षेप करने और अविलंब भुगतान करने की मांग की, ताकि गरीब-जरूरतमंद आसानी से इलाज करवा सकें और उन्हें इलाज के लिए दर-दर भटकना ना पड़े।

# 52 लाख की लागत से बन रहे चेक डैम निर्माण कार्य में भारी अनियमितता: प्रमुख

कहा- विकास योजनाओं में बह रही भ्रष्टाचार की बयार, ऐसे कैसे टिकेगा चेक डैम

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर/पलामू।** चैनपुर प्रखंड के अवसाने पंचायत में लघु सिंचाई विभाग से छीनरी नाला पर लगभग 52 लाख रुपये की लागत से बन रहें चेकडैम का प्रमुख गायत्री देवी ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि संवेदक द्वारा घटिया सामग्री से चेकडैम का निर्माण कराया जा रहा हैं। चेकडैम का निर्माण जेई की मौजूदगी में होना चाहिए था, लेकिन जेई को संवेदक द्वारा बुलाने पर चेकडैम का निरीक्षण किया जाता हैं। जहां तक लगता हैं कि जेई एवं संवेदक की मिलीभगत से चेकडैम का घटिया निर्माण कराया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि जांच में सीमेंट की मात्रा कम होने के कारण जोड़ाई में गुणवत्ता नहीं दिखाई दे रहीं हैं। इससे लगता है कि पहले ही बारिश में चेकडैम का निर्माण कार्य धराशाही हो जायेगा। उन्होंने कहा कि लाखों रुपये की लागत से सभी क्षेत्र के नाला एवं नदी पर चेकडैम बनाया जा रहा हैं, ताकि पानी का जलस्तर बना रहें। लेकिन संवेदक और जेई की मिलीभगत के कारण चेकडैम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। जिसे देखते हुए डीसी को संज्ञान में लेने की जरूरत हैं। ताकि कि चेकडैम का गुणवत्तापूर्ण कार्य हो सकें। वहीं, चेकडैम का हो रहे स्थल निर्माण कार्य में स्थानीय मुंशी शिव शंकर सिंह की ओर से बताया गया कि निर्माण कार्य उनकी ही मौजूदगी में कराया जा रहा है। स्थल निरीक्षण करने जेई नहीं आते हैं। जब स्थल निरीक्षण करने के लिए मेरे द्वारा उनको बुलाया जाता है तो स्थल निरीक्षण कर वो संतुष्ट होकर चले जातें हैं।

# प्रतियोगिताओं से मिलता है प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर : निदेशक



समता स्कूल में अंतर स्कूली कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल परिसर में अंतर स्कूली कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन स्कूल के निर्देशक सह प्रधानाचार्य डॉक्टर अक्षय कुमार चौहान ने किया। पहले दिन डे बोर्डिंग प्लेयर एवं सक्सेस स्कूल के बच्चों के बीच कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसकी निगरानी मनोज शर्मा ने की। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक ने कहा कि आज के समय में युवा परंपरागत खेलों से दूर होते जा रहे हैं। इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं की प्रतिभाओं को आगे आने का बेहतर अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने उज्जवल भविष्य के लिए एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की सलाह दी। वहीं, मनोज शर्मा ने कहा कि खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में प्रेरित करने के लिए सरकार को महत्वपूर्ण कदम उठाने चाहिए। ग्रामीण परिवेश में खेलो का माहौल बनाकर उच्च स्तरीय व्यवस्थाओं से युवाओं को उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। ताकि परंपरागत खेलों का समुचित विकास हो सके। इस मौके पर गोविंद कुमार, बिमलेश कुमार, विद्यालय के शिक्षक विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल चौहान, प्रियंका देवी, दशरथ कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, सानिया खातून, प्रियंका देवी, सुभाष कुमार, शकुंतला देवी, बबिता देवी, रीना देवी, उम्म जहरा, मुकेश कुमार, संजीत कुमार, नंदू प्रजापति, अनूप पांडे और विमला कुंवरसहित सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# नौडीहा बाजार प्रखंड प्रमुख का निरीक्षण, बंद मिला आंगनबाड़ी केंद्र

**नौडीहा बाजार/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी ने बुधवार की सुबह 10.30 बजे नौडीहा बाजार में किराए का भवन अस्लम साईं के घर में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। हालांकि आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिला। सेविका और सहायिका नदारद दिखी। पर भवन के मालिक मौजूद थे। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र बंद है। प्रखंड प्रमुख ने देखा कि पोषाहार का पैकेट सीढ़ी के नीचे रखा हुआ है। भवन के मालिक ने बताया कि चार महीनों से रखा है। वितरण नहीं किया गया है। भवन के मालिक ने कहा कि मुझे आंगनबाड़ी भवन का किराया पहले मिला था, लेकिन अभी चार साल से पैसा नहीं मिला रहा है।

# निर्माण के छह साल बाद भी शुरू नहीं हुआ शौचालय

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** शहर में छह साल पहले सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया गया, लेकिन इनका उपयोग अब तक शुरू नहीं हो सका है। शहर के कनौज, पुरानी बस स्टैंड और सतगावां मोड़ के पास सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया गया है। लेकिन यह अब तक पूरी तरह से निष्क्रिय पड़े हैं। जिससे शहर में गंदगी और स्वच्छता की समस्या गहरा गई है। शहर में खरीदारी के लिए सीमा क्षेत्र के अम्बा, कुटुंबा और हरिहरगंज, पीपरा प्रखंड के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इन इलाकों के ग्रामीण लोग हर रोज शहर में आते-जाते हैं और सार्वजनिक शौचालय की अनुपस्थिति में कहीं भी मलमूत्र का त्याग करते हैं। इस कारण शहर के विभिन्न हिस्सों में गंदगी की समस्या बढ़ गई है। शहर में जहां लोग आकर खरीदारी करते हैं, वहां खास कर महिलाओं को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। विशेषकर मुख्य बाजार में यह समस्या गंभीर है। सार्वजनिक शौचालय की कमी के कारण लोग मजबूरी में सड़कों और खुले स्थानों का सहारा लेते हैं। जिससे न केवल नगर की स्वच्छता प्रभावित हो रही है, बल्कि यह स्वास्थ्य संबंधी खतरों को भी आमंत्रित कर रहा है। हालांकि, नगर प्रशासन ने न्यू बस स्टैंड स्थित एक और सामुदायिक शौचालय का निर्माण करा रही है, जो कुछ हद तक इस समस्या का समाधान करने में मददगार साबित हो सकता है।

# दो महीना भी नहीं टिकी नयी सड़क बनने के साथ ही उखड़ने लगी पिच

## विधायक ने अधिकारियों को फोन पर ही लगायी फटकार

संवेदक पर भड़के विधायक ने कहा- नहीं चलेगी ठेकेदारों की मनमानी, होगी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता



सड़क का निरीक्षण करते पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

**पांकी/पलामू।** जिले के पांकी प्रखंड के डंडार कला से डंडार खुर्द तक पीएमजीएसवाई से की गई सड़क निर्माण में बड़े पैमाने पर धांधली बरती गई है। संवेदक द्वारा निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया है। एक ओर से पिच किया जा रहा, जो दूसरी ओर से उखाड़ना शुरू हो गया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सड़क का टिकाव कैसा होगा। गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहा है। इसकी सूचना पाकर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। विधायक निर्माण कार्य पर आपत्ति जताते हुए संवेदक पर भड़क उठे। उन्होंने तत्काल विभाग के आला अधिकारियों से बात कर मामलों को अवगत कराया और संवेदक पर कार्रवाई करते हुए फिर से सड़क निर्माण सही तरीके से करने का निर्देश दिया। सड़क का निर्माण कार्य पूजा कंस्ट्रक्शन (रणजीत सिंह) द्वारा किया गया है। विधायक ने बताया कि सड़क के निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है। गुणवत्ता का ख्याल ही नहीं रखा गया है। जैसे-तैसे पिच कर दिया गया है। जिसका नतीजा है कि पिच उखाड़ना शुरू हो गया है। लाखों रुपये की लागत से बनी सड़क दो महीने भी नहीं टिक पा रही है, जो दुर्भाग्य की बात है। विधायक ने बताया कि पांकी विधानसभा में ठेकेदारों की मनमानी चलेगी। अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गुणवत्ता के साथ संवेदक को काम करना ही होगा। ऐसा नहीं करने वाले संवेदक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बचन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# शहरी क्षेत्र में हरियाली बढ़ाना इस अभियान का उद्देश्य : अधिकारी



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अमृत योजना के अंतर्गत संचालित होने वाले 'वूमन फॉर ट्री अभियान' को लेकर हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय में बुधवार को कार्यपालक पदाधिकारी टीके हंस की अध्यक्षा में समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि वूमन फॉर ट्री अभियान के तहत वृक्षारोपण के लिए शहर के जेपी चौक स्थित छठ पोखरा,ब लॉक रोड स्थित पंच मंदिर सरोवर पार्क एवं अनुमंडलीय मैदान परिसर का चयन किया गया है। आगे कई अन्य स्थलों का भी चयन कर वृक्षारोपण किया जाएगा। उन्होंने इस अभियान की सफलता को लेकर स्वयं सहायता समूह की दीदियों और नपं कर्मियों को कई निर्देश दिया। बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य नगर क्षेत्र में हरियाली बढ़ाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाना है। इस अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से पौधारोपण किया जाएगा, जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी स्वयं सहायता समूहों को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का शुभारंभ पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बड़े स्तर पर वृक्षारोपण के साथ किया जाएगा। नपं प्रशासन ने आमजन से इस अभियान में अधिकाधिक सहभागिता की अपील की है, ताकि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयासों से सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। मौके पर नगर मिशन प्रबंधक राकेश सिंह, धीरज कुमार सहित कई अन्य नपं कर्मी आदि उपस्थित थे।

# ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में समर कैंप शुरू



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से संचालित रेहला के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में बुधवार से दिवसीय समर कैंप का शुरूआत हुई। जिसका उद्घाटन स्कूल के निदेशक अमित सिंह और प्रचार्य मनीष पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। कैंप में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 7 से 10 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें चारों हाउस से चार-चार विद्यार्थी शामिल हुए। क्विज प्रतियोगिता शिक्षिका निशिका सिंह एवं वैशाली सिंह की देखरेख में संपन्न हुई। जिसमें आइंस्टीन हाउस प्रथम, सोमनाथ हाउस द्वितीय और कलाम हाउस ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा कक्षा एक से तीन के विद्यार्थियों के लिये क्राउन मेकिंग, फैन, कैप, पेंसिल शेविंग विद मैचस्टिक का आयोजन किया गया। वहीं कक्षा चार से आठ के विद्यार्थियों के लिये क्राउन फोर प्रिंसेस और मिनी बीच निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। साथ ही कक्षा आठ से 10 तक के विद्यार्थियों के लिये समर वाईब थीम्स डेकोर एंड क्विज का आयोजित किया गया। निदेशक अमित सिंह ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को गुरुवार को पुरस्कृत किया जायेगा। मौके पर मनीषा वर्मा, शिक्षक शैलेश चौबे, दिलीप सिन्हा, शाहनवाज आलम, प्रियंका शुक्ला, रिचा मिश्रा, नाजिया, रचनाकार, निशिका, ज्योति, वैशाली, परमिता आदि मौजूद थे।

# आग से झुलसे युवक की मौत ग्रामीणों ने की सड़क जाम



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पिछले दिनों दुंदुरिया बस्ती में सिलेंडर गैस रिसाव आगजनी की घटना में घायल रंथू उरांव की रिम्स में इलाज के दौरान हुई मौत के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने लोहरदगा रोड दुंदुरिया में पेट्रोल पंप के सामने बुधवार की शाम शव के साथ सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि सिलेंडर गैस रिसाव हादसे में दंपति की मौत के बाद उनके तीन बच्चे अनाथ हो गये हैं। गरीब परिवार के सदस्य होने के कारण अंतिम संस्कार की भी समस्या है। जिस कारण ग्रामीणों ने बच्चों के भविष्य के लिए मुआवजे की मांग की। लगभग पौन घंटा सड़क जाम के बाद जानकारी मिलने पर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, सीओ हरिश कुमार पहुंचे और प्रावधान के अनुरूप मुआवजा देने, बच्चों को स्पांरशिप योजना से जोड़ने का आश्वासन दिया। मानवता के नाम पर गैस एजेंसी के संचालक अशोक आनंद ने मृतक के बड़ी बेटी विनिता को पांच हजार रुपये और भाजपा नेत्री विद्या मिश्रा ने एक हजार रुपए प्रदान किया। रोड जाम में मृतक रंथ की बहन सुको उराइन, फुलमनी देवी, बंधना लकड़ा गांव के पहान पुजार आदि शामिल थे।

# बालू के अवैध उठाव के खिलाफ ग्रामीण गोलबंद, जेसीबी-हाइवा को किया क्षतिग्रस्त

आजाद सिपाही संवाददता

**सिसई।** ग्रामीण क्षेत्रों से रात के अंधेरे और प्रशासन के जानकारी में नाक के नीचे से आये दिन हो रही अवैध बालू उत्खनन पर प्रशासन की चुप्पी और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों, नदियों खेतों को हो रही दोहन से तंग आकर अंततः ग्रामीणों ने बालू के कारोबार और कारोबारियों के विरुद्ध बालू परिचालन को बंद करने का बीड़ा उठाया है। मालूम हो कि बुधवार की अहले सुबह लगभग पांच बजे सिसई थाना क्षेत्र के बरगांव मकुंदा पहाड़ टोली गांव में सैकड़ों ग्रामीण दो बालू लदे हाइवा और लोडिंग कर रहे जेसीबी मशीन को रोकने पहुंचे, बालू लदे हाइवा और जेसीबी द्वारा ग्रामीणों की बात नहीं मानने पर लोगों ने उग्र हो कर



वाहनों पर पत्थर और लाठी से हमला कर दिया। इस बावत ग्रामीणों ने बताया की मंगलवार रात को गांव के वन क्षेत्र से होते हुए जेसीबी मशीन लगाकर दक्षिण कोयल नदी तट तक रास्ते का निर्माण कर रात भर नदी से ट्रैक्टरों और जेसीबी मशीन के माध्यम से बालू की निकासी कर गांव के पास बने डंपिंग यार्ड में बालू का भंडारण किया गया, और साथ ही रात के अंधेरे और बुधवार अहले सुबह भी हाइवा में बालू लोडिंग कर रांची भेजा जा रहा था। बालू लोड हाइवा चलने से ग्रामीण का कच्ची सड़क पूरी तरह से बर्बाद हो गया है, जिससे रास्ते पर चलने वाले राहगीरों और स्थानीय ग्रामीण कई बार दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं। इसी के तहत सोमवार को गांव के ही गायत्री देवी ने अपने घर से बाजार जाने के दौरान रास्ते पर गिर गयी और उसका दहिना हाथ टूट गया है। जिसे गुस्साये ग्रामीणों ने यह कदम उठाया है। ग्रामीणों के द्वारा क्षेत्र से अवैध बालू उत्खनन पर रोक लगाने और बालू परिचालन बंद करने को लेकर स्थानीय व जिला प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधि व पुलिस प्रशासन सहित अन्य लोगों से शिकायत कर चुके हैं। जिसके बाद भी आये दिन क्षेत्र में अवैध बालू उत्खनन, भंडारण और परिचालन पर प्रशासन की चुप्पी से हैरान -परेशान जनता ने इस पर स्वयं कार्रवाई करने का निर्णय लिया और इसकी सूचना सिसई पुलिस को दी गयी। सूचना के करीब सात -आठ घंटे बाद बुधवार दोपहर डेढ़ बजे के करीब सिसई पुलिस गांव पहुंची। इस बीच गांव में ग्रामीणों व बालू कारोबार से जुड़े लोगों के बीच लंबी बैठक के पश्चात दोनों पक्षों में समझौते के तहत दोनों बालू लदे हाईवा से गांव के ही बालू डंपिंग यार्ड पर ही वापस गिराकर दोनों हाइवा और जेसीबी को वापस भेज दिया गया।

# सीसीकरमटोली में हाथी ने घर तोड़ा पीड़ित ने की मुआवजे की मांग



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना क्षेत्र अंतर्गत सीसकरमटोली पंचायत के सीसीकरमटोली गांव निवासी माईकल टोप्पो के घर को बीती रात एक जंगली हाथी ने क्षतिग्रस्त करते हुए घर के अनाज को चट किया। पीड़ित माइकल टोप्पो ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि श्रीनगर गांव की ओर से जंगली हाथी आया और घर को क्षतिग्रस्त करने लगा तो छत के खपड़ा की गिरने की आवाज आया। तो उठकर देखे तो जंगली हाथी घर को क्षतिग्रस्त कर रहा था।तो हमलोग चिल्लाने लगे तब जाकर गांव वाले आये जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से जंगली हाथी को खदेड़ने लगे तब जाकर जंगली हाथी भागा और बहुत कोशिश के बाद किसी तरह जंगली हाथी को श्रीनगर जंगल की ओर भगाया गया। अभी भी जंगली हाथी श्रीनगर जंगल मे अड्डा बनाये हुए है। वही पीड़िता वन विभाग से मुआवजे की मांग की है।

# बसिया में बालू लदे तीन हाइवा और एक जेसीबी जब्त, चालक फरार



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला के बसिया प्रशासन के द्वारा बालू तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन बालू लदे हाइवा एवं एक जेसीबी को जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार बालू की अवैध उत्खनन ओर ढुलाई को लेकर जिला के वरीय पदाधिकारी को किसी के द्वारा सूचना दी गयी जिसके पश्चात जिला प्रशासन के निर्देश के आलोक में मंगलवार रात्रि करीब 1 बजे बसिया प्रखंड के अंचलाधिकारी नरेश कुमार मुंडा के नेतृत्व में बसिया के निनई गांव के समीप कोयल नदी से बालू तस्करी करते हुए तीन हाइवा और एक जेसीबी को जब्त किया गया एवं आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मालूम हो कि यहां से बालू का अवैध खनन कर राज्य की राजधानी रांची भेजा जाता था। धड़ल्ले से यह काम रात के अंधेरे का फायदा उठाकर हो रहा था।

# आंधी-तूफान और बारिश से चैनपुर में बिजली संकट, लोग परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल के लोगों के लिए इन दिनों बिजली कटौती एक बड़ी समस्या बन गई है। प्रत्येक दिन आंधी, तूफान और बारिश के साथ हो रही मौसम की खराबी के कारण बिजली में कहीं ना कहीं ब्रेकडाउन हो रहा है, जिससे लोगों को बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इस कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चैनपुर में पिछला 30 घंटे से अधिक समय से बिजली गुल है। ग्रामीण गणेश साहू, मृत्युंजय प्रजापति, इरफान अंसारी, शातिष साहू सहित कई लोगो ने बताया कि लगातार हो रही बिजली कटौती के कारण उनके घरों में पानी की भी भारी किल्लत हो रही है। समरसेबल नहीं चल पा रहा है और इनवर्टर भी डाउन हो गये हैं। इसके कारण लोगों को मोमबत्ती की



रोशनी में खाना बनाना और खाना पड़ रहा है। मोबाइल चार्ज करना भी दुश्वार हो गया है। लोगों ने बताया कि एक बेला पड़ रही है भीषण गर्मी में घर को दुकान कहीं भी चैन नहीं है। लोगों का कहना है कि पंखा कूलर सब बंद है ऐसे में इस भीषण गर्मी में दिन रात काटना काफी मुश्किल हो गया। जब से मौसम में करवट बदली है तब से बिजली फॉल्ट के कारण लोगों को तीन से चार घटे हैं बिजली मिल पा रही है। वहीं पिछले 30 घंटे से अधिक समय से चैनपुर में बिजली नहीं होने से परेशानी और भी ज्यादा बढ़ गयी है। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि लगातार मौसम खराब के साथ हो रही आंधी और बारिश के कारण रायडीह से चैनपुर के बीच कई फॉल्ट आ जाते हैं। फॉल्ट ढूंढ कर उसे ठीक करने में भी समय लग जाता है। बिजली विभाग के कर्मचारी लगातार फॉल्ट ढूंढने और उसे ठीक करने में लगे हुए हैं। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि मंगलवार को हुए आंधी और बारिश में रायडीह से चैनपुर के बीच 6 बिजली पोल टूट चुके हैं। जिसे विद्युत कर्मचारियों के द्वारा ठीक करने के लिए लगे हुए हैं। लोगों ने मांग की है कि बिजली विभाग को जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करनी चाहिए।

# अनियंत्रित होकर ऑटो पलटा, ड्राइवर की मौत

**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो चट्टी मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र के वनटोली मोड के समीप बुधवार की दोपहर को अनियंत्रित ऑटो के पलटने से ऑटो चालक बेड़ों थाना क्षेत्र के दीघिया गांव निवासी सुखलू उरांव (40) की दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि उसके साथ ऑटो मालिक उसी गांव के निवासी बबलू उरांव घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ऑटो मालिक बबलू उरांव और ऑटो चालक सुखलू उरांव चट्टी की तरफ से भरनो जा रहे थे इस क्रम में ऑटो की गति काफी तेज होने के कारण वनटोली मोड़ के पास चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और ऑटो सड़क किनारे पलट गया, जिससे ऑटो चालक दब गया और उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि ऑटो मालिक को पीठ में चोट आयी है। घटना की सूचना मिलने पर सब इंस्पेक्टर मंटू चौधरी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया।

# डेड पोल और जर्जर तार में बिजली की सप्लाई जारी, लोगों ने की हटाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** गुमला जिले के बसिया प्रखंड में एक डेड पोल से बिजली की सप्लाई की जा रही है। प्रखंड में बिजली विभाग की लापरवाही देखने को मिली है। जहां पर लोहे की पोल जो विभाग के द्वारा डेट घोषित किये गये हैं, इस पर सप्लाई की जा रही है। यह बिजली पोल इतनी जर्जर स्थिति में है की कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। बिजली पोल कोनबीर के भागीडेरा से होकर गुजरी है जिसके नीचे कई आवासीय मकान है जिसे लेकर गुमला उपायुक्त को कोनबीर भागीडेरा के ग्रामीणों के द्वारा बुधवार को आवेदन देकर हटाने की मांग की गयी है। ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन देते हुए मांग की है कि बिजली विभाग के द्वारा डेड पोल में 11000 की करंट दे दी गयी है यह तार मकान के ऊपर से गुजरी है जिसके कारण मकान में रहने वाले लोग डरे सहमे से रहते हैं। तेज हवा और बारिश के कारण कभी-कभी तार आपस में सट जाती है जिसके कारण हैवी स्पार्क होता है और कभी-कभी तो तार मकान में भी सट जाते हैं। ग्रामीणों ने आगे बताया कि कहीं-कहीं तार नीचे झुक गए है जो जमीन से कुछ ही ऊपर रहते है जिसके कारण भी कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। और आम जनमानस सहित जानवरों को भी जान की हानि हो सकती है। ग्रामीण की उपायुक्त से यह मांग है कि इन पोल से जर्जर तारों को हटाया जाए ताकि ग्रामीण निर्भीक होकर अपने घर में रह सके। आवेदन देने वालों में मुख्य रूप से बलदेव जायसवाल, किशन साहू, प्रदीप मिंज,प्रदीप कुमार साहू अजीत साहू आदि शामिल हैं।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सहियाओं की बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में सहियाओं की बैठक बीपीएम ज्ञान रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को संपन्न हुए। बैठक में कई अहम चर्चा किया गया। जिसमें सिकल सेल जांच पर चर्चा और कार्य के लिए प्रोत्साहित साथ ही जीरो से 40 वर्ष के सभी लोगों का जांच करने का निर्देश दिया गया। सहिया के प्रोत्साहन राशि पर चर्चा, मलेरिया व डायरिया से बचाव और पारा चेक और स्लाइड बनाने के लिए प्रेरित किया गया। हाई रिस्क प्रेगनेंसी सूची और जांच पर जानकारियां दी गयी। आयरन सिरप 6 माह से 59 माह के बच्चों को देने और कार्ड में दर्ज करने का निर्देश दिया गया, पीएलए बैठक और सहिया ऐप में एंट्री के साथ साथ सभी तरह के कार्य सहिया ऐप में करने की जानकारी दी गयी। साथ ही कई जानकारी और निर्देश सहियाओं को दिया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से ज्ञान रंजन, सीमा देवी, बबीता देवी, सुषमा किरण किंडो, सुमित्रा देवी, सुनीता तिर्की, सत्यवती देवी, सत्यमणि भगत, जयमुनी देवी, सावित्री देवी, सुनीता देवी, विनीता देवी, आरती देवी व बुद्धमणि देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# कांग्रेसियों ने राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनायी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला कांग्रेस ने स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनायी। जिला महासचिव फिरोज आलम ने कहा कि गुमला परिषद भवन में राजीव गांधी का पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें याद किया गया। राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त 1944 एवं मृत्यु 21 मई 1991 को हुई थी राजीव गांधी एक भारतीय राजनेता और पायलट थे, जिन्होंने 1984 से 1989 तक भारत के प्रधानमंत्री के रूप में काम किया। उन्होंने मात्र 40 वर्ष की आयु में सबसे कम उम्र के भारतीय प्रधानमंत्री का पदभार संभाला। मिनहाज खान ने कहा कि आज सांप्रदायिकता देश में नये सिरे से जड़े जमा रही है। तब यह रेखांकित करना बहुत आवश्यक है कि सांप्रदायिकता के खिलाफ राजीव गांधी की दृष्टि और दिशा दोनों बहुत स्पष्ट थी। राजीव गांधी ने लगातार फिरका परस्त ताकत आतंकवाद अशिक्षा एवं गरीबों के खिलाफ संघर्ष किया। वह जाति धर्म और सांप्रदायिक के संकीर्ण दायरे से देश को उबारना चाहते थे उनका प्रयास था कि भारत पारंपरिक सद्भावना का एक ऐसा गुलदस्ता बने जो नव निर्माण के साथ विकास की मंजिल की ओर निरंतरण बढ़ता रहे। मीरा हमीद ने कहा कि दिसंबर 1984 के आम चुनाव में देश की जनता ने कांग्रेस के पक्ष में अभूतपूर्व जनादेश दिया एवं राजीव गांधी जी देश के प्रधानमंत्री बने वह एक ऐसे राजनीतिक नेता थे जिन्होंने हमेशा अपने समय से आगे देश के उत्कर्ष को सोचा। राजीव गांधी भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के प्रमुख सूत्रधार थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस महासचिव फिरोज आलम रामनिवास प्रसाद किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मीरा हामिद सहकारिता जिला अध्यक्ष मिनहाज खान जिला कार्यकारणी सदस्य जयंती टोप्पो अमन टोप्पो आदि कांग्रेसी उपस्थित थे।

# दबंग ने धमका कर ले ली महिंद्रा थार, युवक ने थाना में दिया आवेदन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** नया महिंद्रा थार को दबंगई कर नदी टोली निवासी नीलेश रोडलिक तिर्की द्वारा लिए जाने और वापस नहीं करने तथा वापस मांगने पर धमकी दिये जाने के मामले में गुमला थाना क्षेत्र के पुगू बिरसा नगर निवासी मुकेश कुमार के गुमला के डीसी, एसपी और थाना प्रभारी को आवेदन सौंपकर न्याय और सुरक्षा का गुहार लगाया है। मुकेश कुमार के अनुसार वह कालेज गेट के पास छोटा सा व्यवसाय कर अपना जीविकोपार्जन करता है। वह अपने निजी कार्य के लिए महिंद्रा कंपनी का थार पिछले साल 18 मार्च 2024 में आटो कैरीज प्राइवेट लिमिटेड 135 ए एसपी मुखर्जी रोड कलकत्ता से दो लाख चेक से डाउन पेमेंट कर फाइनांस कराया है। खरीद कर लाने के मात्र दो दिन बाद यानि 20 मार्च 2024 को नदी टोली निवासी निलेश रोडलिक तिर्की ने रांची जाने के नाम पर लिया और अब तक वापस नहीं किया।

## गुमला और डुमरी के विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन

# बच्चों में जागरूकता और आत्मविश्वास का होगा विकास

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिले के डुमरी और गुमला प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में बुधवार को विशेष समर कैंप का आयोजन किया गया। पिरामल फाउंडेशन द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में जिला एवं प्रखंड स्तर के शिक्षा विभाग तथा संबंधित ग्राम पंचायतों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, टीमवर्क, स्वास्थ्य जागरूकता और जीवन कौशल का विकास करना रहा।

डुमरी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डुमरी में आयोजित कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया नीलमणि मिंज, पिरामल फाउंडेशन से खेमचंद एवं शुभम भारती की उपस्थिति रही। विद्यालय के शिक्षकों और लगभग 160 छात्रों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाल गीत, चेतना गीत, चित्रांकन प्रतियोगिता एवं रोचक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के प्रति आकर्षित किया गया एवं उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी पर जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया।

वहीं गुमला प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय, असनी में आयोजित समर कैंप में पंचायत की मुखिया श्रीमती गौरी उरांव, विद्यालय के शिक्षकगण एवं स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। बच्चों ने बैलून गेम, म्यूजिकल चेयर, दौड़, समूह चर्चा और शब्द खेल जैसी गतिविधियों में भाग लिया, जिससे उनमें सहयोग, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति क्षमता का विकास हुआ। मुखिया गौरी उरांव ने स्वयं भी खेलों में भाग लेकर बच्चों को प्रेरित किया तथा समापन पर सभी प्रतिभागियों को चॉकलेट वितरित किये। यह समर कैंप पिरामल फाउंडेशन, जिला एवं प्रखंड शिक्षा विभाग तथा पंचायत प्रतिनिधियों के समन्वित प्रयास से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# बिजली बिल में सुधार और पोल लगाने के मांग को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा आवेदन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** बाजार डांड़ निवासी किशोर साहू को फरवरी-मार्च 2024 का बिजली बिल 82,864 रुपए भेजा गया है। जनवरी 2024 में उन्होंने पिछला बिल जमा कर दिया था। घर में सिर्फ एक टीवी, दो पंखे और पांच बल्ब हैं। इसके बावजूद दो महीने का इतना ज्यादा बिल भेजा गया है। ग्रामीणों ने इसे गलत बताया है। राज नगर चेटर में कई घरों में बिजली तार बिना पोल के बांस के खंभों के सहारे लगाये गये हैं। इससे हमेशा जान-माल का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने पोल लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। कहा है कि बिजली विभाग की लापरवाही से यह समस्या हुई है। अगर 30 मई 2025 तक समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण बिजली कार्यालय में ताला बंदी करेंगे। इससे होने वाली क्षति की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन पर किशोर साहू, सिसिलिया भारद्वाज, सुनीता देवी, रीता होप्पो, अमृता बगारी, ममता उरांव, राधिका कच्छप और देवकी देवी के हस्ताक्षर हैं। देवकी देवी गुमला जिला अध्यक्ष सह प्रदेश सचिव भी है।

# नेटवर्क की समस्या से परेशान ग्रामीण राशन लेने के लिए पहाड़ों पर चढ़ते हैं



**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड के कोण्डरा पंचायत में नेटवर्क की समस्या से ग्रामीणों को राशन लेने के लिए पहाड़ों पर चढ़ना पड़ रहा है। रानी लक्ष्मी महिला मंडल की राशन डीलर कमला देवी ने बताया, एक महीने से बीएसएनएल और जियो का नेटवर्क पूरी तरह ठप है। इससे राशन वितरण में भारी परेशानी हो रही है। लाभुकों को कई किलोमीटर दूर पहाड़ पर ले जाकर अंगूठा लगवाना पड़ता है। पांच मिनट का काम कई दिन में पूरा हो रहा है। कभी नेटवर्क उड़ जाता है, कभी सर्वर डाउन हो जाता है। कमला देवी ने बताया, भीषण गर्मी, तेज आंधी, बारिश और वज्रपात के बीच पहाड़ पर राशन लोड कराना जोखिम भरा हो गया है। बारिश से बचने के लिए पेड़ के अलावा कोई सहारा नहीं है। भूखे-प्यासे लाभुक दिनभर राशन के इंतजार में बैठे रहते हैं। काम-धंधा छोड़कर राशन लोड कराने आते हैं। किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। कोण्डरा पंचायत के मुखिया लंकेश चिक बड़ाईक ने 20 मई 2025 को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को लिखित आवेदन देकर बीएसएनएल नेटवर्क दुरुस्त कराने की मांग की है। उन्होंने कहा, रायडीह प्रखंड के कई राशन डीलरों को यही परेशानी झेलनी पड़ रही है। कल्याणी महिला मंडल झलियाबांध की डीलर बृंदावती देवी, रमजा के डीलर बिहारी उरांव, बिरकेरा के डीलर राजू साहू को भी लाभुकों को राशन लोड कराने पहाड़ों में ले जाना पड़ता है।

## स्पोर्ट्स



महिलाओं के फाइनल में हरियाणा ने अनुभवी मणिपुर की टीम के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। मणिपुर को भारत में सेपक टकरा का गढ़ माना जाता है।

## खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025

# हरियाणा और दिल्ली ने मणिपुर को हराकर स्वर्ण जीता

एजेंसी

**दीव।** हरियाणा और दिल्ली ने बुधवार को खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 में क्रमशः महिला और पुरुष ट्रीयो टीम फाइनल में पारंपरिक सेपक टकरा की ताकतवर मणिपुर को हराकर स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं के फाइनल में हरियाणा ने अनुभवी मणिपुर की टीम के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। मणिपुर को भारत में सेपक टकरा का गढ़ माना जाता है। कप्तान 20 वर्षीय मोनिका की अगुवाई में हरियाणा की महिला सेपक टकरा टीम ने शीर्ष सम्मान हासिल करने



के लिए उत्साह और युवा जोश से भरपूर प्रदर्शन किया। मैच के बाद मोनिका ने कहा कि टीम के लिए यह जीत हासिल करना और स्वर्ण पदक जीतना मुझे बहुत खुशी है। हमें पता था कि वे मजबूत हैं, लेकिन हमने अपना दबदबा नहीं खोया। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय चरखी दादरी, भिवानी और रोहतक जैसे शहरों में की गयी कड़ी आउटडोर प्रैक्टिस को दिया।

पुरुष वर्ग में दिल्ली ने रोमांचक फाइनल में मणिपुर को 2-1 से हराया। दिल्ली टीम के कप्तान 35 वर्षीय संदीप कुमार ने बताया कि अचानक परिस्थितियों में आए बदलाव ने कैसे अहम भूमिका निभायी। राष्ट्रीय राजधानी में यमुना नदी के किनारे मजनू का टीला के पास टीम के साथ अभ्यास करने वाले संदीप ने कहा कि बारिश से पहले हम पहला रेगुलेशन हार गये थे, लेकिन मौसम हमारे पक्ष में हो गया। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया बीच गेम्स एक बेहतरीन मौका है। हम स्वर्ण जीतने के स्पष्ट लक्ष्य के साथ आये थे। मणिपुर हमेशा से एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी रहा है, लेकिन हम भी मजबूत हैं। दोनों टीमों ने राष्ट्रीय स्तर पर कई स्वर्ण पदक साझा किए हैं। मणिपुर के लिए दो उलटफेर का मतलब दो रजत पदक हैं।


# आंधी-तूफान से घर का एस्बेस्टस गिरा, मुआवजे की मांग



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा गांव मोरहाटोली में आंधी और बारिश के दौरान गुड़िया देवी के मकान का बाहरी कमरे का छत गिरा। यह घटना बीती मंगलवार की शाम लगभग पांच बजे के आसपास की है। मिली जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड के सालेगुटू पंचायत के अंतर्गत गांव मोरहाटोली में मंगलवार की शाम को अचानक जोरदार आंधी और बारिश हुई थी। उसी दौरान तेज हवा के कारण गुड़िया देवी के मकान के बाहर के कमरे पर लगी चदरा का शेड गिरा पड़ा। वहीं घटना के वक्त हवा का तेज रुख को देखकर सपरिवार अंदर की ओर भाग गये। जिसके कारण सभी लोग चोटिल होने से बाल-बाल बच गये। इधर बुधवार को उक्त पीड़ीत परिवार के लोगों ने घटना के बारे मे प्रखंड प्रमुख सुनील सुरीन को जानकारी देते हुए प्रखंड प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# इंटक नेता महेंद्र विश्वकर्मा का निधन नेताओं-कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

## महेंद्र विश्वकर्मा के निधन से पूरे कोयलांचल में एक शून्य उत्पन्न हो गया : ब्रजेंद्र



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के वरिष्ठ नेता और सीसीएल के मजदूरों के मसीहा कहे जाने वाले महेंद्र विश्वकर्मा का निधन हो गया। उक्त खबर कोलांचल में फैलते ही कोयला मजदूरों के साथ ही नेताओं में भी शोक की लहर छा गई। इस संबंध में धनबाद में बीसीसीएल रीजन की ओर से महेंद्र विश्वकर्मा को नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि हम लोगों ने एक अच्छा साथी खो दिया। मजदूर कानून के बारे में जितनी जानकारी महेंद्र विश्वकर्मा को थी शायद ही किसी अन्य नेता को होगी। कहा कि वह पूरी जिंदगी मजदूरों की सेवा में लगे रहे और आखिरी समय तक अपने यूनियन को बढ़ाने में जुटे रहे। उनके निधन से सीसीएल ही नहीं पूरे कोयलांचल जगत में एक शून्य उत्पन्न हो गया है। वहीं, यूनियन के महामंत्री एके झा ने कहा कि महेंद्र विश्वकर्मा के साथ उन्हें काफी वर्षों तक काम करने का मौका मिला। अन्य नेताओं से उनका स्वभाव अलग ही था। खासकर मजदूरों के लिए वह कभी देर नहीं करना चाहते थे। इस दौरान यूनियन के वीरेंद्र प्रसाद अंबष्ट, मिथिलेश कुमार सिंह, रामप्रीत यादव, शकील अहमद, लगनदेव यादव, रणधीर ठाकुर, क्यूम खान, रवि चौबे, विमलेश चौबे, अमरिंदर चौधरी, बम भोली सिंह, सुरेंद्र यादव और वैभव सिन्हा आदि ने भी शोक प्रकट किया।

# अंचल स्तरीय मासिक खनन टास्क फोर्स की बैठक, दिये गये कई निर्देश



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पूर्वी टुंडी अंचल कार्यालय में बुधवार को मासिक खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिसमें सीओ सुरेश प्रसाद वर्णवाल और थाना प्रभारी रवि कुमार भी उपस्थिति रहे। इसमें अंचल से संबंधित राजस्व कर्मचारी, पंचायत सचिव एवं संबंधित कार्यकारणी के सदस्य भी शामिल हुए। सभी को निर्देश दिया गया कि अवैध बालू, बाइक से कोयला चाहे अवैध पत्थर उठाव लाते पकड़े जाने पर प्रशासनिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सारे अवैध कारोबारियों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया गया है। यह भी निर्देश दिया कि एनजीटी रोक के बाद 10 जून से 15 अक्टूबर तक किसी भी बालू घाटों से किसी भी प्रकार का कोई उत्खनन नहीं होगा। यदि कोई किसी भी प्रकार का बालू उठाव करेगा तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का जैनामोड़ में भव्य स्वागत



**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर से नवाडीह नारायणपुर पैक जाने के क्रम में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास कुछ देर के लिए जैनामोड़ में रूके थे। जिनका नेताओं-कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया गया। बोकारो जिला के नारायणपुर पेक गांव में आदिवासी लड़की का मुस्लिम लड़के द्वारा बलात्कार का प्रयास और उसके परिजनों द्वारा लड़की और उसके परिवार के सदस्यों को बार-बार प्रताड़ित किये जाने पर भी नाराजगी जाहिर की। पीड़िता और उसके परिजनों से मिलने जाने के क्रम में रघुवर दास जैनामोड़ फोरलेन चौक में रूके थे। जहां कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इसमें भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मनोज ठाकुर, जिला महामंत्री अनिल स्वर्णकार, जिला मंत्री सुभाष चंद्र महतो, विक्रम गोस्वामी, संजय सिन्हा, शंकर रजक, अनीता गुप्ता, कृष्णा सिंह, जय नारायण मरांडी, रंजीत महतो, लक्ष्मण नायक, उत्तम मिश्रा, विनोद महतो, सुनील मंडल, सुमित जायसवाल, दीपक सिंह, सुनील सिंह, केदार महतो, रघुनाथ टुडू, मस्तान मिश्रा, रामलाल महतो, राजकुमार गुप्ता आदि शामिल थे।

झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
कार्यालय जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, राँची
E-mail- ranchidamo@gmail.com

**पारिश्रमिक के आधार पर योग प्रशिक्षकों के चयन हेतु विज्ञापन**

विज्ञापन सं०– 01/जिला आयुष

राष्ट्रीय आयुष मिशन, राँची जिलान्तर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) हेतु पारिश्रमिक के आधार पर योग प्रशिक्षकों का चयन किया जाना है। उम्मीदवार का आवेदन दिनांक 22.05.2025 से 31.05.2025 तक स्पीड पोस्ट/निबंधित डॉक के माध्यम से भेज सकते हैं। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 31.05.2025 निर्धारित है। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

| क्र०सं० | पद का नाम | पदों की सं० | टावष्यक अर्हता | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 01. | योग प्रषिक्षक (पुरूष/महिला) | पुरूष– 18 पद<br>महिला– 18 पद<br>कुल– 36 पद | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से योग के विषय पर डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट का होना या सर्टिफिकेट बोर्ड/प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से सर्टिफाईड योग प्रशिक्षक | प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) में पुरूष योग प्रशिक्षक द्वारा 32 सत्र एवं महिला योग प्रशिक्षक द्वारा 20 सत्र कराया जाना है, प्रत्येक सत्र एक घंटे की होगी एवं प्रति सत्र योग प्रशिक्षक को रु 250/- देय होगा। |

सामान्य जानकारी एवं निर्देश–

1. आवेदन प्रपत्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की सूची कार्यालय जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, डोरण्डा, राँची के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) के 3–5 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले पुरूष एवं महिला योग प्रशिक्षकों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।
3. साक्षात्कार (Walk-In-Interview) में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
4. उम्मीदवार साक्षात्कार हेतु शैक्षणिक प्रमाण–पत्र एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति के साथ स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति की दो प्रति एवं दो रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।
5. यदि साक्षात्कार के पश्चात् उम्मीदवारों के समान अंक होने पर उनके योग के विशय पर डिग्री/डिप्लोमा के प्राप्तांक के आधार पर चयनित किया जाएगा।
6. भर्ती के किसी चरण में यदि उम्मीदवार निर्धारित पात्रता/अर्हता को पूरा नहीं करता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
7. उम्मीदवारों द्वारा "जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, राँची, जिला संयुक्त औशधालय, सेंट जेवियर्स स्कूल के पास, डोरण्डा, राँची, पिन– 834002" पते पर स्पीड पोस्ट के माध्यम से अपना आवेदन प्रपत्र, शैक्षणिक प्रमाण–पत्र एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति भेजनी होगी।
8. प्राप्त आवेदनों के स्क्रूटिनी के पश्चात् योग्य उम्मीदवारों को दिनांक 03.06.2025 प्रातः 11 बजे सिविल सर्जन कार्यालय, राँची के सभागार में आयोजित साक्षात्कार (Walk-In-Interview) में भाग लेना होगा।
9. स्क्रूटिनी के पश्चात् योग्य उम्मीदवारों को साक्षात्कार की सूचना उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए मोबाईल नं./ई–मेल के माध्यम से दी जाएगी।

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी–सह–सदस्य सचिव, जिला स्तरीय चयन समिति, राँची

PR 353145 Health Med Edu and Family Welfare (25-26)_D

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला स्तरीय चयन समिति, राँची

# ढुल्लू पर आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज कराने वाले अधिवक्ता के घर पर चला बुलडोजर

## बीसीसीएल के आवास पर कर रखा था कब्जा, नोटिस के बाद भी नहीं कर रहे थे खाली

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिजुआ/धनबाद।** भाजपा सांसद ढुल्लू महतो के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में झारखंड हाईकोर्ट में पीआईएल दाखिल करानेवाले अधिवक्ता सोमनाथ चटर्जी के आवास पर बुधवार को बुलडोजर चल गया। मजिस्ट्रेट की निगरानी में जेसीबी ने अधिवक्ता का घर ध्वस्त कर दिया। अधिवक्ता सोमनाथ चटर्जी ने लंबे अर्से से बीसीसीएल के आवास पर कब्जा कर रखा था। सोमनाथ के आवास पर अचानक की गयी इस कार्रवाई से सभी अवैध कब्जाधारियों में हंड़कप मच गया है।



बुलडोजर से आवास को किया जा रहा ध्वस्त।

### अवैध कब्जे से मुक्त कराने की लगायी थी गुहार

धनबाद के सिजुआ एरिया की मोदीडीह कोलियरी के पुराना एरिया के समीप स्थित स्टफ क्वार्टर में अधिवक्ता सोमनाथ चटर्जी रहा करते थे। उनकी मां पहले बीसीसीएल में कार्यरत थीं। बाद में जब वह सेवानिवृत हो गयी, तब उन्होंने आवास को खाली नहीं किया था। तीन वर्ष पहले सोमनाथ की मां का निधन हो गया था। इसके बाद भी आवास को खाली नहीं किया गया। इस मामले में बीसीसीएल ने कई बार नोटिस देकर आवास खाली करने को कहा, लेकिन उन्होंने बीसीसीएल का आवास खाली नहीं किया। आखिरकार बीसीसीएल के आग्रह पर अवैध कब्जेवाले आवास पर कार्रवाई की गयी। बीसीसीएल ने धनबाद जिला प्रशासन से आवास को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की गुहार लगायी थी। बुधवार को एसडीएम ने मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर आवास खाली कराने का निर्देश दिया। इसके बाद बुलडोजर ने आवास को ध्वस्त कर दिया। इसके पहले बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती की गयी थी। सीआईएसएफ के जवान तैनात किए गए थे।

# बच्चे से मारपीट के बाद माहौल गर्म, माफी-गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाना घेराव



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राजद नेता तारापदो धीवर से माफी मंगवाने एवं गिरफ्तारी की मांग को लेकर बुधवार को आदिवासी समुदाय के लोगों ने बुधवार को दूसरे दिन भी निरसा थाना का घेराव किया बतातें चलें कि मंगलवार को निरसा थाना अंतर्गत मालेडीह बस्ती के आदिवासी समुदाय के सैंकड़ो पुरुष, महिलाओं एवं बच्चों ने एकजुट होकर राजद नेता तारापदों धीवर द्वारा आदिवासी समुदाय के बच्चे से गाली गलौज और थप्पड़ मारने से नाराज होकर थाना का घेराव कर दिया था। लोगों को शांत कराने में प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी। प्रशासन, रामकनाली मुखिया एवं कुछ बुद्धिजीवियों द्वारा समझाने पर आदिवासी समुदाय के लोग राजद नेता तारापदों धीवर से माफी मंगवाने की बात पर सहमत हुए थे। पर जब बुधवार को राजद नेता तारापदों धीवर ने आदिवासी समुदाय से माफी नहीं मांगी तो पुनः आक्रोषित हो गये और एकजुट होकर भारी संख्या में दूसरे दिन पुनः राजद नेता से माफी मंगवाने एवं गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाना का घेराव कर दिया।

# जीएम ने किया फुसरो स्किल ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के जीएम रंजय सिन्हा, एसओ (पी) कुमारी माला एवं सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार ने बुधवार को फुसरो स्थित स्किल ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण किया। जीएम ने बताया कि यह निरीक्षण कंप्यूटर आधारित लेखा प्रशिक्षण कार्यक्रम से लाभान्वित विद्यार्थियों के साथ संवाद एवं प्रशिक्षण की प्रगति की समीक्षा को लेकर किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के पहल के अंतर्गत संचालित है। वहीं, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि इसका उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है। बताया कि यह प्रशिक्षण केंद्र का संचालन आईसीए फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। इसमें फुसरो नगर परिषद एवं आसपास के गांवों के 150 लाभार्थियों को चार बैचों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इनमें से 70 फीसदी से अधिक लाभार्थी छात्राएं हैं, जो मुख्यतः कॉमर्स शैक्षणिक पृष्ठभूमि से आते हैं। इस प्रशिक्षण में लेखांकन (अकाउंटेंसी), कराधान (टैक्सशन), वस्तु, सेवा कर (जीएसटी), ईआरपी (ईआरपी) एवं अन्य संबंधित विषय है। बताया कि प्रशिक्षण केंद्र में निशांत कुमार एक योग्य एवं अनुभवी शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 100 फीसदी प्लेसमेंट गारंटी के साथ पूरी तरह से रोजगारोन्मुख है। प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थी विभिन्न निजी संस्थानों में अकाउंटेंट या अकाउंट ऑफिसर के रूप में सफलतापूर्वक नियोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं से संवाद किया। उनके अनुभवों को जाना और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# 28 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण

**सदानंद महतो ने सांसद-विधायक से की पीएम श्री स्कूल दुमदुमी में चार दिवारी, लैब एवं किचन की मांग**



**तोपचांची (आजाद सिपाही)।** दुमदुमी पंचायत अंतर्गत पीएम श्री स्कूल के कक्षा 8 के 28 छात्र-छात्राओं के बीच बुधवार को झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के तहत साइकिल का वितरण किया गया। इसमें जिला सांसद प्रतिनिधि सह जिप उपाध्यक्ष सुभाष रवानी मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान प्रधानाध्यापक उमा देवी और समाजसेवी सदानंद महतो ने स्कूल की चहारदिवारी, क्लास रूम, पेयजल, लैब, शिक्षक के अभाव संबंधी कई समस्याओं आदि से सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि के माध्यम से मांग पत्र देकर जल्द समाधान करने को लेकर पहल करने की बात कही गई। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, बीडीओ मोहम्मद एजाज अहमद, जिप सदस्य विकास महतो, आजसू नेता सदानंद महतो, पूर्व प्रमुख सरिता देवी, मुखिया माधुरी देवी, अनंतलाल महतो और प्रमोद महतो आदि मौजूद थे।

## स्व राजीव गांधी की पुण्यतिथि एवं स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह की मनी जयंती

# स्व राजीव गांधी की स्मृति हमारे दिलों में सदैव जीवित रहेगी : कालीचरण

## स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह थे मजदूरों के सच्चे हितैषी




**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर यूनियन की नेता अनुपमा सिंह के अवासीय कार्यालय जोड़ापोखर में भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्य तिथि और झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री इंटक के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह की जंयती मनायी गयी। इस दौरान नेताओं-कार्यकर्ताओं ने दोनों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि स्व राजीव गांधी दूरदर्शी नेता थे। जिन्होंने अपने नेतृत्व और आधुनिक सोच से देश को प्रगतिशील दृष्टिकोण दिया। उनके निर्णय ने भारत को एक नई ऊंचाई दिलाई। उनका योगदान हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उनकी स्मृति हमारे दिलों में सदैव जीवित रहेगी। वे आधुनिक सूचना क्रांति के जनक थे। युवाओं को 18 वर्ष की उम्र में मतदान का अधिकार, पंचायती राज, दूरसंचार, आईटी क्रांति कंप्यूटरीकरण आदि ने देश के विकास में अमूल्य योगदान दिया। वहीं, स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह मजदूरों के सच्चे हितैषी थे। मजदूरों के अधिकारों के लिए जीवन के अंतिम क्षणों तक संघर्ष करत रहे। जेबीसीसीआई में मजदूरो के वेतनमान, बोनस, पदोन्नती कल्याणकारी कार्यो को लागू करवाने में अपनी भूमिका का सदैव निर्वहन किया। सरकार में मंत्री के रूप उर्जा, स्वास्थ्य, एवं वित्त विभाग में उल्लेखनीय कार्य किया। इस मौके पर कालीचरण यादव, अनिल पांडे, किशोर कुमार, सतपाल सिंह ब्रोका, बमभोली सिंह, संतोष चौधरी, संजय सिंह, देव कुमार पासवान, कौशल सिंह, अब्दुल अजीज, गीता सिंह, जमालुद्दीन, विक्की कुमार, फैज अहमद रिजवी, बबलू साव, शंभु कुमार, राजू सिंह, कन्हैया कुमार गुप्ता, अभिमन्यु सिंह, गोलू पासवान और शुभम कुमार आदि उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल हजारीबाग**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या : 2/2025–26

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल हजारीबाग।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक – 30.05.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक – 31.05.2025 अपराह्न 3:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक – 31.05.2025 अपराह्न 5.00 बजे।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल हजारीबाग।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल हजारीबाग।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल हजारीबाग।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र0 | कार्य का नाम | नलकूपों की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District Hazaribagh in **Sadar, Block** Major = 140 Minor = 93 Total 233 Nos. **Katkamsandi Block** Major = 128 Minor = 85 Total 213 Nos.<br>RM to DT-<br>1. (Major repair-60%=268):-@ Rs 931.00 Each<br>(Minor Repair-40% =178):-@ Rs 465.00 Each | 446 Nos | HZB/ RM to DT/ GR- No.-1 | 3.32278 | 7000.00 | 750.00 | 30.11.25 |
| 2 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District Hazaribagh in **Daru Block** Major = 68 Minor = 45 Total 113 Nos **Churchu Block-** Major = 53 Minor = 35 Total 88 Nos. **Dari Block-** Major = 68 Minor = 45 Total 113 Nos **Katkamdag Block-** Major = 59 Minor = 39 Total 98 Nos<br>RM to DT-<br>1. (Major repair-60%=248):-@ Rs 931.00 Each<br>(Minor Repair-40% =164):-@ Rs 465.00 Each | 412 Nos | HZB/ RM to DT/ GR- No.-2 | 3.07148 | 6500.00 | 750.00 | 30.11.25 |
| 3 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District Hazaribagh in **Barkagaon Block** Major = 100 Minor = 66 Total 166 Nos **Keredari Block-** Major = 75 Minor = 50 Total 125 Nos. **Tatijhariya Block-** Major = 44 Minor = 30 Total 74 Nos<br>RM to DT-<br>1. (Major repair-60%=219):-@ Rs 931.00 Each<br>(Minor Repair-40% =146):-@ Rs 465.00 Each | 365 Nos | HZB/ RM to DT/ GR- No.-3 | 2.71779 | 6000.00 | 750.00 | 30.11.25 |
| 4 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District Hazaribagh in **Ichak Block** Major = 97 Minor = 65 Total 162 Nos **Bishnugarh Block-** Major = 116 Minor = 78 Total 194 Nos.<br>RM to DT-<br>1. (Major repair-60%=213):-@ Rs 931.00 Each<br>(Minor Repair-40% =143):-@ Rs 465.00 Each | 356 Nos | HZB/ RM to DT/ GR- No.-4 | 2.64798 | 6000.00 | 750.00 | 30.11.25 |
| 5 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District Hazaribagh in **Barhi Block** Major = 101 Minor = 68 Total 169 Nos **Chouparan Block-** Major = 112 Minor = 75 Total 187 Nos.<br>RM to DT-<br>1. (Major repair-60%=213):-@ Rs 931.00 Each<br>(Minor Repair-40% =143):-@ Rs 465.00 Each | 356 Nos | HZB/ RM to DT/ GR- No.-5 | 2.64798 | 6000.00 | 750.00 | 30.11.25 |
| 6 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District Hazaribagh in **Barkatha Block** Major = 91 Minor = 60 Total 151 Nos **Chalkusha Block-** Major = 35 Minor = 23 Total 58 Nos. **Padma Block** Major= 44 Minor= 29 Total 73 nos<br>RM to DT-<br>1. (Major repair-60%=170):-@ Rs 931.00 Each<br>(Minor Repair-40% =112):-@ Rs 465.00 Each | 282 Nos | HZB/ RM to DT/ GR- No.-6 | 2.10350 | 4500.00 | 500.00 | 30.11.25 |

(क) निविदा का विस्तृत नियम एवं शर्ते पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।
(ख) परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट द्वारा कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हजारीबाग के पक्ष में भुगतेय होगा।
(ग) कार्य समाप्ति की अवधी 01.06.2025 to 30.11.2025 तक होगी।

कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल हजारीबाग

PR 353117 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D

## समर कैंप में डांस, योगा, जुंबा जैसी गतिविधियां होंगी



**देवघर (आजाद सिपाही)।** शहर के साहेब पोखर इलाके में डांस एंड फिटनेस सेंटर बी–इलाइट में बुधवार से आठ दिवसीय समर कैंप की शुरूआत हुई। इसका उदघाटन इंटक के नगर अध्यक्ष बृजभूषण राम, अधिवक्ता विश्वजीत कुमार सिन्हा, समाजसेवी मो समरुद्दीन, अधिवक्ता विनोद कुमार अंबष्ठ ने संयुक्त रूप से किया। संस्थान के डायरेक्टर कुमार प्रियांशु राज ने बताया कि 21 से 28 मई तक कैंप में बच्चों के साथ–साथ उनके अभिभावकों के लिए भी कई एक्टिविटीज होगी। डांस, योगा, जुम्बा, फन, चैलेंजेज एक्टिविटीज, आर्ट एंड क्रॉफ्ट, गेम, मेडिटेशन, डाइट प्लान, के साथ–साथ अन्य कई तरह की गतिविधियां अगले आठ दिनों तक होगी। उदघाटन के मौके पर इंटक के नगर अध्यक्ष बृजभूषण राम ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में बौद्धिक विकास होता है। अक्सर बच्चे गर्मी की छुट्टियों में नानी के घर चले जाते हैं। लेकिन संस्थान की ओर से आठ दिवसीय समर कैंप में बच्चे हर तरह की गतिविधियां सीखेंगे। कैंप में फिलहाल 35 बच्चे और उनके अभिभावक भाग ले रहे हैं।

## सिविल सेवा के परीथार्थियों के लिए विशेष सत्र का आयोजन

**देवघर (आजाद सिपाही)।** डॉ बाबा साहेब आंबेडकर पुस्तकालय में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए उड़ान आइएएस एकेडमी रांची की ओर से विशेष कक्षा का आयोजन किया गया। इस विशेष सत्र में संस्थान के शिक्षक अभिषेक झा द्वारा सिविल सेवा प्रारंभिक व मुख्य परीक्षा से जुड़े रणनीति, उत्तर लेखन कौशल और समसामयिक मुद्दों पर चर्चा की गई। छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ–साथ प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया। जिसमें अभ्यर्थियों ने सिविल सेवा के विभिन्न पहलुओं के बारे में प्रश्न किया। उड़ान आइएएस एकेडमी के शिक्षक ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य योग्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। ताकि वे देश की सर्वोच्च सेवाओं में स्थान प्राप्त कर सकें।

# डॉ एसएन सिंह सीनेट सदस्य मनोनीत देवघर कॉलेज में शिक्षकों ने किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर महाविद्यालय गणित के विभागाध्यक्ष, पूर्व कुलसचिव डॉ एसएन सिंह को विश्वविद्यालय का सिंडिकेट मेंबर मनोनित किया गया है। बुधवार को नये सीनेट मेंबर का देवघर महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के संयोजक सह अर्थशास्त्र विभाग के प्रो डॉ राजीव रंजन सिंह ने सीनेट सदस्य के अधिकार एवं कार्य की चर्चा करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के इन्हें कई अधिकार प्राप्त होते हैं और उनके कई कार्य होते हैं। सीनेट विश्वविद्यालय की सबसे बड़ी और प्रमुख संस्था होती है, जो विश्वविद्यालय के कामकाज को प्रभावित करती है। सीनेट सदस्य को विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण मामलों पर वोट करने का अधिकार होता है जैसे-नियम, विनियम, बजट आदि। सदस्य को अभिषद की बैठकों में भाग लेने और चर्चा में भाग लेने का अधिकार होता है। अभिषद सदस्य को विश्वविद्यालय के हित में प्रस्ताव पेश करने का अधिकार होता है। अभिषद सदस्य को विश्वविद्यालय के कार्यों और नीतियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का अधिकार होता है। अभिषद सदस्य को विश्वविद्यालय के नियम और विनियमों में बदलाव का सुझाव देने का अधिकार होता है। सदस्य को अपनी राय और सुझावों के माध्यम से विश्वविद्यालय की नीतियों को प्रभावित करने का अधिकार होता है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# श्रावणी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के इलाज और दवा का खर्च सरकार उठायेगी : डॉ इरफान अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** 15 जुलाई से शुरू होने वाले विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले को लेकर राज्य सरकार ने बड़ा निर्णय है। एक माह तक मेले में आने वाले देश-विदेश के लाखों श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का ख्याल राज्य सरकार रखेगी। सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निर्देश दिया है कि मेले में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य के लिए विशेष व्यवस्था हो रही है। मेले में श्रद्धालुओं का इलाज, दवा, हर तरह का जांच सब पूरी तरह से निःशुल्क होगा। पहली बार राज्य सरकार के स्तर से श्रावणी मेले में इस तरह की व्यवस्था की जा रही है। अगर मेले में किसी तरह की कैजुअल्टी हुई तो सभी श्रद्धालुओं के इलाज का खर्च राज्य सरकार उठायेगी। चाहे वे श्रद्धालु किसी प्रदेश या विदेश के हो। इसलिए देशवासियों से अपील है कि विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले में देवघर आकर बाबा बैद्यनाथ का आशीष लें। उल्लेखनीय है कि देवघर के श्रावणी मेले में एक माह में 40 लाख से अधिक श्रद्धालु सुल्तानगंज से जल लेकर बाबाधाम आते हैं। इसमें देश के सभी राज्य के अलावा नेपाल, भूटान समेत अन्य देशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इस बार मेले में श्रद्धालुओं के लिए अस्थाई स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण बिहार-झारखंड की सीमा दुम्मा से लेकर देवघर और बासुकीनाथ तक किया जा रहा है। इन स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर, पारा मेडिकल टीम तैनात रहेगी। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार से संबंधित सभी तरह की दवा, उपकरण समेत अन्य संसाधन उपलब्ध रहेगी। वहीं देवघर सदर अस्पताल नया और पुराना दोनों में श्रद्धालुओं के लिए अतिरिक्त वार्ड बनेगा। बैद्यनाथ मंदिर स्वास्थ्य केंद्र में भी सुविधाएं बढ़ाई जाएगी। कांवरिया पथ के अलावा रुट लाइनिंग में भी जगह-जगह डॉक्टर और पारा मेडिकल टीम एंबुलेंस के साथ तैनात रहेगी।

## देवघर में कांग्रेसियों ने निकाली संविधान बचाओ रैली

**देवघर (आजाद सिपाही)।** शहर के आरएन बोस लाइब्रेरी में कांग्रेस की जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। रैली को कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं झारखंड के सह प्रभारी बेला प्रसाद, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांगेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, बंधु तिर्की, अजय दुबे, मणिशंकर ने संबोधित किया। नेताओं ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा और मोदी सरकार पर संविधान बदलने का आरोप लगाया। फुरकान अंसारी ने कहा कि से संविधान बचेगा तो देश बचेगा। कांग्रेस ने संविधान बचाने का बोड़ा उठाया है। रैली में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रो. उदय प्रकाश, जिला बीस सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष डॉ. मुन्नम संजय, जिला महासचिव दिनेश मंडल, अवधेश प्रजापति, महिला नेत्री शबाना खातून, दिनेशानंद झा, फैयाज कैसर, राजेंद्र दास, इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार, केदार दास, सुधीर देव समेत कई नेता मौजूद थे।
























































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**